

प्रदेश में स्वास्थ्य, कानून विकास की स्थिति बेहाल...


# हरियाणा मेल

सही खबर- भेदी नजर

haryanamail.in @haryanamail

रविवार, 2 अगस्त, 2026

गुरुग्राम , वर्ष -14, अंक - 58, पृष्ठ-12, मूल्य : 3.00 रूपए

RNI NO. : HARHIN/2012/47672




एचटेट में मिस प्रिंट और प्रश्नों... 12 Page

### छात्र आंदोलन के बाद माफी पर छिड़ा नया सियासी संग्राम

# मैं छात्रों को माफ करना चाहता हूं : प्रधानमंत्री

## छात्रों को आपकी माफी नहीं चाहिए, आप उनसे माफी मांगिए: नेता प्रतिपक्ष

- **प्रधानमंत्री ने कहा—मुझे और मेरी दिवंगत मां को अपशब्द कहने वालों को क्षमा करना चाहता हूं**
- **लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बोले—एक भी पीड़ित छात्र या शोकाकुल अभिभावक से नहीं मिले प्रधानमंत्री**
- **महीनेभर चले छात्र आंदोलन के बाद अब माफी बनी सत्ता और विपक्ष के बीच नया राजनीतिक मुद्दा**

ऋषि नारायण आचार्य

**नई दिल्ली।** पेपर लीक, रद्द परीक्षाओं और छात्र आंदोलन को लेकर देश की राजनीति में शनिवार को माफी पर नया संग्राम छिड़ गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जंतर-मंतर प्रदर्शन के दौरान स्वयं और अपनी दिवंगत मां के विरुद्ध कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले युवाओं को भटके हुए बच्चे बताते हुए उन्हें क्षमा करने की बात कही। इसके कुछ घंटे बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तीखा पलटवार करते हुए कहा कि देश के विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री की क्षमा की आवश्यकता नहीं है, बल्कि पेपर लीक और ध्वस्त होती परीक्षा व्यवस्था के लिए प्रधानमंत्री को छात्रों से माफी मांगनी चाहिए।

शुक्रवार देर रात सोशल मीडिया पर जारी वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जंतर-मंतर पर जो कुछ हुआ, उसे पूरे देश ने देखा। उन्हें ही नहीं, बल्कि उनकी दिवंगत मां को भी अपशब्द कहे गए। इसके बावजूद वह उन युवाओं को दंडित किए जाने के पक्ष में नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवावस्था में गलतियां हो जाती हैं और उन्हें सुधारने का अवसर दिया जाना चाहिए। मोदी ने प्रदर्शनकारी युवाओं को भटके हुए बच्चे बताते हुए कहा कि उन्हें सही रास्ता दिखाना समाज और सरकार का कर्तव्य है। उन्हें दंडित करने, बार-बार अदालतों के चक्कर लगवाने अथवा सामाजिक रूप से प्रताड़ित करने से परिस्थितियां नहीं बदलेंगी। उन्होंने कहा कि वह ऐसे युवाओं को क्षमा करना चाहते हैं और उम्मीद करते हैं कि समाज भी उनके इस निर्णय को स्वीकार करेगा।

प्रधानमंत्री के इस बयान को प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों के विरुद्ध दर्ज पुलिस मामलों में राहत के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। छात्र संगठनों का दावा है कि देश के अलग-अलग हिस्सों में प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के विरुद्ध मामले दर्ज किए गए थे। सरकार ने आंदोलन समाप्त कराने के दौरान इन मामलों को वापस लेने और परीक्षा व्यवस्था में सुधार का भरोसा दिया था।

प्रधानमंत्री का वीडियो सामने आने के बाद राहुल गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर विस्तृत प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि किसी माता-पिता को अपनी संतान के लिए दुखी होते देखने से अधिक पीड़ादायक कुछ नहीं हो सकता। प्रत्येक युवा की मौत के पीछे एक ऐसा परिवार होता है, जिसका दुख जीवनभर समाप्त नहीं होता। इन घटनाओं के पीछे देश की टूटी हुई शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर प्रश्न भी खड़े हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक हुए, परीक्षाएं रद्द हुईं और विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत एक रात में नष्ट हो गई। छात्रों से ईमानदारी से मेहनत करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन उन्हें ऐसी व्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है, जो स्वयं उनके प्रति ईमानदार नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री के क्षमा वाले बयान को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री ने आज तक किसी ऐसे अभिभावक से मुलाकात नहीं की, जिसने परीक्षा व्यवस्था की विफलता के कारण अपने बच्चे को खोया हो। वह किसी ऐसे छात्र के साथ भी नहीं बैठे, जिसका भविष्य पेपर लीक के कारण बर्बाद हुआ। राहुल ने कहा, भारत के विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री की क्षमा नहीं चाहिए। प्रधानमंत्री को विद्यार्थियों से क्षमा मांगनी चाहिए।

कांग्रेस ने भी प्रधानमंत्री के बयान को युवाओं के संघर्ष का अपमान बताया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाकर स्वयं को पीड़ित के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के युवा पेपर लीक, रद्द परीक्षाओं और प्रदर्शनकारियों पर हुई पुलिस कार्रवाई के लिए सरकार से जवाब तथा माफी मांग रहे हैं।

पेपर लीक और परीक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं को लेकर जून के तीसरे सप्ताह में जंतर-मंतर से शुरू हुआ आंदोलन बाद में देश के कई हिस्सों तक फैल गया था। आंदोलन के दौरान दिल्ली में संसद की ओर मार्च करने का प्रयास कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव भी हुआ। पुलिस ने कई स्थानों पर आंसू गैस और लाठीचार्ज का सहारा लिया तथा सैकड़ों प्रदर्शनकारियों पर मामले दर्ज किए गए।


लगभग एक महीने तक चले आंदोलन के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और सरकार की ओर से प्रमुख मांगें स्वीकार किए जाने के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया था। आंदोलन समाप्त होने के एक सप्ताह बाद आए प्रधानमंत्री के बयान ने अब पूरे विवाद को नया राजनीतिक मोड़ दे दिया है। सरकार इसे युवाओं के प्रति उदारता और संवाद का संदेश बता रही है, जबकि विपक्ष का कहना है कि जिन विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ, उनसे माफी मांगने के बजाय उन्हें क्षमा करने की बात करना जवाबदेही से बचने का प्रयास है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्या कहा



1. प्रदर्शनकारी युवा भटके हुए बच्चे हैं
2. उन्हें दंडित करने या अदालतों के चक्कर लगवाने से स्थिति नहीं बदलेगी
3. युवाओं को सही मार्ग दिखाना समाज का कर्तव्य
4. मुझे और मेरी दिवंगत मां को अपशब्द कहने वालों को क्षमा करना चाहता हूं

### राहुल गांधी ने क्या कहा



1. पेपर लीक ने विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत नष्ट कर दी
2. प्रधानमंत्री किसी पीड़ित छात्र या शोकाकुल अभिभावक से नहीं मिले
3. ईमानदार छात्रों को बेईमान व्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है
4. विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री की क्षमा नहीं, उनसे माफी चाहिए

### समाचार सार

#### बरसाती नाले में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के ग्राम शूलपुरी में शनिवार को बरसाती नाले में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे स्कूल की छुट्टी के बाद खेलते-खेलते नाले के पास पहुंच गए थे। घटना से गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार ग्राम शूलपुरी निवासी साहिल और रोमित (दोनों उम्र लगभग पांच वर्ष) स्थानीय आंगनवाड़ी में अध्ययनरत थे। शनिवार को स्कूल की छुट्टी के बाद दोनों घर लौट रहे थे। इसी दौरान खेलते-खेलते वे गांव के समीप स्थित बरसाती नाले तक पहुंच गए। बताया जा रहा है कि नाले के किनारे खेलते समय दोनों का पैर फिसल गया, जिससे वे गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय निवासी कृष्ण कुमार वरकडे ने बताया कि बच्चों के नाले में डूबने की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

#### अमृतसर पुलिस ने 20 किलो हेरोइन के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**अमृतसर।** काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने सीमा पार से संचालित नशा तस्करी और संगठित अपराध नेटवर्क से जुड़े एक आरोपित को 20 किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। डीजीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान तरनतारन जिले के झबाल स्थित अमृतसर रोड निवासी ओम शर्मा के रूप में हुई है।

### केरल में नौ जिलों में रेड अलर्ट, छह लोग लापता

## आसमान से बरसी आफत, आठ लोगों की मौत

- **पहाड़ दरके, नदियां उफनीं और बस्तियों में घुसा पानी**
- **रन्नी शहर जलमग्न 65 राहत शिविरों में 1,465 लोगों ने ली शरण**
- **इडुक्की में पर्यटन पर रोक मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की चेतावनी**

हरियाणा मेल, एजेंसी



**तिरुवनंतपुरम।** केरल में शनिवार को आसमान से आफत बरसी। लगातार मूसलाधार बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन, बाढ़ और दीवारें गिरने की घटनाओं में मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हो गई, जबकि छह लोग लापता बताए गए हैं। मध्य और उत्तरी केरल के कई इलाकों में नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं और निचली बस्तियों में पानी भरने से हजारों लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है।

भारतीय मौसम विभाग ने पथनमथिट्टा, कोट्टायम, इडुक्की, त्रिशूर, मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड सहित नौ जिलों में रेड अलर्ट जारी किया। इनमें कई स्थानों पर 24 घंटे के भीतर 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश होने की आशंका जताई गई थी। मौसम विभाग ने बाढ़, भूस्खलन और कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचने की चेतावनी भी दी।

पथनमथिट्टा जिले का रन्नी शहर बाढ़ के पानी में डूब गया। पंबा नदी और आसपास के जलस्रोतों का जलस्तर तेजी से बढ़ने के बाद कई घरों तथा दुकानों में पानी घुस गया। दमकल विभाग, पुलिस और स्थानीय लोगों ने फंसे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। दुकानदारों को पानी में डूबती दुकानों से सामान निकालते देखा गया।

इडुक्की और कोट्टायम में अनेक स्थानों पर भूस्खलन हुआ। मीनाचिल नदी के उफान के कारण उसके किनारे बसे घरों में पानी भर गया। एराट्टुपेट्टा, पाला और पूंजार सहित कई कस्बे जलमग्न हो गए। इडुक्की में अनेक सड़कें मलबा आने के कारण बंद करनी पड़ीं और हालात को देखते हुए जिले में पर्यटन गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगा दी गई।

कासरगोड में भूस्खलन के खतरे के कारण कम से कम 12 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। कोझिकोड और वायनाड में भी भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों से परिवारों को निकाला गया। एनार्कुलम के चेल्लानम तटीय क्षेत्र में समुद्र का पानी घरों और सड़कों तक पहुंच गया।

राज्यभर में 65 राहत शिविर खोले गए हैं, जिनमें 1,465 लोगों को रखा गया है। बारिश से 17 मकान पूरी तरह और 127 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रशासन ने पहाड़ी और नदी किनारे रहने वाले लोगों से खतरे वाले स्थानों को छोड़कर राहत शिविरों में पहुंचने की अपील की है।

मौसम विभाग ने रविवार को भी केरल के कई जिलों में भारी बारिश तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। केरल तट पर हवाओं की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी गई है।

## कॉमनवेल्थ: भारत का बॉक्सिंग में ऐतिहासिक पंच, 5 गोल्ड पर कब्जा

### प्रीति, जैस्मिन, साक्षी, प्रिया और अरुंधति बनीं चैंपियन

- **सोमन राणा के गोल्ड से भारत की कुल पदक संख्या पहुंची 34**
- **भारत ने कॉमनवेल्थ इतिहास में पहली बार बॉक्सिंग में जीते 5 गोल्ड**

दीपक यादव, हरियाणा मेल



**ग्लासगो।** कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय मुक्केबाजों ने इतिहास रच दिया है। भारत ने पहली बार एक ही संस्करण में बॉक्सिंग के पांच स्वर्ण पदक जीतने का रिकॉर्ड बनाया है। शनिवार को भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया।

प्रीति पवार, जैस्मिन लांबोरिया, साक्षी चौधरी, प्रिया घंघास और अरुंधति चौधरी ने अपने-अपने वर्गों में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक हासिल किए। अरुंधति चौधरी ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड अपने नाम किया। बॉक्सिंग के अलावा पैरा एथलेटिक्स में सोमन राणा ने भी स्वर्ण पदक जीतकर भारत की पदक संख्या बढ़ाई। इस शानदार प्रदर्शन के साथ भारत के अब तक 11 स्वर्ण, 15 रजत और 8 कांस्य समेत कुल 34 पदक हो गए हैं। भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। शेष पेज 11....

## हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ने किया प्रदेश कार्यकारिणी का गठन

- **यमुनानगर की रिचा पाहवा होंगे प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष**
- **सोनीपत के अक्षित दहिया को प्रदेश युवा मोर्चा की कमान**
- **पार्टी ने पहली सूची में बनाए आठ प्रदेश उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री और नौ मंत्री**

हरियाणा मेल, एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने शनिवार को नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। नई टीम में कई पुराने चेहरों पर भरोसा जताया गया है, जबकि कुछ नए नेताओं को भी संगठन में अहम जिम्मेदारियां दी गई हैं। रिचा पाहवा को महिला मोर्चा अध्यक्ष और सोनीपत के अक्षित दहिया को युवा मोर्चा अध्यक्ष बनाया गया है। महेश चौहान को किसान मोर्चा, सुनील सैन इंजीनियर को ओबीसी मोर्चा, अजय खुंडिया को एससी मोर्चा और डॉ. अवनीत वड़ैच को अल्पसंख्यक मोर्चा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर लक्ष्मण यादव, सुनीता दुग्गल, भव्य बिश्नोई, दीपक मंगला, लतिका शर्मा, जवाहर सैनी, अशोक गुर्जर और रविंद्र बलियाला को नियुक्त किया गया है। गोपाल शर्मा, सत्यप्रकाश जरावता और वेद फुल्ला प्रदेश महामंत्री बनाए गए हैं। अजय बंसल कोषाध्यक्ष, नरेंद्र गुप्ता सह कोषाध्यक्ष, हरीप्रकाश यादव कार्यालय मंत्री और रामेश्वर चौहान सह कार्यालय मंत्री होंगे। डॉ. संजय शर्मा मुख्य प्रवक्ता, डॉ. भूपेश्वर दयाल मीडिया संयोजक, आदित्य चावला आईटी संयोजक और सोमबीर कटारिया सोशल मीडिया संयोजक नियुक्त किए गए हैं। मुकेश गौड़ को प्रकोष्ठ प्रभारी और मनीष यादव को सह प्रभारी बनाया गया है।

### 21 महीने बाद घाटी में फिर प्रवासी श्रमिकों को बनाया निशाना

## कुलगाम: दो प्रवासी मजदूरों की गोली मारकर हत्या

- **एक मजदूर ने मौके पर तोड़ा दम, दूसरे की अस्पताल में मौत**
- **छत्तीसगढ़ सरकार देगी परिजनों को 20-20 लाख रुपये**

हरियाणा मेल, एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकियों ने ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे छत्तीसगढ़ के दो प्रवासी मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी। शुक्रवार रात हुए इस हमले में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल मजदूर ने शनिवार को अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। करीब 21 महीने बाद प्रवासी मजदूरों को निशाना बनाकर किया गया यह पहला घातक आतंकी हमला बताया जा रहा है।

घटना दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के केल्लम क्षेत्र में हुई। हथियारबंद आतंकियों ने ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे मजदूरों पर नजदीक से गोलियां चलाईं और फरार हो गए। मृतकों की पहचान छत्तीसगढ़ निवासी दीपक रात्रे और भूपेंद्र भैना के रूप में हुई है। दोनों रोजगार के लिए जम्मू-कश्मीर गए थे। हमले के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर आतंकियों की तलाश शुरू कर दी है। सुरक्षाबल सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ स्थानीय लोगों और मजदूरों से पूछताछ कर रहे हैं। अभी तक किसी आतंकी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने घटना की निंदा करते हुए मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये सहायता देने की घोषणा की है। वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दोनों परिवारों को 20-20 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। उन्होंने शवों को पैतृक गांव पहुंचाने और परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कही है।

महिला-शक्ति

### 'मावां-धियां सत्कार योजना' के तहत 35 .5 लाख महिलाओं को मिली आर्थिक सहायता

## पंजाब में पहली बार महिलाओं को दोहरी पेंशन का लाभ

- **अब तक कुल लाभार्थियों की संख्या 68.5 लाख हुई**
- **मैंने राज्य की माताओं और बहनों से किया वादा निभा दिया: भगवंत सिंह**

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने शनिवार को 'मावां-धियां सत्कार योजना' के तहत 35.5 लाख महिलाओं के बैंक खातों में वित्तीय सहायता राशि हस्तांतरित की। इसके साथ ही योजना से लाभान्वित महिलाओं की कुल संख्या बढ़कर 68.5 लाख हो गई है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पठानकोट में आयोजित वित्तीय सहायता वितरण समारोह में कहा कि राज्य सरकार महिलाओं से किए गए अपने वादे को पूरा कर रही है और यह योजना उनके सम्मान तथा आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के तहत पंजाब की पात्र महिलाओं को जुलाई, अगस्त और सितंबर की तीन महीने की संयुक्त किस्त के रूप में 3,000 रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को इसी अवधि के लिए 4,500 रुपये की सहायता राशि दी जा रही है। वहीं विधवा, दिव्यांग और वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को पहली बार उनकी पेंशन से अलग 1,000 अथवा 1,500 रुपये की सम्मान राशि भी उपलब्ध कराई जा रही है।

उन्होंने कहा कि एक जुलाई को सरकार ने 33 लाख महिलाओं के खातों में सहायता राशि भेजी थी, जबकि शनिवार को 35.5 लाख अन्य महिलाओं के खातों में यह राशि स्थानांतरित कर दी गई। जिन महिलाओं ने बाद में आवेदन किया है, उन्हें भी तीन महीने की पूरी किस्त एक साथ मिलेगी, ताकि कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले सात दिनों में ही पांच लाख महिलाओं ने इस योजना के लिए पंजीकरण कराया है। इसके साथ ही कुल पंजीकरण 73.5 लाख तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि राज्यभर में पात्र महिलाओं का पंजीकरण अभी भी जारी है और सरकार सभी पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार ने जनता से किए गए सभी प्रमुख वादों और गारंटियों को पूरा किया है। उन्होंने कहा, "अब मैंने राज्य की माताओं और बहनों से किया अपना वादा भी निभा दिया है। यह आपका अपना पैसा है और इसे खर्च करने से पहले आपको किसी से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है।"

समारोह से पहले की एक घटना का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पहले एक महिला ने उन्हें राखी बांधी और कहा कि आज उसका भाई उसे शगुन देने आया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के सभी नेता सामान्य परिवारों से आए हैं और जनता ने उन पर भरोसा जताकर उन्हें मुख्यमंत्री बनाया है। यह विश्वास ही सरकार को जनकल्याण के कार्यों के लिए प्रेरित करता है।

मुख्यमंत्री ने महिलाओं से कहा कि वे इस सहायता राशि का उपयोग अपनी आवश्यकता के अनुसार स्वतंत्र रूप से कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस धनराशि का इस्तेमाल बच्चों या पोते-पोतियों के लिए सामान खरीदने, शिक्षा शुल्क जमा करने, सामाजिक अवसरों पर शगुन देने अथवा किसी अन्य आवश्यक कार्य में किया जा सकता है।

भगवंत मान ने कहा कि अब 73 लाख से अधिक माताओं और बहनों को इस योजना का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उनके अनुसार यह योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं के सम्मान, आत्मविश्वास और सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है। राज्य सरकार का विश्वास है कि यह योजना महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाने और उन्हें आर्थिक रूप से अधिक सक्षम बनाने में प्रभावी भूमिका निभाएगी।

## देश के पूर्वोत्तर व उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में इस हफ्ते भारी वर्षा के आसार

हरियाणा मेल, एजेंसी

**चंडीगढ़।** देश के पूर्वोत्तर और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों के अलग-अलग स्थानों पर इस सप्ताह भारी बारिश होने के आसार हैं। वहीं, दिल्ली-एनसीआर में रविवार को हल्की बारिश होने का अनुमान है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में रविवार सुबह से दोपहर के बीच कुछ जगहों पर मध्यम हवाओं के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं। रात में भी यही सिलसिला जारी रह सकता है। राजधानी में इस दिन का अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 32-34 डिग्री सेल्सियस और 25-27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। तीन एवं चार अगस्त को भी यही स्थिति बनी रहेगी। इस दिन का तापमान भी सामान्य रहने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक उत्तर-पश्चिम भारत के हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी राजस्थान और पंजाब में 2-5 अगस्त के बीच कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं। मध्य भारत के पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में कहीं-कहीं 4-7 अगस्त के दौरान भारी बारिश होने की संभावना है। पूर्वी भारत के अंडमान- निकोबार द्वीप समूह, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, गंगा के मैदानी इलाकों वाले पश्चिम बंगाल , झारखंड, बिहार और ओडिशा में 2-7 अगस्त के दौरान कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश हो सकती है। पूर्वोत्तर भारत के अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 5-7 अगस्त के दौरान कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

# प्रधानमंत्री आज नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान की करेंगे शुरुआत

▶ **नशे के खिलाफ 100 सप्ताह तक चलने वाले देशव्यापी जन भागीदारी अभियान की शुरूआत होगी**



**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव के दूत के रूप में तैयार करना है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस अभियान के साथ नशे के खिलाफ 100 सप्ताह तक चलने वाले देशव्यापी जन भागीदारी अभियान की शुरूआत होगी। इसके तहत देशभर में प्रत्येक रविवार को जागरूकता और जनसहभागिता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अभियान के दौरान खेल प्रतियोगिताएं, वॉकाथॉन, ध्यान सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक, विचार-विमर्श, कला प्रतियोगिताएं और सामुदायिक सहभागिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और नशामुक्त समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

इस पहल के तहत शैक्षणिक संस्थानों, युवा संगठनों, नागरिक समाज के समूहों, उद्योग संगठनों और आध्यात्मिक संस्थाओं को एक साझा मंच पर लाकर नशे के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम में देशभर के 10 हजार से अधिक स्थानों से युवाओं की भागीदारी होगी। इसमें माई भारत के स्वयंसेवक, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक, युवा क्लब, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), उद्योग संगठनों के युवा प्रकोष्ठ तथा 125 से अधिक सहयोगी आध्यात्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे।

## अतिक्रमण ने रोकी पानी की राह, सैकड़ों बीघा खेत जलमग्न, किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**बक्सर।** ब्रह्मपुर प्रखंड की रघुनाथपुर पंचायत में सरकारी नाले पर वर्षों से हुए अतिक्रमण और सफाई के अभाव ने जलनिकासी व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। नतीजतन गांव के साथ-साथ सैकड़ों बीघा कृषि भूमि जलमग्न हो गई है। हालात से परेशान ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी, ब्रह्मपुर को सामूहिक आवेदन सौंपकर अतिक्रमण हटाने और नाले की तत्काल उड़ाही कराने की मांग की है।


ग्रामीणों ने बताया कि केनरा बैंक, रघुनाथपुर बाजार से होकर छेरा नदी तक जाने वाला यह सरकारी नाला पूरे क्षेत्र के वर्षा जल निकासी का मुख्य माध्यम है। लेकिन अवैध अतिक्रमण, मिट्टी भराई और वर्षों से सफाई नहीं होने के कारण इसकी क्षमता समाप्त हो गई है। हल्की बारिश में ही सड़कें, गलियां और खेत पानी से भर जाते हैं।

इस वर्ष पश्चिम बधार सहित आसपास के सैकड़ों बीघा खेतों में जलभराव से धान की रोपनी प्रभावित हुई है, जबकि कई स्थानों पर रोपे गए पौधे सड़ने लगे हैं। इससे किसानों के सामने फसल चौपट होने और भारी आर्थिक नुकसान का संकट खड़ा हो गया है। वहीं लंबे समय तक जलभराव रहने से आवागमन बाधित होने के साथ डेंगू, मलेरिया और अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

सामाजिक कार्यकर्ता शैलेश ओझा, बबलू यादव, दिनेश सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने नाले से अतिक्रमण हटाने, संपूर्ण उड़ाही, चौड़ीकरण तथा प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर स्थायी समाधान की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि जिलाधिकारी, बीडीओ, जिला कृषि पदाधिकारी और जल संसाधन विभाग को भी भेजी गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे शांतिपूर्ण जनआंदोलन शुरू करेंगे।

# नेपाल-भारत सीमा पर लखनऊ में होगी सर्वे अधिकारियों की अहम बैठक

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच सीमा संबंधी तकनीकी विषयों पर विचार-विमर्श के लिए सर्वे अधिकारी समिति (एसओसी) की 13वीं बैठक 12-14 अगस्त तक भारत के लखनऊ में आयोजित होगी। इस बैठक में सीमा कार्य समूह (बीडब्ल्यूजी) की 7वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्ययोजना और बजट को मंजूरी दिए जाने की उम्मीद है।

बीडब्ल्यूजी, सुस्ता और कालापानी को छोड़कर नेपाल-भारत सीमा से जुड़े तकनीकी मामलों पर काम करने वाला दोनों देशों के बीच का सर्वोच्च द्विपक्षीय तंत्र है। इसके अधिकार क्षेत्र में सुस्ता और कालापानी विवाद शामिल नहीं हैं। नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नापी विभाग के उपमहानिदेशक सुशील डंगोल करेंगे।

पिछले वर्ष 30 जुलाई को हुई बीडब्ल्यूजी की सातवीं बैठक में दोनों देशों ने अगले तीन वर्षों के भीतर नए सीमा स्तंभों का निर्माण, क्षतिग्रस्त स्तंभों की संयुक्त मरम्मत तथा अन्य तकनीकी कार्य पूरे करने पर सहमति बनाई थी। बैठक में यह भी तय हुआ था कि दशगजा क्षेत्र में हुए अतिक्रमण का अभिलेख तैयार किया जाएगा तथा दोनों देशों के नागरिकों की सीमा पार स्थित संपत्तियों का विवरण भी संकलित किया जाएगा।

निर्धारित समयसीमा के दो वर्ष पूरे हो चुके हैं और अब शेष एक वर्ष के लिए नई कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

नेपाल द्वारा वर्ष 2020 में नया राजनीतिक मानचित्र जारी किए जाने के बाद नेपाल-भारत सीमा का मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों का प्रमुख एजेंडा बन गया था। हालांकि, तकनीकी स्तर पर सीमा संबंधी कार्य इससे पहले से ही जारी रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्ष 2014 में नेपाल यात्रा के दौरान बीडब्ल्यूजी के गठन पर सहमति बनी थी। इसके कार्यक्षेत्र में दशगजा क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त कराना, सीमा स्तंभों का निर्माण, पुनर्स्थापना और मरम्मत, सीमा पार संपत्तियों के अभिलेख को अद्यतन करना तथा अन्य तकनीकी कार्य शामिल हैं।

दोनों देशों ने 2015 में तीन वर्षों के भीतर इन कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखा था। लक्ष्य पूरा नहीं होने पर 2017 में समयसीमा बढ़ाकर 2022 तक कार्य समाप्त करने का निर्णय लिया गया था। लेकिन बजट की कमी, कोविड-19 महामारी, समय-समय पर उत्पन्न सीमा विवादों तथा प्रतिकूल मौसम के कारण यह लक्ष्य भी पूरा नहीं हो सका। कोविड महामारी और वर्ष 2020 के सीमा विवाद के बाद दोनों देशों के संबंधों में आई ठंडक के कारण 2019 के बाद बीडब्ल्यूजी की बैठक नहीं हो सकी थी। नापी विभाग के अनुसार, इस बार की बैठक में ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) बेस स्टेशन के उन्नयन की प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी। विभाग के आंकड़ों के अनुसार नेपाल-भारत सीमा पर वर्तमान में 8,554 सीमा स्तंभ हैं।

## खबरें फटाफट

### छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने की नितिन नबीन से मुलाकात

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेंट की। नितिन नवीन के आवास पर हुई शिष्टाचार मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच छत्तीसगढ़ के विकास, सुशासन, संगठनात्मक समन्वय तथा जनहित से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष के साथ प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों और केंद्र-राज्य समन्वय से आगे बढ़ रही विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी भी साझा की। उल्लेखनीय है कि, वे दिल्ली में अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान शुक्रवार को उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। उसके बाद कृषि मंत्री, जनजातीय कार्य मंत्री से भी मुलाकात की।

### वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने संभाला नौसेना उप प्रमुख का पद

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने शनिवार को नौसेना के उप प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने वाइस एडमिरल तरुण सोबती का स्थान लिया, जो 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए। वर्ष 1990 में नौसेना में शामिल हुए वाइस एडमिरल प्रमोद ने 36 वर्षों से अधिक की सेवा में कई प्रमुख कमांड और ऑपरेशनल जिम्मेदारियां निभाईं। ऑपरेशन विजय, पराक्रम, स्नो लेपर्ड और ऑपरेशन सिंदूर सहित महत्वपूर्ण अभियानों में उनकी अहम भूमिका रही। उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल और युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित किया जा चुका है।

### युवाओं से माफी मांगने की बजाय खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश कर रहे हैं प्रधानमंत्री : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस मामले में देश से माफी मांगने की बजाय खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री अपने विरोधियों और पूर्व प्रधानमंत्रियों पर अमर्यादित टिप्पणी करते हैं और झूठे आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करने का प्रयास करते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को एनटीए में हुए पेपर लीक, छात्रों के विरोध प्रदर्शनों पर हुई कार्रवाई, राममंदिर ट्रस्ट से जुड़े विवाद और नोटबंदी जैसे फैसलों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

### लगातार बारिश से नेपाल के कई प्रमुख राजमार्ग बाधित, भूस्खलन और कटान से यातायात प्रभावित

**काठमांडू।** लगातार हो रही बारिश, भूस्खलन, बाढ़ और सड़क कटान के कारण नेपाल के कई प्रमुख राजमार्गों और सड़क खंडों पर यातायात प्रभावित हो गया है। नेपाल पुलिस द्वारा शनिवार सुबह जारी यातायात अपडेट के अनुसार, कई सड़कें पूरी तरह अवरुद्ध हो गई हैं, जबकि संवेदनशील मार्गों पर रात के समय वाहनों के संचालन पर भी रोक लगा दी गई है।

संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए का भ्रेपलाञ्चोक और सिंधुली को जोड़ने वाले बीपी राजमार्ग के खुरकोट-नेपालथोक-कटुन्जेबेसी खंड पर शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी तरह, कांति लोकपथ पर भी शाम 5 बजे से सुबह 5 बजे तक वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। वहीं, लगातार बारिश के कारण सड़क कीचड़युक्त हो जाने से इलाम नगरपालिका स्थित मेची राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया है। सिंधुपालचोक जिले की भोटेकोशी नगरपालिका के जिरोकिलो और कोदारी क्षेत्र में भूस्खलन के कारण अरनिको राजमार्ग भी पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। दोलखा जिले में सुनकोशी नदी द्वारा सड़क का हिस्सा कट जाने से तामाकोशी ग्रामीण नगर पालिका के किरनेतार स्थित लामोसाङ्गु-रामेछाप सड़क खंड पर भी यातायात बाधित हो गया है। रसुवा जिले की उत्तरगया ग्रामीण नगर पालिका के खाल्टे क्षेत्र में त्रिशूली नदी के कटान के कारण पासाङ ल्हामु राजमार्ग भी पूरी तरह बंद हो गया है।

## ब्रॉड पीक पर हिमस्खलन : आठ पर्वतारोहियों की मौत, दो अब भी लापता

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**गिलगित।** पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान स्थित 8,051 मीटर ऊंची ब्रॉड पीक पर आए भीषण हिमस्खलन में अंतरराष्ट्रीय अभियान दल के आठ पर्वतारोहियों की मौत हो गई है। बचाव दल ने उनके शव बरामद कर लिए हैं, जबकि दो पर्वतारोही अब भी लापता हैं। खराब मौसम के बावजूद पाकिस्तान सेना, हाई-एल्टीट्यूड रेस्क्यू टीमों और स्थानीय बचावकर्मियों द्वारा राहत एवं खोज अभियान जारी है।

अधिकारियों के अनुसार, गुरुवार दोपहर 10 सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय अभियान दल शिखर की ओर बढ़ रहा था, तभी हिमस्खलन की चपेट में आ गया। अल्पाइन क्लब ऑफ पाकिस्तान (एसीपी) ने बताया कि अब तक चार शवों की पहचान हो चुकी है। मृतकों में ओमान की पर्वतारोही नाधिरा अहमद अब्दुल्ला अल हारथी और नेपाल के पुर बहादुर गुरुंग शामिल हैं। तीन शवों को सेना के हेलीकॉप्टरों से स्कार्दू पहुंचाया गया है।

अभियान दल में नेपाल के छह तथा पाकिस्तान, ओमान, चीन और अमेरिका के एक-एक पर्वतारोही शामिल थे। शुरूआती जीपीएस आंकड़ों के अनुसार, हिमस्खलन ने पर्वतारोहियों को लगभग 1,000 मीटर नीचे धकेल दिया, जिससे वे दुर्गम क्षेत्र में फंस गए। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि अभियान दलों के साथ मौजूद कुछ स्थानीय हाई-एल्टीट्यूड पोर्टर भी हादसे की चपेट में आए हो सकते हैं।

लापता पर्वतारोहियों में विश्वप्रसिद्ध नेपाली पर्वतारोही निर्मल पुर्जा भी शामिल हैं, जिन्होंने 2019 में छह महीने छह दिनों में 8,000 मीटर से ऊंची सभी 14 चोटियों पर चढ़ाई कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। वहीं, पाकिस्तानी पर्वतारोही सोहेल सखी का भी अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

## देशभर के अस्पतालों में प्रोजेक्ट सारथी के विस्तार की तैयारी, नड्डा ने की समीक्षा

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को देशभर के अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में प्रोजेक्ट सारथी के विस्तार की संभावनाओं की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया भी मौजूद रहे।

बैठक में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में संचालित प्रोजेक्ट सारथी के क्रियान्वयन और उसके सकारात्मक प्रभाव की समीक्षा की गई। साथ ही इस पहल को केंद्रीय सरकारी अस्पतालों तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में चरणबद्ध तरीके से लागू करने की रणनीति पर चर्चा हुई। मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं केवल इलाज तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल में समय पर मार्गदर्शन, सहायता और संवेदनशील सहयोग उपलब्ध कराना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट सारथी ने साबित किया है कि स्वयंसेवकों की संगठित भागीदारी से मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलती हैं और चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को अपने नैदानिक कार्यों पर अधिक प्रभावी ढंग से ध्यान देने का अवसर मिलता है। पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में सारथी स्वयंसेवक मरीजों को अस्पताल में मार्गदर्शन देने, व्हीलचेयर एवं स्ट्रेचर उपलब्ध कराने, जांच सेवाओं तक पहुंचाने और अन्य गैर-चिकित्सीय सहायता प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। अब तक इस पहल से 2,500 से अधिक स्वयंसेवक जुड़ चुके हैं, जिन्होंने 1.5 लाख से अधिक सेवा घंटे दिए हैं। एक अध्ययन के अनुसार, इस पहल से लाभान्वित मरीजों के अस्पताल में मार्गदर्शन संबंधी समय में लगभग 26 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

बैठक में माई भारत पहल के साथ परियोजना के एकीकरण, स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण, डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग और आभा आईडी निर्माण की समीक्षा भी की गई। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि स्वयंसेवक केवल सहायक भूमिका निभाएं और किसी भी प्रकार की चिकित्सीय या प्रशासनिक जिम्मेदारी न संभालें।

## रेलवे बोर्ड ने पांच ग्रुप-ए अधिकारियों की समयपूर्व सेवानिवृत्ति की सिफारिश की




**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड की समीक्षा समितियों ने जनहित में भारतीय रेलवे के पांच ग्रुप-ए अधिकारियों की समयपूर्व सेवानिवृत्ति की सिफारिश की है। यह कार्रवाई भारतीय रेलवे स्थापना संहिता के नियम 1802(ए) के तहत की गई है, जो मूलभूत नियम 56(जे) के समकक्ष है। रेल मंत्रालय के अनुसार, जिन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की सिफारिश की गई है, उनमें भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा (आईआरएचएस) के दो वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड अधिकारी, उत्तर रेलवे के भारतीय रेलवे सिविल इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसई) और भारतीय रेलवे विद्युत इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसईई) के एक-एक अधिकारी तथा पश्चिम रेलवे के भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) के एक जेएजी स्तर के अधिकारी शामिल हैं।

मंत्रालय ने बताया कि समीक्षा के दौरान अधिकारियों के एपीएआर, सत्यनिष्ठा रिकॉर्ड, सतर्कता संबंधी सूचनाएं, अनुशासनात्मक मामलों और अन्य सेवा अभिलेखों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। इसके बाद समितियों ने सर्वसम्मति से समयपूर्व सेवानिवृत्ति की सिफारिश की। रेल मंत्रालय ने कहा कि भ्रष्टाचार, सत्यनिष्ठा की कमी और अकुशलता के प्रति भारतीय रेलवे की 'जीरो टॉलरेंस' नीति आगे भी जारी रहेगी।

# 48,000 से अधिक लोग मोरक्को लौटे, ट्रंप ने सरकार को घेरा

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**मैड्रिड।** उत्तरी अफ्रीका में स्थित स्पेन के स्वायत्त क्षेत्र स्यूटा में प्रवासियों की भारी आमद के बाद हालात धीरे-धीरे नियंत्रण में आने लगे हैं। स्पेन सरकार के अनुसार, सीमा पार करने वाले 60,000 प्रवासियों में से 48,300 से अधिक लोग अपनी मर्जी से मोरक्को लौट चुके हैं।

फ्रांस की सरकारी अंतरराष्ट्रीय समाचार टेलीविजन नेटवर्क फ्रांस 24 के मुताबिक स्पेन के गृह मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार सुबह से बड़ी संख्या में लोग जमीन और समुद्र के रास्ते स्यूटा पहुंचे थे, जिससे वहां अफरा-तफरी और मानवीय संकट जैसी स्थिति पैदा हो गई थी। हालात पर काबू पाने के लिए मोरक्को की सुरक्षा बलों ने सीमा पर लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया तथा नए प्रवासियों को सीमा पार करने से रोकने की कोशिश की। यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने इस स्थिति को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि यूरोपीय संघ में बिना नियमों का पालन किए किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती। इस बीच इटली ने स्पेन को शेंगेन फ्री-मूवमेंट जोन से निलंबित करने की मांग की। बाद में फिनलैंड और डेनमार्क ने भी इस मांग का समर्थन किया। वहीं, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज. ने मोरक्को से अवैध प्रवासियों को तुरंत वापस लेने की अपील की। फ्रांस और ब्रिटेन ने संकट से निपटने में स्पेन की मदद की पेशकश की है, जबकि फ्रांस ने स्पेन से लगी अपनी सीमा पर सुरक्षा जांच भी कड़ी कर दी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस प्रवासी संकट को लेकर स्पेन सरकार पर निशाना साधा। मैरीलैंड स्थित कैंप डेविड में कैबिनेट बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि स्यूटा में जो हालात बने हैं, वे अनियंत्रित प्रवासन के खतरे का उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि मैंने स्पेन में हुई तबाही देखी। ऐसा लग रहा था जैसे लाखों लोगों ने किसी देश पर हमला कर दिया हो। अगर सही नीतियां नहीं अपनाई गईं तो अमेरिका में भी इससे बड़े हालात बन सकते हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने भी एक बयान जारी कर स्पेन सरकार पर यूरोप में बड़े पैमाने पर अवैध प्रवासन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि अमेरिका इस मुद्दे पर अपने सहयोगियों के साथ संभावित कदमों पर विचार कर रहा है। यूरोप के कई दक्षिणपंथी नेताओं ने भी इस संकट को लेकर सख्त प्रतिक्रिया दी। जर्मनी की अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) पार्टी की सह-नेता ऐलिस वाइडेल ने कहा कि बड़ी संख्या में प्रवासियों का आगमन पूरे यूरोप के लिए चुनौती है।

# यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल टेक्नोलॉजी देने पर ट्रंप का इनकार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका ने यूक्रेन को अत्याधुनिक पैट्रियट मिसाइल टेक्नोलॉजी देने या उसके निर्माण का लाइसेंस देने पर कोई अंतिम सहमति नहीं दी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की संवेदनशील सैन्य तकनीक का हस्तांतरण शायद कभी नहीं होगा।

तुर्किए की सरकारी समाचार एजेंसी अनाडोलू के मुताबिक मैरीलैंड स्थित कैंप डेविड में कैबिनेट बैठक के दौरान पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप से पूछा गया कि क्या यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को पैट्रियट मिसाइल निर्माण का लाइसेंस मिलने से पहले कोई अतिरिक्त शर्तें पूरी करनी होंगी।

इस पर ट्रंप ने कहा, ये हथियार बेहद उन्नत हैं। हमें इस बात को लेकर बहुत सावधान रहना होगा कि इन्हें कोई और न बनाए। हमने अभी तक इसकी मंजूरी नहीं दी है। इस पर बातचीत चल रही है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि ऐसी टेक्नोलॉजी दी जाएगी। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कभी होगा।

दरअसल, इस सप्ताह की शुरूआत में जेलेंस्की ने वॉशिंगटन डीसी में ट्रंप से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद उन्होंने एक इंटरव्यू में दावा किया था कि ट्रंप यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल सिस्टम के निर्माण का लाइसेंस देने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि, ट्रंप के ताजा बयान ने जेलेंस्की के इस दावे पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे पहले प्रकाशित एक इंटरव्यू में भी ट्रंप ने कहा था कि वह यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल निर्माण की अनुमति देने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं। ट्रंप के इस बयान से संकेत मिलता है कि अमेरिका अभी भी अपनी उन्नत रक्षा तकनीक के हस्तांतरण को लेकर बेहद सतर्क है और इस मुद्दे पर कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है।


## आज का इतिहास

### इतिहास के पन्नों में 2 अगस्त

# भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से सीधे ब्रिटिश क्राउन के पास चला गया

**ब्रिटिश संसद** ने भारत सरकार अधिनियम 1858 पारित किया, जिसके तहत भारतीय प्रशासन को ब्रिटिश क्राउन के अधीन कर दिया गया। इस अधिनियम को 2 अगस्त 1858 को शाही स्वीकृति प्राप्त हुई। इसके साथ ही ईस्ट इंडिया कंपनी शासन का अंत हुआ और भारत ब्रिटिश साम्राज्य का प्रत्यक्ष उपनिवेश बन गया।

भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन मुख्य रूप से 1757 से 1858 तक रहा। 31 दिसंबर 1600 को एक व्यापारिक संस्था के रूप में स्थापित हुई यह ब्रिटिश कंपनी, धीरे-धीरे भारत की राजनीतिक सत्ता पर काबिज हो गई। शासन की शुरूआत प्लासी का युद्ध (1757) के साथ हुई जिसमें रॉबर्ट




क्लाइव के नेतृत्व में कंपनी ने बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला को हराया। यह भारत में कंपनी शासन की पहली राजनीतिक आधारशिला थी।

कंपनी का मुख्य उद्देश्य मुनाफा कमाना था। भारी कर और दमनकारी नीतियों के कारण किसानों और बुनकरों की स्थिति बेहद खराब हो गई, जिससे 1770 जैसे भयानक अकाल पड़े। अपने व्यापारिक और सैन्य लाभ के लिए कंपनी ने भारत में रेलवे, डाक और टेलीग्राफ जैसी व्यवस्थाओं की शुरूआत की।

कंपनी की दमनकारी आर्थिक नीतियों, राज्यों को हड़पने की नीयत और धार्मिक हस्तक्षेप के कारण 1857 में भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम छिड़ गया। हालांकि अंग्रेजों ने विद्रोह को दबा दिया लेकिन ब्रिटिश संसद ने ईस्ट इंडिया कंपनी के कुप्रबंधन को देखते हुए उसका शासन पूरी तरह समाप्त कर दिया। भारत की सत्ता सीधे ब्रिटिश क्राउन (राजशाही) के हाथों में सौंप दी गई, जिसे ब्रिटिश राज कहा जाता है।

**जन्म**

1835 - एलीशा ग्रे - टेलीफोन के आविष्कारक।

1861 - प्रफुल्ल चंद्र राय - भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक, जिन्हें 'रसायन विज्ञान का जनक' माना जाता है।

1876 - पिंगली वेंकैया - भारत के राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' का डिजाइन तैयार करने वाले स्वतंत्रता सेनानी।

**निधन**

1930 - चुनीलाल बसु - भारत के एक रसायनज्ञ, विज्ञानसाधक, चिकित्सक और देशप्रेमी थे।

1980 - रामकिंकर बैज–पद्म भूषण से सम्मानित भारत के प्रसिद्ध मूर्तिकार और चित्रकार।

महत्वपूर्ण अवसर- दादरा और नगर हवेली मुक्ति दिवस- विश्व स्तनपान दिवस।

## महत्वपूर्ण घटनाचक्र

1763 - मुर्शिदाबाद पर कब्जे के बाद ब्रिटिश सेना ने गिरिया की लड़ाई में मीर कासिम को हराया।

1858 - ब्रिटिश संसद ने भारत सरकार अधिनियम 1858 पारित किया, जिससे भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से सीधे ब्रिटिश क्राउन के पास चला गया।

1934 - एडोल्फ हिटलर जर्मनी के सर्वोच्च तानाशाह ('फ़्यूरर') बने।

1954 - दादरा और नगर हवेली को पुर्तगाली शासन से मुक्ति मिली।

1987 - विश्वनाथ आनंद ने विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीता।

1990 - ईराक द्वारा कुवैत पर अधिकार एवं वहाँ के अमीर का सऊदी अरब पलायन।

1999 - चीन ने लम्बी दूरी (8000 किमी.) की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण किया।

1999 - ब्रह्मपुत्र मेल घैसल में अवध-असम एक्सप्रेस से आमने सामने टकराई। दोनो रेलगाड़ियां विपरीत दिशा से एक ही पटरी पर चल रही थीं।

2001 - पाकिस्तान से भारत से चीनी आयात को मंजूरी दी।

2003 - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने लाइबेरिया में संघर्ष विराम लागू करने के लिए सेना भेजने की अनुमति दी।

## डीएचबीवीएन में अनुबंध कर्मचारियों के रिकॉर्ड की होगी कड़ी जांच

हरियाणा मेल ब्यूरो

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के माध्यम से कार्यरत अनुबंध और अन्य आउटसोर्स कर्मचारियों के सेवा अभिलेखों की जांच के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य सभी पात्र कर्मचारियों के मामलों का नियमों के अनुसार शीघ्र निपटारा करते हुए सेवा रिकॉर्ड में किसी भी प्रकार की विसंगति को दूर करना है।

हरियाणा संविदा कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) अधिनियम, 2024 के तहत चलाए जा रहे इस अभियान को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए निगम के 11 ऑपरेशन सर्किलों, चार गैर-ऑपरेशन कार्यालयों तथा मुख्यालय स्तर पर स्क्रूटनी कमेटियां गठित की गई हैं। डीएचबीवीएन के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक लंबित मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर जांचा जाए।

# वाहन चालक सावधान! आपकी रफ्तार से तेज है पुलिस के कैमरों की नजर

- द्वारका एक्सप्रेसवे और एनएच-48 पर जुलाई में 16,118 चालान, प्रतिदिन औसतन 520 चालक फंसे

हरियाणा मेल ब्यूरो

**गुरुग्राम।** द्वारका एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर फरार्टा भरने वाले वाहन चालक सावधान हो जाएं। आप भले ही वाहन की रफ्तार बढ़ाकर यह मान लें कि नियमों को पीछे छोड़ आए हैं, लेकिन यातायात पुलिस के कैमरों की नजर आपकी रफ्तार से कहीं अधिक तेज है। जुलाई के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने और बार-बार लेन बदलने वाले 16,118 वाहन चालकों को कैमरों ने पकड़ लिया। यानी दोनों प्रमुख मार्गों पर प्रतिदिन औसतन करीब 520 वाहन चालक लेन-ड्राइविंग नियमों




### लगातार जागरूक कर रही पुलिस

पुलिस की ओर से ट्रक, बस, स्कूल बस, टैक्सी तथा अन्य व्यावसायिक वाहन चालकों को निर्धारित लेन में चलने के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कैमरों से कार्रवाई जारी है। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि सड़क को रेसिंग ट्रैक न समझें, निर्धारित लेन में ही वाहन चलाएं और अनावश्यक रूप से लेन न बदलें। एक्सप्रेसवे पर वाहन की रफ्तार तेज हो सकती है, मगर याद रखिए—पुलिस के कैमरों की नजर उससे भी तेज है।

का उल्लंघन करते पाए गए।

गुरुग्राम यातायात पुलिस ने द्वारका एक्सप्रेसवे और एनएच-48 पर सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक कैमरों से निगरानी बढ़ा रखी है। एक से 31 जुलाई तक कैमरों में दर्ज नियम उल्लंघन के आधार पर वाहन चालकों के चालान किए गए। चालक को भले ही मौके पर कोई पुलिसकर्मी दिखाई न दिया हो, लेकिन सड़क किनारे और निर्धारित स्थानों पर लगे कैमरों ने उसकी गलती दर्ज कर ली।

यातायात पुलिस का कहना है कि एक्सप्रेसवे पर वाहन चलाना केवल रफ्तार का खेल नहीं, बल्कि अनुशासन की परीक्षा भी है। गलत लेन में वाहन चलाना और बिना आवश्यकता बार-बार लेन बदलना सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में शामिल है। तेज रफ्तार के बीच अचानक लेन बदलने से पीछे से आ रहे वाहन चालक को संभलने का अवसर नहीं मिलता और छोटी-सी लापरवाही बड़े हादसे में बदल सकती है।

## मेडिएशन फॉर नेशन 3.0 अभियान: डीएलएसए ने शुरू की तैयारी

- 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक चलेगा राष्ट्रव्यापी मध्यस्थता अभियान
- समझौता योग्य मामलों की पहचान कर सौहार्दपूर्ण विवाद समाधान को मिलेगा बढ़ावा

हरियाणा मेल ब्यूरो



**गुरुग्राम।** मेडिएशन एंड कंसिलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी (एमसीपीसी) के अध्यक्ष एवं न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय माननीय न्यायमूर्ति विक्रम नाथ के मार्गदर्शन में मेडिएशन फॉर नेशन 3.0 अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के तहत आयोजित किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुरुग्राम द्वारा इस राष्ट्रव्यापी अभियान का संचालन किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुरुग्राम नरेंद्र सुरा के मार्गदर्शन तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुरुग्राम निशा के निर्देशन में अभियान से संबंधित कार्य किए जाएंगे। अभियान के तहत ऐसे लंबित मामलों की पहचान की जाएगी, जिनमें आपसी समझौते की संभावना है और जिन्हें मध्यस्थता के माध्यम से सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया जा सकता है। यह अभियान 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के अनुसार 1 अगस्त से 30 सितंबर, 2026 तक लंबित मामलों की पहचान, प्री-मेडिएशन स्क्रीनिंग, पक्षकारों को सूचना एवं नोटिस जारी करना, उपयुक्त मामलों को मध्यस्थता केंद्रों में भेजना, जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना, चयनित मामलों की सूची का प्रकाशन तथा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। इसके बाद चयनित मामलों का विवरण 30 सितंबर, 2026 तक मेडिएशन एंड कंसिलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी (एमसीपीसी) को भेजा जाएगा तथा 1 अक्टूबर से मेडिएशन फॉर नेशन 3.0 अभियान का औपचारिक शुभारंभ होगा।

इस अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा मामले, चेक बाउंस प्रकरण, समझौतायोग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली एवं सारफेसी मामले, निष्पादन वाद, मध्यस्थता एवं वाणिज्यिक विवाद, सेवा संबंधी मामले, बंटवारा वाद, बेदखली वाद, भूमि अधिग्रहण मामले, श्रम विवाद तथा अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण के लिए प्राथमिकता दी जाएगी।

## खबरें फटाफट

### ग्रीन बेल्ट से अवैध टॉयलेट निर्माण का ढांचा हटाने की मांग

**गुरुग्राम।** सेक्टर-5 की ग्रीन बेल्ट में किए गए टॉयलेट निर्माण को लेकर स्थानीय रेजिडेंट्स ने एक बार फिर विरोध दर्ज कराते हुए अवैध निर्माण के ढांचे को हटाने की मांग की है। पूर्व आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सेक्टर-3, 5 एवं 6 दिनेश वशिष्ठ ने शनिवार को बताया कि ग्रीन बेल्ट में टॉयलेट निर्माण का स्थानीय निवासियों ने शुरू से ही विरोध किया था। आरोप है कि इसके बावजूद भी वार्ड-35 के पार्षद परमिंदर कटारिया द्वारा निर्माण कार्य जारी रखा गया। दिनेश वशिष्ठ ने बताया कि रेजिडेंट्स की मांग पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी से निर्माण की विभागीय स्वीकृति एवं स्वीकृत नक्शा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, लेकिन कोई भी वैध अनुमति, स्वीकृति नक्शा प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद संबंधित विभाग को लिखित शिकायत दी गई, जिसके उपरांत ग्रीन बेल्ट में टॉयलेट का निर्माण कार्य रोक दिया गया। मदन गोपाल यादव ने कहा कि ग्रीन बेल्ट सार्वजनिक हरित क्षेत्र है, जहां पेड़ों की कटाई कर निर्माण करना स्थानीय लोगों की भावनाओं के विपरीत है। अवैध टॉयलेट निर्माण के ढांचे को हटाकर ग्रीन बेल्ट को उसकी मूल स्थिति में बहाल किया जाना चाहिए। नवतरंग एनजीओ की चेयरपर्सन रितु चौधरी ने कहा कि उनका संगठन विकास कार्यों का विरोध नहीं करता, लेकिन सभी विकास कार्य नियमों के अनुरूप और निर्धारित स्थान पर ही होने चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार हरियाली बढ़ाने और वृक्षारोपण को प्रोत्साहित कर रही है, वहीं दूसरी ओर ग्रीन बेल्ट में पेड़ों की कटाई कर निर्माण किया जाना चिंताजनक है। भाजपा नेत्री अनीता लूथरा अग्रवाल ने कहा कि सेक्टर-5 मार्केट में सार्वजनिक शौचालय के निर्माण के लिए निर्धारित स्थान उपलब्ध है। ऐसे में वहीं पर शौचालय का निर्माण कराया जाना चाहिए।

### एकमुश्त निपटान योजना-2026: व्यापारियों के लिए बकाया कर विवादों के समाधान का सुनहरा अवसर

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2025 में छोटे व्यापारियों को राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई एकमुश्त निपटान योजना को व्यापारियों का व्यापक समर्थन मिला था। प्रदेशभर में 1,15,223 व्यापारियों ने इस योजना का लाभ उठाकर अपने लंबित कर मामलों का निपटारा किया। योजना की अभूतपूर्व सफलता को देखते हुए राज्य सरकार ने पुनः एकमुश्त निपटान योजना-2026 (ओटीएस) को आगामी 28 सितंबर तक लागू करने का निर्णय लिया है। डीसी उत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना 1 जून 2026 से 28 सितंबर 2026 तक कुल 120 दिनों के लिए प्रभावी है। योजना का मुख्य उद्देश्य विभिन्न कराधान अधिनियमों के अंतर्गत लंबित बकाया कर मामलों का समाधान करना, न्यायालयों एवं अपीलीय मंचों पर लंबित विवादों को कम करना तथा कर प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाना है। संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त (रेंज), गुरुग्राम स्नेह लता यादव ने बताया कि यह योजना सात कराधान अधिनियमों के अंतर्गत निर्धारित बकाया देय राशि के निपटान का अवसर प्रदान करती है। यदि किसी करदाता पर किसी अधिनियम के अंतर्गत किसी वर्ष के लिए एक लाख रुपये तक का कर बकाया है, तो उसे योजना के तहत अलग से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। ऐसे मामलों में संबंधित वर्ष का कर, ब्याज एवं जुमार्ना पूरी तरह माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि करदाता अपने बकाया देय राशि के निपटान के लिए किसी भी अधिनियम और किसी भी वर्ष के लिए आवेदन कर सकते हैं। योजना में पूर्ववर्ती हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम, 1973 के अंतर्गत लंबित मामलों के लिए विशेष राहत का प्रावधान किया गया है। चूंकि इस अधिनियम के अंतर्गत अनेक मामले काफी पुराने हैं, इसलिए एक लाख रुपये से अधिक के कर बकाया वाले सभी मामलों में 70 प्रतिशत कर छूट प्रदान की जा रही है।

### परिवार पहचान पत्र में आय सत्यापन के लिए 4 अगस्त को आठ पंचायतों में आयोजित होंगी ग्राम सभाएं

**गुरुग्राम।** परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में दर्ज आय के सत्यापन की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुग्राम जिला प्रशासन द्वारा 4 अगस्त को जिले की आठ ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नवनीत कौर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन एडीसी सोनू भट्ट के निदेशार्नुसार संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों के माध्यम से कराया जाएगा। इन ग्राम सभाओं में पात्र परिवारों की आय संबंधी जानकारी का सत्यापन किया जाएगा, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सके।

## कांवड़ियों के लिए पुलिस ने बनाया पैदल पथ, शिविर लगने हुए शुरू



हरियाणा मेल ब्यूरो

**सोहना।** हरिद्वार व गंगोंत्री से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों के लिए श्रद्धालुओं द्वारा शिविर लगाने की कवायदे शुरू कर दी है। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा गुरुग्राम से सोहना आने वाले मार्ग पर कांवड़ियों के लिए पैदल चलने के लिए सुरक्षित मार्ग तैयार किया जा रहा है। कांवड़िए सर्विस रोड से अपनी यात्रा पर चलेगें।

**श्रावण** माह शुरू हो गया है। शिव भक्त गंगोत्री व हरिद्वार से पैदल चलकर कांवड़ लेकर आने वाले पहुंच गए है। सोमवार से कांवड़ियों का आना शुरू हो जाएगा। शिव भक्तों ने कांवड़ियों की सेवा करने के उद्देश्य से शिविर लगाने शुरू कर दिए है, ताकि कांवड़ियों को विश्राम करने से लेकर भोजन, नाश्ता, पूजा अर्चना और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। भोंडसी से लेकर घामडौज, अलीपुर, धुनेला, सोहना ढाणी, चूंगी नंबर एक, चुंगी नंबर दो, सैनी धर्मशाला, हनुमान बगीची समेत अन्य स्थानों पर भक्तों द्वारा शिविर लगाएं जाते है।

पुलिस प्रशास ने पैदल कांवड़ लेकर आने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पैदल मार्ग तैयार करने में जुट गई है। भोंडसी व सोहना शहर थाना पुलिस ने गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग के सर्विस रोड पर कांवड़ियों के लिए पैदल मार्ग बनाया जा रहा है, ताकि कांवड़िए सर्विस रोड पर 24 घंटे सुरक्षित चल सकेंगे। कट्टों में मिट्टी भरकर व पट्टी बांधकर कांवड़ियों को सुरक्षित पैदल पथ को वाहन से सुरक्षित किया जा रहा है।

> शहर थाना क्षेत्र में लगने वाले शिविरों की मंजूरी के लिए अभी तक किसी भी संगठन या भक्तों ने मांग नहीं की है। पुलिस अपने स्तर पर लगने वाले शिविरों का डाटा इक्कठा करके पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा।
> रविन्द्र सिंह, प्रभारी शहर थाना सोहना
>
> पैदल कांवड़ लेकर आने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा में राइडर से लेकर पीसीआर, ईवीआर, एसएचओ मोबाइल वाहन गशत पर रहेंगी। सभी शिविरों पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे। कांवड़ियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक नहीं होने दी जाएगी।
> मुकेश यादव, एसीपी सोहना

## नशे से लड़ने का गुरुमंत्र: तनाव नहीं, स्वस्थ जीवनशैली को बनाएं सहारा

- मानेसर जोन में कंपनी कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों के लिए जागरूकता एवं वेलनेस सत्र आयोजित

हरियाणा मेल ब्यूरो



**गुरुग्राम।** नशामुक्त एवं अपराधमुक्त गुरुग्राम के उद्देश्य से गुरुग्राम पुलिस ने शनिवार को मानेसर जोन के विभिन्न थाना और चौकी क्षेत्रों में नशा मुक्ति जागरूकता एवं वेलनेस सत्र आयोजित किए। इन सत्रों में कंपनी कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों को नशीले पदार्थों से दूर रहकर स्वस्थ, सकारात्मक एवं संतुलित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस आयुक्त शिवास कविराज के मार्गदर्शन में थाना खेड़की दौला क्षेत्र की एक कंपनी के कर्मचारियों के साथ ही थाना खेड़की दौला, पुलिस चौकी बार गुर्जर और महिला थाना मानेसर के पुलिसकर्मियों के लिए नारकोटिक्स ड्रग डी-एडिक्शन अवेयरनेस एवं वेलनेस सत्र आयोजित किया गया। सत्र को संबोधित करते हुए आचार्य करमवीर ने कहा कि जीवन की चुनौतियों, तनाव और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना नशीले पदार्थों अथवा किसी अन्य व्यसन का सहारा लिए बिना भी किया जा सकता है। इसके लिए व्यक्ति को अपनी दिनचर्या, खानपान और सोच में सकारात्मक बदलाव लाने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य बेहतर बनाए रखने के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक उपाय बताए। सत्र में अष्टांग योग, स्वर योग, नाद योग, कर्म योग, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, जीवन मूल्यों, स्वस्थ जीवनशैली और हार्मोन संतुलन जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

## हरियाणा विस में युवा संवाद में माही वशिष्ठ ने पंचायत मंत्री की दमदार भूमिका निभाई

- युवा संवाद में कैबिनेट मंत्री की भूमिका निभाकर माही ने जीता सबका दिल
- गुरुग्राम की बेटी माही वशिष्ठ पिछले साल भी युवा संवाद में छायी थीं

हरियाणा मेल, एजेंसी



**गुरुग्राम।** हरियाणा विधानसभा में आयोजित युवा संवाद-महिला सशक्तिकरण विषयक डिबेट प्रतियोगिता में गुरुग्राम की बेटी माही वशिष्ठ ने अपनी बुलंद आवाज और सशक्त तर्कों से सभी को प्रभावित किया। माही ने इस प्रतिष्ठित लोकतांत्रिक मंच पर विकास एवं पंचायत विभाग की कैबिनेट मंत्री भूमिका का प्रतिनिधित्व किया।

विधानसभा में डिबेट के दौरान माही ने महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास, शिक्षा, समान अवसर, युवा नेतृत्व, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार स्पष्टता, गंभीरता और ओजपूर्ण शैली में रखे। उनकी प्रभावशाली अभिव्यक्ति ने यह संदेश दिया कि सशक्त विचार ही सशक्त समाज और सशक्त भारत की नींव होते हैं। हरियाणा विधानसभा जैसे मंच पर तथ्यों और तर्कों के साथ अपना पक्ष रखना माही की प्रतिभा, तैयारी और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण बना। यह उपलब्धि केवल एक डिबेट प्रतियोगिता में भागीदारी नहीं, बल्कि उस नई पीढ़ी के आत्मविश्वास की पहचान है जो अपने ज्ञान, संस्कार और विचारों के बल पर देश के भविष्य को नई दिशा देने का संकल्प रखती है। माही ने कहा कि कुछ आवाजें केवल सुनाई नहीं देतीं, वे इतिहास के पन्नों पर अपनी पहचान छोड़ जाती हैं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम सामाजिक समरसता और हमारी समृद्ध विरासत को

## नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है : राव नरबीर

- 'देवदास' भव्य संगीतमय रंगमंचीय प्रस्तुति में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री

हरियाणा मेल ब्यूरो



**गुरुग्राम।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं होते, बल्कि समाज में समरसता, संवेदनशीलता और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सशक्त बनाने का कार्य भी करते हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य और रंगमंच हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संवाहक हैं तथा इनके माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय सभ्यता, मानवीय भावनाओं और सामाजिक मूल्यों से जोड़ने का अवसर मिलता है। वे गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में आयोजित 'देवदास झ ए ग्रैंड म्यूजिकल स्टेज स्पेक्टेकल' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। राव नरबीर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महान साहित्यकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय की अमर कृति देवदास को भव्य रंगमंचीय प्रस्तुति के रूप में प्रस्तुत करना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने आयोजकों, कलाकारों और पूरी टीम को इस शानदार सांस्कृतिक आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में कला, साहित्य और संस्कृति के प्रति नई चेतना का संचार करते हैं। उन्होंने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रस्तुतियां युवाओं को भारतीय साहित्य और रंगमंच से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनती हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित कलाकारों एवं आयोजन समिति के सदस्यों से भी मुलाकात की तथा उनके प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में रंगमंच के माध्यम से देवदास की मार्मिक कथा का प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में कला प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में घायल युवक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

हरियाणा मेल ब्यूरो


**सोहना।** शहर पुलिस थाना के सामने छह दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुआ 28 वर्षीय युवक ने उपचार के दौरान दमतोड़ दिया। मृतक युवक कंपनी में नौकरी करता था। शनिवार को शहर थाना पुलिस ने मृतक युवक के शव का सोहना के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। नगर परिषद के वार्ड 9 के गांव जखोपुर में रहने वाले 28 वर्षीय सकील का सोमवार को शहर थाना के सामने स्कूटी पर जा रहा था। पीछे से आई कार ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मारी। जिससे स्कूटी से उछलकर सामने डिवाइडर से टकरा गया था। इस दौरान सकील के सिर में काफी गंभीर चोटें आई। सकील को पहले सोहना के निजी अस्पताल में दाखिल कराया और बाद में डॉक्टरों द्वारा रेफर किए जाने के बाद बादशाहपुर के निजी अस्पताल में ही दाखिल कराया था।

### संस्कृति मंत्रालय की राष्ट्रीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आज से शुरू

## गुरुग्राम के युवा एवं विद्यार्थी बढ़-चढ़कर लें भाग: डीसी

- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ऑनलाइन क्विज 15 सितंबर तक चलेगी
- सभी प्रतिभागियों को मिलेगा डिजिटल ई-प्रमाण पत्र

हरियाणा मेल ब्यूरो




**गुरुग्राम।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आज से शुभारंभ हो गया है। MyGov के सहयोग से आयोजित यह राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता 1 अगस्त से 15 सितंबर 2026 तक चलेगी। डीसी उत्तम सिंह ने गुरुग्राम जिले के युवाओं, स्कूली विद्यार्थियों, कॉलेज छात्रों तथा आम नागरिकों से इस राष्ट्रीय पहल में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है। यह प्रतियोगिता केवल एक ऑनलाइन क्विज नहीं, बल्कि देश के इतिहास के महत्वपूर्ण अध्याय को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत विभाजन के दौरान लाखों लोगों ने जिन कठिन परिस्थितियों का सामना किया, उनके संघर्ष, त्याग और राष्ट्रीय एकता के महत्व को समझना आज की युवा पीढ़ी के लिए आवश्यक है। इस प्रकार की पहल युवाओं में इतिहास के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत करेगी। डीसी ने बताया कि जिला के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा उच्च शिक्षण संस्थानों को विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने में सहयोग करें। सभी शिक्षण संस्थान प्रार्थना सभा, सूचना पट्ट, डिजिटल प्लेटफॉर्म तथा अन्य माध्यमों से विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की जानकारी उपलब्ध कराएं और उन्हें पंजीकरण के लिए प्रेरित करें। डीसी ने बताया कि प्रतियोगिता पूरी तरह निःशुल्क है तथा इसमें सभी भारतीय नागरिक भाग ले सकते हैं। यह एक समयबद्ध ऑनलाइन क्विज होगी, जिसमें सफलतापूर्वक भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को MyGov की ओर से डिजिटल ई-प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

## बाइक चोरी करने का आरोपी काबू, छह मामले सुलझे

हरियाणा मेल, एजेंसी

**गुरुग्राम।** पुलिस की अपराध शाखा सोहना ने बाइक चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की छह बाइक बरामद की हैं। साथ ही वाहन चोरी के छह मामलों का भी खुलासा हुआ है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने शनिवार को बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना शिवाजी नगर में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज है। दो जून 2026 को एक व्यक्ति ने थाना शिवाजी नगर गुरुग्राम में शिकायत दी थी कि 30 मई 2026 की रात को जिला न्यायालय से उसकी बाइक किसी व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। अपराध शाखा सोहना की पुलिस टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को दिनांक 31 जुलाई 2026 को नजदीक टूरिज्म कॉम्प्लेक्स सोहना से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रफीक उर्फ रफाक निवासी गांव गुलालता जिला नूंह के रूप में हुई है।

## हार्डवेयर की दुकान का ताला तोड़ हजारों रुपये का सामान हुआ चोरी

हरियाणा मेल ब्यूरो



**सोहना।** शहर के नागरिक अस्पताल मार्ग पर शुक्रवार-शनिवार की रात को हार्डवेयर की दुकान के ताले तोड़ कर चोरी की गई। इस चोरी से दुकानदार को 60 से 70 हजार रुपये का कीमती सामना चोरी हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस चोरी की वारदात का खुलाशा करने में जुट गई है।

शहर के वार्ड 18 में रहने वाले सागर लोहिया ने बताया कि शनिवार की सुबह छह बजे उसके पडोस में दुकान चलाने वाले राजेन्द्र सैनी दुकानदार का फोन आया। राजेन्द्र सैनी ने उसे फोन पर बताया कि दुकान का शटर उठा हुआ है। शटर पर लगे दोनों ताले टूटे हुए है। दुकान के अंदर लाइट जली हुई है। पडोसी दुकानदार के बताने पर वह दुकान पर पहुंचा। दुकान के शटर पर शुक्रवार को लगाए गए ताले तोड़कर गंदे पानी की नाली में गिराए हुए थे। शहर को उठाकर देखा तो अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। गुल्ला की ड्रोरर बाहर काउंटर पर खाली रखी हुई थी। सागर लोहिया ने बताया कि गल्ले में 7 से 8 हजार रुपये की नकदी थी। वह गायब है। दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। क्योकि दुकान से पीतल से तैयार की गई ठुटी और वाल ही चोरी हुए है। जिनकी कीमत करीब 70 हजार रुपये की है। जिन्हे तालाश करने के उद्देश्य से दुकान के सामान को तितर-बित्तर किया हुआ है। सागर लोहिया ने बताया कि इससे पहले भी करीब तीन साल पहले दुकान की दीवार को पीछे से तोड़कर चोरी की गई थी। उन्होने बताया कि शनिवार को उसने पुलिस कंट्रोल रुम को 112 नंबर पर कॉल करके दुकान में हुई चोरी की सूचना दी।

# टावर लगाने पहुंचे अधिकारियों को किसानों ने लौटाया, जमकर हंगामा

## इस्माईला, गिझी समेत चार गांवों के किसानों ने रुकवाया काम, बोले– मुआवजे में भेदभाव नहीं चलेगा

हरियाणा मेल, एजेंसी

- पुलिस ने किसानों को समझाने का किया प्रयास, नहीं माने किसान

**रोहतक।** जिले में पावर ग्रिड के टावर लगाने को लेकर किसानों और अधिकारियों के बीच विवाद गहरा गया है। टावर लगाने के लिए मौके पर पहुंचे पावर ग्रिड के अधिकारियों और कर्मचारियों का किसानों ने जमकर विरोध किया। बड़ी संख्या में किसान मौके पर एकत्रित हो गए और टावर लगाने का काम रुकवा दिया। किसानों के विरोध और हंगामे के बीच पावर ग्रिड के अधिकारियों को बिना काम किए ही वापस लौटना पड़ा।

गांव इस्माईला, गिझी सहित चार गांवों से टॉवर लगाने का काम चल रहा है, किसानों का आरोप है कि पावर ग्रिड की ओर से टावर लगाने के लिए जमीन का इस्तेमाल किए जाने के बदले दिए जाने वाले मुआवजे में भेदभाव किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि अलग-अलग किसानों के साथ मुआवजे को लेकर समान व्यवहार नहीं किया जा रहा, जिसके कारण उनमें रोष है। किसानों ने मौके पर स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक मुआवजे को लेकर उचित निर्णय नहीं लिया जाता और किसानों की मांगों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक वे अपनी जमीन पर पावर ग्रिड के टावर नहीं लगने देंगे। किसानों ने अधिकारियों के सामने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए काम रोक दिया।

बताया जा रहा है कि पावर ग्रिड के अधिकारी और कर्मचारी टावर लगाने के काम को लेकर मौके पर पहुंचे थे। जैसे ही किसानों को इसकी जानकारी मिली, वे भी मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते काफी संख्या में किसान एकत्रित हो गए। किसानों ने अधिकारियों से मुआवजे को लेकर सवाल किए और अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया। माहौल गरमाने के बाद किसानों ने टावर लगाने का काम रुकवा दिया। किसानों का कहना है कि उनकी जमीन पर पावर ग्रिड का काम किया जा रहा है, ऐसे में उन्हें उचित मुआवजा मिलना चाहिए। किसानों ने आरोप लगाया कि मुआवजे के मामले में उनकी आपत्तियों और मांगों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इसी वजह से किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। किसानों के विरोध और हंगामे की सूचना मिलने पर सांपला पुलिस भी मौके पर पहुंची।

### मुआवजे पर निर्णय तक काम नहीं होने देंगे: किसान

किसानों ने साफ कर दिया है कि जब तक मुआवजे को लेकर उनकी मांगों पर उचित फैसला नहीं होता, तब तक टावर लगाने का काम नहीं होने दिया जाएगा। किसान राजेंद्र , महेंद्र, सतीश, रामफल का कहना है कि वे अपनी जमीन से जुड़े इस मामले में किसी तरह का भेदभाव स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने पावर ग्रिड के अधिकारियों से मुआवजे को लेकर स्पष्ट और समान नीति अपनाने की मांग की है। फिलहाल किसानों के विरोध के चलते चार गांवों में पावर ग्रिड के टावर लगाने का काम रुक गया है। किसानों ने साफ कहा है कि यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो वे आगे भी विरोध जारी रखेंगे।

# खेड़ला में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक, पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नूंह।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी संजय दत्त और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने शनिवार को नूंह जिले के खेड़ला गांव स्थित कम्युनिटी सेंटर में कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ सदस्य भी मौजूद रहे।

बैठक स्थल पर पहुंचने पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक रणनीति, जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों और पार्टी की भावी गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं से सुझाव और फीडबैक लेकर संगठन को और प्रभावी बनाने की दिशा में चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करने के बाद पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि संजय दत्त द्वारा हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी का कार्यभार संभालने के बाद सबसे पहले चंडीगढ़ में जनरल बॉडी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सांसदों, विधायकों, पूर्व विधायकों, जिला अध्यक्षों और संगठन के वरिष्ठ नेताओं से संवाद किया गया। इसके बाद निर्णय लिया गया कि जो कार्यकर्ता चंडीगढ़ की बैठक में शामिल नहीं हो सके, उनसे जिला स्तर पर जाकर संवाद किया जाएगा।

# नूंह में 71 हजार मतदाता प्रारूप सूची से हटाए गए, 30 अगस्त तक दावे का मौका

हरियाणा मेल, एजेंसी




**नूंह।** भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत नूंह जिले में मतदाता सत्यापन का पहला चरण पूरा हो गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अखिल पिलानी ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि घर-घर जाकर बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा सत्यापन के बाद प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। अब 1 अगस्त से 30 अगस्त 2026 तक दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया चलेगी।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में कुल 655 मतदान केंद्र हैं और सत्यापन से पहले मतदाताओं की संख्या 6,59,697 थी। जांच के दौरान 71,052 मतदाता ऐसे मिले जो अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत अथवा डुप्लीकेट श्रेणी में पाए गए। ऐसे मतदाताओं के नाम फिलहाल प्रारूप मतदाता सूची से अस्थायी रूप से हटाए गए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अंतिम मतदाता सूची नहीं है। जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं, उन्हें निर्धारित अवधि के दौरान आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना दावा करने का पूरा अवसर मिलेगा।

**12,886 मतदाताओं की मैपिंग लंबित**

उपायुक्त ने बताया कि सत्यापन के दौरान 12,886 मतदाताओं का वर्ष 2002 अथवा 2004 की मतदाता सूची के साथ आवश्यक पारिवारिक या अन्य प्रकार का मिलान नहीं हो पाया। इसका अर्थ यह नहीं है कि उनका मताधिकार समाप्त हो गया है। ऐसे सभी मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से नोटिस जारी किए जाएंगे और दस्तावेजों के आधार पर उनके मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

**1.67 लाख से अधिक मतदाताओं को भेजे जाएंगे नोटिस**

उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग की संगणक प्रणाली द्वारा 1,67,168 मतदाताओं के रिकॉर्ड में विभिन्न प्रकार की विसंगतियां चिन्हित की गई हैं। इनमें नाम, वर्तनी, अभिलेखों के मिलान और अन्य तकनीकी त्रुटियां शामिल हैं। संबंधित मतदाताओं को नोटिस भेजकर आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा।

**राजनीतिक दलों के साथ भी हुई बैठक**

अखिल पिलानी ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लेवल एजेंटों के साथ बैठक कर पुनरीक्षण अभियान, सत्यापन प्रक्रिया और दावा-आपत्ति संबंधी जानकारी साझा की गई। साथ ही उन्हें प्रारूप मतदाता सूची की प्रतियां भी उपलब्ध कराई गईं ताकि वे भी मतदाताओं को जागरूक कर सकें।

## खबरें फटाफट

### कुत्ते को बचाने के लिए नहर में कूदा युवक डूबा

**रोहतक।** पहरावर हेड में कुत्ते को बचाने के लिए नहर उतरा युवक नहर में डूब गया। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश में जुटी गई, लेकिन उसका सुराग नहीं मिला। पुलिस तथा गोताखोर युवक की तलाश कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार शीतल नगर की बाग वाली गली निवासी 16 वर्षीय खुशहाल शनिवार सुबह अपने कुत्ते को घुमाने के लिए नहर पर गया था, इसी दौरान उसका कुत्ता अचानक नहर में गिर गया। कुत्ते को नहर में डूबता देख खुशहाल उसे बचाने के लिए नहर में कूद गया। बताया जा रहा है कि कुत्ता तो किसी तरह नहर से बाहर निकल आया, लेकिन खुशहाल पानी के तेज बहाव में डूब गया। बाद में घटना की सूचना मिलते ही थाना शिवाजी कॉलोनी पुलिस मौके पर पहुंची और किशोर की तलाश शुरू कर दी। पुलिस द्वारा नहर में किशोर को तलाशने के प्रयास किए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और किशोर की तलाश जारी है।

### ग्राहक बनकर आए बदमाशों ने ज्वैलरी शॉप से चांदी लूटी, एक काबू



**सोनीपत।** सोनीपत के खरखौदा स्थित पुराना रोहतक रोड पर रत्न सिंह मार्केट में शनिवार सुबह ग्राहक बनकर आए तीन बदमाशों ने एक ज्वेलर्स की दुकान पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने चांदी के आभूषण खरीदने का बहाना बनाकर पहले कारीगर को बातचीत में उलझाया और फिर उसकी आंखों में मिर्च पाउडर डालकर करीब पचास हजार रुपये के चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने पीछा कर एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी भाग निकले। जानकारी के अनुसार, सावरिया ज्वेलर्स पर कार्यरत कारीगर भोला ने बताया कि सुबह सफेद रंग की स्विफ्ट कार में तीन युवक दुकान पर पहुंचे। दो युवक दुकान के भीतर आए, जबकि तीसरा कार में बैठा रहा। दोनों युवकों ने चांदी की चेन, ब्रेसलेट और अन्य आभूषण दिखाने के लिए कहा। काफी देर तक आभूषण देखने के बाद उन्होंने फोटो लेने और भुगतान की बात कहकर भरोसा बनाया। एक युवक ने यह भी कहा कि उसकी बुआ रुपये लेकर आने वाली है। इसी दौरान जब कारीगर आभूषणों का हिसाब लिख रहा था, तभी एक युवक ने उसकी आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया। दूसरे युवक ने ट्रे में रखी तीन चांदी की चेन, एक ब्रेसलेट और दो लॉकेट उठाए और बाहर खड़ी कार की ओर भाग गया। कारीगर के शोर मचाने पर आसपास के दुकानदार और लोग मौके पर पहुंचे। पीछा कर एक आरोपी जागसी निवासी पवन को पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया, जबकि उसके दो साथी फरार हो गए। दुकान संचालक शिव सम्राट ने बताया कि घटना के समय वह दुकान पर नहीं थे, लेकिन मोबाइल पर दुकान के सीसीटीवी देख रहे थे। उन्होंने कारीगर की आंखों में मिर्च पाउडर डालते हुए देखा और सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से एक आरोपी को पकड़ लिया गया। खरखौदा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुकान और आसपास के सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले लिए हैं। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उपलब्ध साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच जारी है तथा सभी आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बूथ कार्यकर्ता ही संगठन की ताकत

हरियाणा मेल, एजेंसी



**कैथल।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक में शनिवार को कैथल विधानसभा क्षेत्र के बीएलए-2, बूथ अध्यक्ष और शक्ति प्रमुखों ने भाग लिया। बैठक में असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि भाजपा का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और बूथ स्तर का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की सफलता की नींव है। उन्होंने कहा कि संगठन को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा, सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करना होगा। साथ ही केंद्र और हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना भी कार्यकर्ताओं की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को अनुशासन, टीम भावना और पूरी जिम्मेदारी के साथ सफल बनाया जाए। कार्यकर्ताओं से जनता के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने और सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का भी आह्वान किया। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई प्रत्येक जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाना हर कार्यकर्ता का दायित्व है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। भाजपा बूथ जीतकर ही सरकार बनाने का काम करती है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रहना होगा। कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत उसका संगठन होता है और भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है।

# रेवाड़ी में कार की टक्कर से कंपनी कर्मी की मौत

हरियाणा मेल, एजेंसी

**रेवाड़ी।** शहर के दिल्ली रोड स्थित बालाजी मार्केट के पास शुक्रवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे दो कंपनी कर्मियों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के फैजाबाद निवासी मोनू ने शिकायत में बताया कि वह अपने साथी शिव के साथ बीती रात बालाजी मार्केट से अभय सिंह चौक की ओर पैदल जा रहा था। इसी दौरान तेज गति से आई एक कार ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

# रेवाड़ी में हुआ 'भोले तेरी बम' गीत का लोकार्पण

## लक्ष्मण सिंह यादव ने किया विमोचन

सुरेन्द्र इंदौरा, हरियाणा मेल



**रेवाड़ी।** सावन माह और कांवड़ यात्रा के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ को समर्पित भक्ति गीत 'भोले तेरी बम' का शनिवार को भव्य लोकार्पण किया गया। गीत का विमोचन विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के करकमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने गीत से जुड़े सभी कलाकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे भक्ति गीत भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और धार्मिक आस्था को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सावन के पवित्र माह में भगवान भोले शंकर का यह गीत रिलीज हुआ है। निश्चित तौर पर यह खासा लोकप्रिय होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह गीत श्रद्धालुओं के बीच विशेष लोकप्रियता हासिल करेगा।

इस भक्ति गीत को बीएसएनएल के अधिकारी संजय सैनी ने लिखा और अपनी मधुर आवाज़ में गाया है, जबकि इसका संगीत अशोक वर्मा ने तैयार किया है। गीत में भगवान भोलेनाथ के प्रति श्रद्धा, भक्ति और सावन माह की आध्यात्मिक भावना को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

सावन के पवित्र महीने और कांवड़ यात्रा के दौरान रिलीज़ हुआ यह गीत शिवभक्तों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

# शाहपुर तगा में 71 लाख रुपये से ज्यादा के विकास कार्य शुरू

हरियाणा मेल, एजेंसी

**सोनीपत।** गन्नौर के गांव शाहपुर तगा में ग्रामीण सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में 71 लाख 50 हजार रुपये की लागत से छह विकास कार्यों की शनिवार से शुरुआत की गई। बाबा मोहनदास गौशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान ने शनिवार को विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। सबसे बड़ी परियोजना 21 लाख रुपये की लागत से गौशाला तक जाने वाली सड़क का निर्माण है। इसके अलावा 10 लाख रुपये की लागत से श्मशान घाट में बनाए गए शेड और बरामदे का उद्घाटन किया गया। वहीं आठ लाख रुपये की लागत से तैयार कब्रिस्तान की चारदीवारी भी लोगों को समर्पित की गई। गांव में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए पांच लाख 50 हजार रुपये की लागत से ठोस कचरा प्रबंधन शेड का भी उद्घाटन किया गया। साथ ही बाबा मोहनदास स्थान से तारा के घर तक 10 लाख रुपये तथा सरकारी स्कूल से बाबा मोहनदास स्थान तक सात लाख रुपये की लागत से बनने वाली दो गलियों का शिलान्यास किया गया।

# अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरियाणा मेल ब्यूरो



**रेवाड़ी।** सीआईए रेवाड़ी प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की टीम ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जिला रोहतक के गांव बहाली आनंदपुर निवासी विकास उर्फ मोटू के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

जांचकर्ता ने बताया कि गत 5 जून को सीआईए रेवाड़ी को सूचना मिली थी कि गांव गोकलगढ़ निवासी मनिंदर के पास अवैध हथियार है और वह गांव गोकलगढ़ बाईपास से रेलवे फाटक की तरफ जाने वाले रास्ते पर किसी के इन्तजार में खड़ा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर साथी आरोपी को काबू कर लिया । पूछताछ के दौरान उसने अपनी पहचान मनिन्दर निवासी गांव गोकलगढ़ बताई। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1अवैध देशी पिस्टल, 1 देशी कट्टा व 1 जिंदा रोंद बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी मनिन्दर ने बताया कि उसे यह अवैध हथियार जिला रोहतक के गांव बहाली आनंदपुर निवासी विकास उर्फ मोटू ने उपलब्ध करवाए थे।

# बिजली सेवाएं सुदृढ़, नए सुविधा केंद्र आरंभ, पॉवर कट से छुटकारा: विधायक निखिल

हरियाणा मेल, एजेंसी



**सोनीपत।** सोनीपत के उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के ऑपरेशन सर्किल के अंतर्गत सिटी और इंडस्ट्रियल एरिया उपमंडलों में संचालन एवं रखरखाव कार्यों की नई व्यवस्था शनिवार को शुरू कर दी गई। इसके साथ ही दोनों उपमंडलों में नए बिजली सुविधा केन्द्रों का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन यूएचबीवीएन ऑपरेशन सर्किल कार्यालय में हुआ, जिसमें विधायक निखिल मदान और महापौर राजीव जैन मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधीक्षण अभियंता (ऑपरेशन) मनीन्दर कादियान ने की। इस दौरान दोनों उपमंडलों के बिजली सुविधा केन्द्रों का उद्घाटन किया गया। साथ ही अंबुजा कंस्ट्रक्शन कंपनी ने संचालन एवं रखरखाव कार्यों की जिम्मेदारी संभालते हुए नई व्यवस्था की शुरुआत की।

उपभोक्ताओं को बेहतर और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 मोटरसाइकिलें, छह चार पहिया सेवा वाहन और दो हाइड्रा युक्त ट्रैक्टरों को रवाना किया गया। नई व्यवस्था के तहत कुल 199 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम सिटी तथा इंडस्ट्रियल एरिया उपमंडलों में बिजली वितरण प्रणाली के संचालन, रखरखाव, खराबी दूर करने और समयबद्ध सेवाएं देने का कार्य करेगी। अधिकारियों के अनुसार इससे बिजली आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी और शिकायतों का तेजी से समाधान किया जा सकेगा।

अधीक्षण अभियंता मनीन्दर कादियान ने बताया कि नई व्यवस्था में निवारक रखरखाव, ब्रेकडाउन प्रबंधन और शिकायतों के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। संबंधित एजेंसी को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने की सुविधाओं की भी जानकारी दी गई। बिजली संबंधी शिकायत के लिए एक-नौ-एक-दो हेल्पलाइन, व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 9815961912 तथा नो-सप्लाई मिस्ड कॉल नंबर 9990231912 उपलब्ध हैं।

# ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा में सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रशासन की मौलवियों संग अहम बैठक

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नूंह।** आगामी तीन अगस्त को आयोजित होने वाली ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन व पुलिस पूरी तरह मुस्तैद हैं। उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जिले के सभी मौलवियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन सहित प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त अखिल पिलानी ने सभी मौलवियों से अपने-अपने क्षेत्रों में शांति, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा धार्मिक आस्था से जुड़ा आयोजन है और इसे शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने तथा प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन ने कहा कि सभी मौलवी अपने क्षेत्रों में लोगों को कानून व्यवस्था बनाए रखने, शांति कायम रखने और किसी भी असामाजिक गतिविधि से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर प्रशासन की लगातार नजर है और भड़काऊ या अफवाह फैलाने वाली किसी भी पोस्ट के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान जिले में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा, ताकि यात्रा पूरी तरह सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। बैठक में मौजूद सभी मौलवियों ने जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

**ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा कड़े सुरक्षा घेरे में होगी**

तीन अगस्त को आयोजित होने वाली ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा को लेकर नूंह जिला पूरी तरह सुरक्षा के अभेद्य घेरे में रहेगा। यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस और प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। इस बार करीब 2200 पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे, जो यात्रा मार्ग से लेकर प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पूरी तरह मुस्तैद रहेंगे।

# नशा मुक्त भारत-विकसित भारत विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 4 को

हरियाणा मेल ब्यूरो

**रेवाड़ी।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की जिला इकाई, मेरा युवा भारत द्वारा नशा मुक्त भारत-विकसित भारत विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन मंगलवार 4 अगस्त सुबह 10 बजे इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर स्थित कल्पना चावला ऑडिटोरियम में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर के छात्र कल्याण विभाग के सहयोग से किया जाएगा।

मेरा भारत रेवाड़ी के जिला युवा अधिकारी सुमित यादव ने बताया कि प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें नशा मुक्त भारत-विकसित भारत अभियान से जोड़ना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना है।

प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, एनएसएस एवं एनसीसी इकाइयों, युवा क्लबों, सांस्कृतिक संस्थाओं के सदस्य तथा अन्य इच्छुक युवा इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के पात्र है।

प्रतियोगिता के अंतर्गत समूह गीत, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक, ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग, भाषण, रील-यूट्यूब शॉर्ट, स्लोगन लेखन एवं काव्य पाठ जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे तथा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।

जिला स्तर पर प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में रेवाड़ी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।प्रतियोगिताओं, पात्रता, नियमों एवं आवेदन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए युवा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माई भारत पोर्टल पर विजिट कर सकते हैं।

# शादी से इनकार पर महिला ने प्रेमी को उतारा मौत के घाट

## आरोपी महिला मध्य प्रदेश से गिरफ्तार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फरीदाबाद।** गांव अनंगपुर में प्रेमी द्वारा शादी से मना करने से गुस्साई प्रेमिका ने उसकी गला रेतकर हत्या कर दी। अपराध शाखा डीएलएफ पुलिस ने आरोपित महिला को मध्यप्रदेश के जिला रीवा गांव सतना से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित महिला को शनिवार अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि के दौरान हत्या में प्रयुक्त हथियार, घटना से जुड़े अन्य साक्ष्य तथा वारदात के सभी पहलुओं की गहन जांच की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 जुलाई को थाना सूरजकुंड पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि गांव अनंगपुर के डोमका मोहल्ला स्थित एक मकान में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान सदाकत (36 वर्ष), निवासी रामपुर शाहपुर, जिला अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। जांच में पाया गया कि धारदार हथियार से उसका गला काटकर हत्या की गई थी। घटना के संबंध में मृतक के भाई नजाकत अली की शिकायत पर थाना सूरजकुंड में हत्या की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच अपराध शाखा डीएलएफ को जिम्मेदारी सौंपी गई। जांच के दौरान अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने तकनीकी विश्लेषण एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों के आधार पर एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। सूचना के बाद 24 घंटे में ही पुलिस की टीम ने कामयाबी हासिल की है। महिला से पूछताछ में सामने आया कि मृतक सदाकत और आरोपिता दोनों ओमेक्स सोसाइटी में काम करते थे। सदाकत पेंटिंग जबकि महिला घरेलू कार्य (झाड़ू-पोंछा) करती थी। दोनों पहले से शादीशुदा थे। महिला को उसके पति ने छोड़ दिया था। उसकी सदाकत से जान-पहचान हो गई थी। वह सदाकत पर शादी करने का दबाव बना रही थी। वहीं सदाकत उसे टाल रहा था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि 25 जुलाई को महिला ने सदाकत को अपने कमरे पर बुलाया। वहां उसने उसे शराब पिलाई। देर रात जब सदाकत नशे की हालत में सो गया तो उसने चाकू से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद उसने कमरे को बाहर से ताला लगाया और मौके से फरार हो गई।

### इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एंड सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव 2026 में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री

# खेल और पर्यावरण के समन्वय पर दिया विशेष जोर

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

- भारत मंडपम से दिया हरित खेल संस्कृति का संदेश
- कहा आधुनिक खेल अवसंरचना, सस्टेनेबिलिटी और युवा शक्ति के समन्वय से भारत बनेगा वैश्विक खेल महाशक्ति



**फरीदाबाद।** सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एंड सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव 2026 में सहभागिता की। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के खेल मंत्री गौरव गौतम भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। Let's Do It India Foundation एवं Green Hockey AG, Switzerland के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्क्लेव में देश-विदेश से आए राजनयिकों, नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, खेल प्रशासकों, पर्यावरण विशेषज्ञों तथा विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया। कार्यक्रम में खेल, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को एक साझा मंच पर लाकर भविष्य की वैश्विक खेल संस्कृति पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत मंडपम जैसे विश्वस्तरीय मंच पर खेल और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को एक साथ जोड़ने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज विश्व को ऐसी खेल व्यवस्था की आवश्यकता है, जो उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के मूल्यों को भी आगे बढ़ाए।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की मिट्टी में खेल भावना कूट-कूटकर भरी हुई है। प्रदेश के खिलाड़ियों ने कुश्ती, मुक्केबाजी, हॉकी, एथलेटिक्स, शूटिंग सहित अनेक खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाया है। हर बड़े मंच पर हरियाणा के खिलाड़ियों ने तिरंगे का मान बढ़ाया है। यह उपलब्धियां किसी संयोग का परिणाम नहीं हैं, बल्कि खिलाड़ियों के अथक परिश्रम, राज्य सरकार की दूरदर्शी खेल नीति, खेल अकादमियों के विस्तार और निरंतर मिल रहे प्रोत्साहन का परिणाम हैं।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा सरकार का उद्देश्य केवल पदक जीतना नहीं, बल्कि गांव-गांव में छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, आधुनिक खेल सुविधाएं और हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराना है।

इसी सोच के साथ प्रदेश सरकार खेल अवसंरचना को लगातार मजबूत कर रही है ताकि हरियाणा भविष्य में भी देश का अग्रणी खेल राज्य बना रहे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2036 की खेल आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए हरियाणा आधुनिक खेल सुविधाओं के साथ-साथ सस्टेनेबल स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। सस्टेनेबल स्टेडियम, ग्रीन स्पोर्ट्स अकादमियां, स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी स्टार्टअप्स और स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देकर खेल विकास को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ा जा रहा है। आने वाला समय हरित खेल अवसंरचना का होगा और हरियाणा इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विपुल गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'खेलो इंडिया' अभियान ने देशभर में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा दी है। वहीं 'मिशन लाइफ (Lifestyle for Environment)' के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का स्वरूप मिला है।

## खबरें फटाफट

### वाहन की टक्कर से चिनाई मिस्त्री की मौत

**हथीन।** मलाई गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे एक मिस्त्री की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। झांसी जिले के जावन गांव के रहने वाले नीरज अहिरवार ने पुलिस को भी अपनी शिकायत में बताया कि वह और उनके पिता हरि उटावड़ थाना अंतर्गत गांव मलाई में रहकर चिनाई मिस्त्री का काम करते हैं। बीते 29 जुलाई की शाम वह और उनके पिता अपने कमरे से बस स्टैंड पर सामान लेने के लिए जा रहे थे इस दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने उनके पिता हरिराम को सीधी टक्कर मार दी जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर मामला दर्ज कर अज्ञातवास की तलाश और जांच शुरू कर दी है।

### जहरीला पदार्थ खाकर विवाहिता ने की अपनी जीवन लीला समाप्त

**हथीन।** मानसिक उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका के पिता की शिकायत पर बहीन थाना पुलिस ने मृतका के पति, देवर, सास और नंद सहित अन्य परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी अपनी शिकायत में पावसर गांव निवासी जकरिया ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी तसलीमा की शादी वर्ष 2019 में नूँह जिला के गांव शिकरावा के रहने वाले साकिर के साथ की थी। शादी में उन्होंने अपनी हैसियत के मुताबिक करीब 40 ग्राम सोना, 3 किलो चांदी, 1.61 लाख रुपए नगद और बुलेट मोटरसाइकिल दी थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति साकिर और उसके परिवार ने और दहेज की मांग को लेकर तसलीमा को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पुलिस को भी अपनी शिकायत में मृतक के पिता ने कहा कि तसलीमा के बच्चा होने के बाद भी उनसे दोबारा एक मोटरसाइकिल और 51000 रुपये भी ले लिए। जकरिया ने अपनी शिकायत में कहा कि जनवरी 2026 में ससुराल वालों ने तस्लीमा के गहने बेच दिए और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। जून 2026 के पहले सप्ताह में पति साकिर तसलीमा को उसके मायके के गांव पावसर छोड़ गया और एक लाख रुपये नकद लाने की मांग की। लगातार फोन पर मिल रही धमकियों और बच्चों को छीनने की बात से तसलीमा काफी मानसिक तनाव में थी। 30 जुलाई की सुबह अधिक परेशान रहने के बाद दोपहर में तसलीमा ने कोई जहरीला पदार्थ निकल लिया।

### एसटीएफ ने 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार




**हथीन।** एसटीएफ ने एक साल से फरार पांच हजार रुपए के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी को आगामी कार्रवाई के लिए पलवल सीआईए को सौंपा गया है। उक्त जानकारी देते हुए एसटीएफ यूनिट के इंचार्ज इंस्पेक्टर अनिल छिल्लर ने बताया कि तुषार पुत्र गजराज निवासी फुलवाड़ी थाना सदर पलवल के खिलाफ कैंप थाना में मुकदमा नंबर 825/2025 दर्ज है। जिसमें उक्त आरोपी फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि फरार आरोपी तुषार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस महानिरीक्षक दक्षिण मंडल रेवाड़ी ने 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ है। उन्होंने बताया कि इनामी वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उन्होंने टीम को सक्रिय किया। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि इनामी वांछित आरोपी तुषार बल्लबगढ़ में तिगांव रोड़ पर मौजूद है। जिस सूचना पर उन्होंने अविलंब रेडिंग पार्टी को तैयार किया। रेडिंग पार्टी ने तुरंत बताए गए स्थान पर दबिश देकर वांछित इनामी आरोपी को धर दबोचा।

### बृजमंडल जलाभिषेक यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु

# डीएसपी ने पीस कमेटी के साथ की बैठक



**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**हथीन।** आगामी 3 अगस्त को होने वाली बृजमंडल जलाभिषेक यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से हथीन डीएसपी रतनदीप बाली की अध्यक्षता में पीस कमेटी की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हथीन, उटावड़ और बहीन तीनों थानों के थाना प्रभारी व शहर चौकी इंचार्ज अनिल कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। डीएसपी रतनदीप बाली ने बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों से आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह यात्रा धार्मिक आस्था से जुड़ी हुई है, अतः सभी समुदायों से अपेक्षा है कि वे आपसी सहयोग से शांति बनाए रखें एवं किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाए जा रहे हैं। डीएसपी रतनदीप बाली ने बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों से कहा कि वे अपने अपने गांवों में लोगों को शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु प्रेरित करें तथा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने का संदेश दें।

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है और किसी भी भड़काऊ या अफवाह फ़ैलाने वाली पोस्ट के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इलाके में पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है और संवेदनशील गांवों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। डीएसपी रतनदीप बाली को बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों ने विश्वास दिलाया कि वे समाज में शांति एवं भाईचारा बनाए रखने व यात्रा को पूर्णतः शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में प्रशासन का भरपूर सहयोग करने के साथ साथ जलाभिषेक यात्रा का फूल मालाओं से स्वागत भी करेंगे।

## अवैध देसी कट्टा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध, राजेश कुमार मोहन के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। 31 जुलाई को क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने अवैध हथियार रखने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 जुलाई 2026 को क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि अमनजीत(29 वर्ष), निवासी गांधी कालोनी NIT फरीदाबाद अवैध हथियार लेकर नजदीक पल्ला पुल क्षेत्र में मौजूद है। सूचना पर क्राइम ब्रांच की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अमनजीत को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ।

जिस पर आरोपी के विरुद्ध थाना सराय ख्वाजा में शस्त्र अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर, उसे गिरफ्तार करके जांच आरंभ की गई।

# कांवड़ यात्रा को लेकर फरीदाबाद पुलिस अलर्ट

## पुलिस आयुक्त ने गोष्ठी कर अधिकारियों को दिए निर्देश




**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फरीदाबाद।** आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21C में पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई।

बैठक में कांवड़ यात्रा की सुरक्षा, कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

पुलिस आयुक्त ने सभी पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया




**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**फरीदाबाद।** रयान इंटरनेशनल स्कूल, फरीदाबाद में 1 अगस्त 2026 को पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष प्रार्थना सभा के माध्यम से पर्यावरण माह का भव्य समापन भी किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण तथा सतत् जीवनशैली के प्रति विद्यालय की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वशक्तिमान ईश्वर के आशीर्वाद के साथ धर्मग्रंथ पाठ, विशेष प्रार्थना तथा मधुर आराधना गीतों द्वारा किया गया। इस अवसर पर नई दिल्ली नेचर सोसाइटी के प्रमोटर एवं दिल्ली के अग्रणी पर्यावरणविदों में से एक, वेरहेन खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विद्यालय परिवार ने उनका एक गमले वाले पौधे भेंट कर प्रकृति के प्रति प्रेम एवं सम्मान व्यक्त करते हुए हार्दिक स्वागत किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने तीन विभिन्न भाषाओं में स्वागत भाषण प्रस्तुत कर सभी का अभिनंदन किया। नन्हे रयानाइट्स ने "स्वच्छ भारत, हरित भारत" विषय पर एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें मानव द्वारा की जा रही पर्यावरण को हानि पहुँचाने वाली गतिविधियों को समाप्त करने तथा प्रकृति की समृद्ध वनस्पति एवं जीव-जंतुओं के संरक्षण का प्रेरणादायक संदेश दिया गया, ताकि स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण का निर्माण हो सके।

# निवेश के नाम पर 25.80 लाख की ठगी

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फरीदाबाद।** ऑनलाइन टास्क के नाम पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर 25.80 लाख की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस के साइबर थाना बल्लभगढ़ ने मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिपेंद्र (23) निवासी जिला भरतपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपी को शनिवार अदालत में पेश किया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया, जहां उससे गिरोह के अन्य सदस्यों, बैंक खातों तथा ठगी की रकम के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में दर्ज शिकायत में बताया था कि 20 दिसंबर 2025 को उसके टेलीग्राम अकाउंट पर एक अज्ञात व्यक्ति ने पार्ट-टाइम जॉब का ऑफर भेजा। शुरुआत में उसे ऑनलाइन टास्क पूरे करने के बदले अच्छा मुनाफा मिलने का भरोसा दिलाया गया। विश्वास जीतने के लिए शिकायतकर्ता से पहले पांच, नौ और दो हजार रुपए के अलग-अलग यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर कराए गए। इन लेनदेन के बाद उसे मामूली लाभ वापस भेजा गया, जिससे उसे लगा कि निवेश वास्तविक है। इसके बाद ठगों ने अधिक कमाई का लालच देकर शिकायतकर्ता से लगातार बड़ी रकम निवेश करानी शुरू कर दी। कुछ समय बाद आरोपियों ने तकनीकी खराबी का बहाना बनाते हुए बताया कि उसकी राशि फंस गई है और यदि वह अतिरिक्त धनराशि जमा करेगा तो पूरी रकम मुनाफे सहित वापस कर दी जाएगी। झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने 30 दिसंबर 2025 से 7 जनवरी 2026 के बीच विभिन्न बैंक खातों में कुल 25 लाख 80 हजार 728 ट्रांसफर कर दिए। जब उसने अपनी जमा राशि वापस मांगी तो ठगों ने उससे संपर्क करना बंद कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में शिकायत दर्ज कराई।

मामले की जांच के दौरान साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने तकनीकी विश्लेषण, बैंक खातों एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन की कड़ियों को जोड़ते हुए 30 जुलाई 2026 को भरतपुर (राजस्थान) निवासी दिपेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि जिस बैंक खाते में ठगी की राशि प्राप्त हुई थी, उसकी यूपीआई आईडी आरोपी दिपेंद्र ने अपने मोबाइल फोन में तैयार की थी और उसी के माध्यम से लेनदेन संचालित किए जा रहे थे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह 12वीं पास है और जयपुर की एक निजी कंपनी में कार्यरत है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि वह साइबर ठगी गिरोह से कब और कैसे जुड़ा तथा गिरोह के अन्य सदस्यों की भूमिका क्या रही। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि घटनाक्रम में खाताधारक हरिश चंद्र को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में सामने आया था कि उसके बैंक खाते में ठगी की 2.10 लाख की राशि प्राप्त हुई थी।

# फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए किसान मेला आयोजित

## प्रदेश सरकार कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली फसलों को कर रही प्रोत्साहित, धान के साथ कपास की खेती अपनाकर जल संरक्षण में दें योगदान : सुनील दत्त

**उदय चंद माथुर, हरियाणा मेल**

**हथीन।** हरियाणा सरकार की जल संरक्षण एवं फसल विविधीकरण नीति को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा खंड हथीन के गांव कोट में किसान मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने भाग लेकर कपास उत्पादन, आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल संरक्षण तथा विभिन्न कृषि कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

उप-मंडल कृषि अधिकारी सुनील दत्त ने किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली फसलों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे धान के साथ-साथ कपास जैसी कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों को अपनाकर जल संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होने के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि संभव है। कार्यक्रम में कृषि विभाग की ओर से खंड कृषि अधिकारी प्रदीप मलिक, कृषि विकास अधिकारी रूबी, खंड तकनीकी प्रबंधक मुकेश कुमार सहित सभी कृषि पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

उप-मंडल कृषि अधिकारी सुनील दत्त ने किसानों से 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा', 'मेरा पानी मेरी विरासत', प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए समय पर ऑनलाइन पंजीकरण कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि विभाग की अधिकांश योजनाओं का लाभ कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण के आधार पर ही प्रदान किया जाता है।



खंड कृषि अधिकारी प्रदीप मलिक ने किसानों को कपास की फसल में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों की पहचान, रोकथाम तथा वैज्ञानिक उपचार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भविष्य में जल संसाधनों की उपलब्धता को देखते हुए किसानों को ऐसी फसलों की ओर बढ़ना होगा जिनमें सिंचाई की कम आवश्यकता होती है। कपास की खेती धान की अपेक्षा कम पानी एवं कम लागत में बेहतर उत्पादन और लाभ देने वाली फसल है। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन (पराली प्रबंधन) के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध करा रही है। साथ ही इन-सीटू एवं एक्स-सीटू पराली प्रबंधन अपनाने वाले किसानों को 1200 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है।

कृषि विज्ञान केंद्र, मंडकोला के जिला समन्वयक डा. अशोक देशवाल, मत्स्य पालन विभाग के अजय तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने भी किसानों को अपने-अपने विभागों की योजनाओं एवं आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में गांव कोट, बुराका, हथीन, आलीमेव, नांगल जाट, बहीन तथा उटावड़ सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। किसानों ने विभाग द्वारा आयोजित किसान मेले की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम आधुनिक खेती, नई कृषि तकनीकों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं।



## संपादकीय

# क्षमा से अधिक जरूरी है जवाबदेही

लोकतंत्र में क्षमा एक महान मानवीय गुण है, लेकिन सत्ता के हाथों में यह तभी गरिमामय बनती है, जब उसके साथ जवाबदेही भी जुड़ी हो। प्रधानमंत्री ने आंदोलनकारी छात्रों को भटके हुए बच्चे बताते हुए उन्हें क्षमा करने की बात कही है। इस भाव में उदारता दिखाई देती है, पर प्रश्न यह है कि क्या केवल क्षमा की घोषणा से उन युवाओं की पीड़ा समाप्त हो जाएगी, जिनकी वर्षों की मेहनत प्रश्नपत्र लीक, रद्द परीक्षाओं और अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई? क्या सरकार उन प्रश्नों का उत्तर दिए बिना स्वयं को क्षमाशील और विद्यार्थियों को अपराधी मान सकती है?

किसी भी आंदोलन में अपशब्दों, व्यक्तिगत टिप्पणियों और किसी की दिवंगत माता के प्रति अभद्रता का समर्थन नहीं किया जा सकता। लोकतांत्रिक प्रतिरोध की भी मयार्दा होती है। असहमति जितनी प्रखर हो, भाषा उतनी ही संयमित होनी चाहिए। किंतु कुछ लोगों की अमर्यादित भाषा के आधार पर पूरे छात्र आंदोलन के मूल प्रश्नों को छोटा नहीं किया जा सकता। अपशब्द गलत हैं, लेकिन पेपर लीक भी गलत है। अभद्रता निंदनीय है, लेकिन युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ उससे कम निंदनीय नहीं। मयार्दा की मांग केवल सड़क पर खड़े छात्र से नहीं, सत्ता के सिंहासन से भी होनी चाहिए।

आज देश के सामने असली प्रश्न यह नहीं है कि प्रधानमंत्री ने किसे क्षमा किया। असली प्रश्न यह है कि जिन छात्रों ने वर्षों तक दिन-रात मेहनत की, उन्हें न्याय कब मिलेगा। जिस बच्चे की आंख पुलिस कार्रवाई में चली गई, वह किसे क्षमा करे? जिन बच्चों ने निराशा, अपमान और टूटते भविष्य के बीच अपनी जान दे दी, उनकी माताएं किसे क्षमा करें? वे किस दरवाजे पर जाकर पूछें कि उनके घर का दीपक किसकी लापरवाही से बुझा? क्या उनके आंसुओं के लिए भी कोई वीडियो संदेश आएगा? क्या कोई सत्ता उनके सामने सिर झुकाकर कहेगी कि व्यवस्था विफल हुई और हम उत्तरदायी हैं? क्षमा ऊपर से नीचे बरसाया जाने वाला अनुग्रह नहीं हो सकती। लोकतंत्र में जनता शासक की प्रजा नहीं, सत्ता की वास्तविक स्वामिनी है। सरकार अभिभावक की मुद्रा में नागरिकों को क्षमा नहीं देती; वह नागरिकों के प्रति उत्तरदायी होती है। विद्यार्थी यदि भटके हैं, तो यह भी पूछा जाना चाहिए कि उन्हें भटकाया किसने। क्या उन्हें उस परीक्षा व्यवस्था ने नहीं भटकाया, जिसमें मेहनत से अधिक दलालों की पहुंच प्रभावी दिखाई दी? क्या उन्हें उन रद्द परीक्षाओं ने नहीं तोड़ा, जिनके कारण उम्र, अवसर और परिवार की जमा पूंजी समाप्त होती चली गई?

सरकार यदि सचमुच युवाओं को दंड और अदालतों के चक्कर से बचाना चाहती है, तो यह स्वागतयोग्य कदम है। छात्र आंदोलन से जुड़े सामान्य मामलों की समीक्षा होनी चाहिए और निर्दोष विद्यार्थियों को राहत मिलनी चाहिए। पर इसके साथ उन अधिकारियों, परीक्षा एजेंसियों, दलालों और संगठित गिरोहों की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए, जिन्होंने युवाओं के विश्वास को बाजार में बेच दिया। केवल छात्रों को क्षमा कर देना पर्याप्त नहीं; व्यवस्था के अपराधियों को दंडित करना भी आवश्यक है।

राहुल गांधी का यह कहना राजनीतिक रूप से तीखा हो सकता है कि छात्रों को प्रधानमंत्री की क्षमा नहीं, प्रधानमंत्री की माफी चाहिए। किंतु इस कथन के भीतर एक गंभीर लोकतांत्रिक प्रश्न छिपा है। क्या सत्ता कभी अपनी भूल स्वीकार करेगी? हमारे राजनीतिक संस्कार में सफलता का श्रेय लेने वाले अनेक मिलते हैं, पर विफलता की जिम्मेदारी लेने वाले बहुत कम। कभी दोष अधिकारियों पर जाता है, कभी एजेंसी पर, कभी विपक्ष पर और कभी परिस्थितियों पर। परिणाम यह होता है कि हर विफलता का चेहरा होता है, पर कोई उत्तरदायी नहीं होता।

युवाओं को उपदेश से अधिक विश्वास चाहिए। उन्हें यह भरोसा चाहिए कि परीक्षा का प्रश्नपत्र बिकेगा नहीं, मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी, विरोध करने पर उनकी आंखें नहीं फोड़ी जाएंगी और उनकी आवाज को अपराध नहीं माना जाएगा। प्रधानमंत्री का क्षमाभाव तभी ऐतिहासिक बनेगा, जब उसके साथ पीड़ित छात्रों से संवाद, पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच, परीक्षा विफलताओं की जिम्मेदारी और सुधार की स्पष्ट समयसीमा भी जुड़ें।

क्षमा का बड़प्पन महत्वपूर्ण है, किंतु जवाबदेही का साहस उससे भी बड़ा है। लोकतंत्र में सत्ता की महानता इस बात से नहीं मापी जाती कि उसने कितनों को क्षमा किया, बल्कि इससे मापी जाती है कि उसने कितनी ईमानदारी से अपनी भूल स्वीकार की। आज देश के युवाओं को दया नहीं, न्याय चाहिए; उपदेश नहीं, उत्तर चाहिए; और क्षमा से पहले जवाबदेही चाहिए।

-ऋषि नारायण आचार्य

पब्लिक एग्जामिनेशंस अधिनियम : युवाओं की मेहनत और विश्वास की सुरक्षा का सशक्त आधार

# योग्यता का सम्मान, अनुचित साधनों पर कठोर प्रहार



● नायब सिंह सैनी

किसी भी राष्ट्र की प्रगति इस बात पर निर्भर करती है कि उसकी व्यवस्था प्रतिभा, परिश्रम और योग्यता का कितना सम्मान करती है। प्रतियोगी परीक्षाएं केवल नौकरियों या उच्च शिक्षा में प्रवेश का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे लाखों युवाओं के सपनों, वर्षों की मेहनत और उनके परिवारों की आशाओं से जुड़ी होती हैं। जब कोई प्रश्नपत्र लीक होता है, फर्जी अभ्यर्थी परीक्षा में बैठता है, साइबर माध्यमों से परीक्षा प्रक्रिया प्रभावित की जाती है अथवा संगठित गिरोह पूरी व्यवस्था से छेड़छाड़ करते हैं, तब नुकसान केवल एक परीक्षा का नहीं होता। इससे युवाओं का विश्वास टूटता है, प्रशासनिक व्यवस्था की साख प्रभावित होती है और समान अवसर की भावना को गहरी चोट पहुंचती है।

इसी गंभीर चुनौती को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वर्ष 2024 में पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) अधिनियम लागू किया। यह देश का पहला समर्पित केंद्रीय कानून है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक परीक्षाओं की शुचिता की रक्षा करना, संगठित परीक्षा अपराधों पर रोक लगाना और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करना है। इस कानून ने स्पष्ट संदेश दिया कि युवाओं की मेहनत के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

कानून का व्यापक दायरा

यह अधिनियम केंद्र सरकार की विभिन्न सेवाओं, संस्थानों और उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए आयोजित सार्वजनिक परीक्षाओं पर लागू होता है। इसके अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान तथा केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित अन्य परीक्षा संस्थाएं आती हैं।

इस कानून की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि पहली बार परीक्षा से जुड़े अपराधों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया। प्रश्नपत्र लीक करना, प्रश्नपत्र अथवा उत्तर कुंजी पहले उपलब्ध कराना, फर्जी अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठाना, कंप्यूटर नेटवर्क या डिजिटल प्रणाली से छेड़छाड़ करना, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से नकल कराना, गोपनीय जानकारी का दुरुपयोग करना और आर्थिक लाभ के लिए परीक्षा प्रक्रिया को प्रभावित करना अब स्पष्ट रूप से दंडनीय अपराध हैं।

यह कानून उन व्यक्तियों और संस्थाओं पर भी कार्रवाई का प्रावधान करता है, जो संगठित रूप से परीक्षा प्रणाली को प्रभावित करते हैं। इसका उद्देश्य सामान्य अभ्यर्थियों को भयभीत करना नहीं, बल्कि उन गिरोहों, संस्थाओं और अपराधियों पर कठोर प्रहार करना है, जो युवाओं की मेहनत को बाजार में बेचने का प्रयास करते हैं।

**बदलते अपराधों के अनुरूप मजबूत व्यवस्था**

किसी भी प्रभावी कानून की वास्तविक शक्ति केवल उसके निर्माण में नहीं, बल्कि बदलती परिस्थितियों के अनुरूप उसे मजबूत बनाने में होती है। पिछले कुछ वर्षों में परीक्षा अपराधों का स्वरूप तेजी से बदला है। पहले प्रश्नपत्रों की भौतिक प्रतियां चोरी करने या परीक्षा केंद्रों पर नकल कराने जैसी घटनाएं सामने आती थीं, लेकिन अब अपराधी डिजिटल प्लेटफॉर्म, एन्क्रिप्टेड संचार माध्यम, साइबर नेटवर्क, नकली पहचान और आधुनिक वित्तीय लेन-देन का उपयोग करने लगे हैं।

इसी कारण जांच एजेंसियों की क्षमता बढ़ाने, डिजिटल साक्ष्यों के वैज्ञानिक विश्लेषण और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता महसूस हुई। परीक्षा अपराधों का नेटवर्क अब किसी एक जिले अथवा राज्य तक सीमित नहीं रहता। एक स्थान से प्रश्नपत्र प्राप्त किया जाता है, दूसरे राज्य में उसे डिजिटल माध्यम से भेजा जाता है और तीसरे स्थान पर अभ्यर्थियों से धन वसूला जाता है। ऐसी स्थिति में स्थानीय स्तर की जांच पर्याप्त नहीं हो सकती।

संगठित परीक्षा अपराधों की जांच के लिए विशेष जांच दलों, साइबर विशेषज्ञों और विभिन्न राज्यों की एजेंसियों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। डिजिटल रिकॉर्ड, मोबाइल डेटा, बैंक लेन-देन, इलेक्ट्रॉनिक संदेश और ऑनलाइन











प्लेटफॉर्म से प्राप्त साक्ष्य अपराधियों तक पहुंचने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

**त्वरित जांच और समयबद्ध न्याय की आवश्यकता**

परीक्षा अपराधों के मामलों में केवल गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं होती। यदि मुकदमे वर्षों तक अदालतों में लंबित रहें और दोषियों को समय पर दंड न मिले, तो कानून का भय कमजोर पड़ जाता है। इसलिए ऐसे मामलों की जांच और न्यायिक प्रक्रिया को समयबद्ध बनाना आवश्यक है।

त्वरित न्याय केवल दोषियों को सजा देने का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के विश्वास को बहाल करने का भी साधन है। जब अभ्यर्थियों को यह दिखाई देगा कि प्रश्नपत्र लीक करने वाले गिरोहों पर तुरंत कार्रवाई हुई, उनकी संपत्ति जब्त की गई और उन्हें शीघ्र दंड मिला, तभी व्यवस्था के प्रति उनका भरोसा मजबूत होगा।

परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए तकनीक का उपयोग भी महत्वपूर्ण है। सुरक्षित डिजिटल सिस्टम, प्रश्नपत्रों की निगरानी, परीक्षा केंद्रों पर कैमरे, अभ्यर्थियों की पहचान की आधुनिक व्यवस्था और संदिग्ध गतिविधियों के वास्तविक समय में विश्लेषण से गड़बड़ी की आशंका को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

**युवा सशक्तिकरण विकसित भारत की आधारशिला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को केवल रोजगार तलाशने वाला वर्ग नहीं, बल्कि भारत के विकास का सबसे बड़ा भागीदार माना गया है। इसी सोच के आधार पर शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएं शुरू की गईं।

नई शिक्षा नीति-2020 ने शिक्षा को अधिक व्यावहारिक, रोजगारपरक और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। कौशल भारत मिशन और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना ने युवाओं को नए क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया। स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, अटल इनोवेशन मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, डिजिटल इंडिया और विद्या लक्ष्मी जैसी पहलों ने युवाओं के लिए शिक्षा, नवाचार, स्वरोजगार और उद्यमिता के नए अवसर तैयार किए।

आज का युवा केवल नौकरी पाने तक सीमित नहीं रहना चाहता। वह रोजगार पैदा करना, नई तकनीक विकसित करना, दुनिया के सामने भारतीय प्रतिभा को स्थापित करना और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना चाहता है। ऐसी स्थिति में यह सरकार और समाज की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक युवा को निष्पक्ष अवसर और विश्वसनीय व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।

**हरियाणा में पारदर्शी और मेरिट आधारित भर्ती**

राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक परीक्षाओं की सुरक्षा के लिए मजबूत कानून लागू होने के साथ हरियाणा ने भी भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और मेरिट को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। राज्य सरकार का स्पष्ट मानना है कि सरकारी सेवा का अवसर केवल प्रतिभा, योग्यता और परिश्रम के आधार पर मिलना चाहिए।

इसी उद्देश्य से भर्ती प्रक्रियाओं में डिजिटल प्रणाली, तकनीकी निगरानी और समयबद्ध चयन व्यवस्था को मजबूत किया गया है। अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप कम करने, निष्पक्षता बढ़ाने और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अनेक प्रशासनिक सुधार लागू किए गए हैं।

प्रदेश में ह्यबिना खर्ची-बिना पर्चीह्ल के सिद्धांत पर पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर 1.80 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की जा चुकी हैं। कॉमन पात्रता परीक्षा के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया को सरल, निष्पक्ष और व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया गया है। इसका उद्देश्य केवल नियुक्तियां करना नहीं, बल्कि युवाओं में यह विश्वास स्थापित करना है कि उनकी मेहनत का सम्मान होगा और चयन प्रक्रिया में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होगा।

जब प्रत्येक अभ्यर्थी इस विश्वास के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश करेगा कि उसकी सफलता का निर्णय केवल उसकी योग्यता, क्षमता और परिश्रम से होगा, तभी वास्तविक अर्थों में समान अवसर वाली व्यवस्था स्थापित होगी। यही सक्षम और पारदर्शी शासन की पहचान है। यही विकसित हरियाणा की शक्ति और विकसित भारत की मजबूत नींव है।

निष्पक्ष, सुरक्षित और विश्वसनीय परीक्षा व्यवस्था केवल युवाओं के सपनों की रक्षा नहीं करती, बल्कि राष्ट्र की प्रशासनिक क्षमता, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक विश्वास को भी मजबूत बनाती है। युवाओं की मेहनत की रक्षा करना वस्तुतः भारत के भविष्य की रक्षा करना है।

# परिवार में महिलाओं को भी अपने सपने पूरे करने के पर्याप्त अवसर मिलें



● कृष्णमोहन झा

विगत दिनों विश्व मांगल्य सभा के तत्वावधान में आयोजित " युगानुकूल मातृत्व " कार्यक्रम के समापन सत्र में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जो सारगर्भित व्याख्यान दिया वह पूरी तरह मातृत्व विमर्श पर केंद्रित था। संघ प्रमुख ने अपने व्याख्यान में इस बात को विशेष रूप से रेखांकित किया कि आदिकाल से मातृत्व ही सृष्टि का आधार रहा है और मातृत्व के बिना सृष्टि का सृजन,संवर्धन और पोषण संभव नहीं है।मनुष्य की प्रथम गुरु माता होती है जो संस्कारित करने के साथ ही उसके विचारों को सही दिशा प्रदान करती है। माता जीवन भर उसे भावनात्मक संबल भी प्रदान करती है। मोहन भागवत ने कहा कि भारतीय परंपरा में मातृत्व और परिवार लंबे समय से चिंतन का विषय रहा है । स्वामी विवेकानंद, महात्मा गाँधी और रवींद्र नाथ टैगोर ने इस विषय पर महत्वपूर्ण विचार रखे हैं।

संघ प्रमुख ने आगे कहा कि परिवार में समय देना और संवाद बनाए रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान करना माता पिता का दायित्व है इसलिए उन्हें निरंतर अपना स्वयं का ज्ञान भी बढाते रहना चाहिए। माता पिता को बच्चों के सामने खुद आदर्श आचरण प्रस्तुत करना होगा क्यों बच्चों में बडों. का अनुकरण करने की प्रवृत्ति होती है।

भागवत ने कहा कि समाज में अनेक विमर्श भ्रम के कारण चलते हैं। भारतीय संस्कृति के बारे में यह भ्रम फैलाया गया कि हमारी परंपराएं गलत हैं जबकि वास्तविकता यह है कि हमारा सांस्कृतिक आधार अत्यंत प्रबल और प्रत्यक्ष है। भागवत ने कहा कि हमें अपने इतिहास, ज्ञान और परंपराओं पर विश्वास रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए।

संघ प्रमुख ने विविधता में एकात्म भाव को भारतीय संस्कृति का मूल संदेश बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि भारत में रहते हुए भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के अनुरूप जीवन जीना चाहिए। भागवत ने अपने भाषण में अन्य देशों के जीवन मूल्यों का अंधानुकरण करने के बजाय भारतीय दृष्टिकोण के आधार पर समाज और परिवार व्यवस्था को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

गौरतलब है कि संघ प्रमुख भागवत मोहन भागवत अपने व्याख्यानों में हमेशा ही राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान को रेखांकित करते हुए इस बात पर विशेष जोर देते हैं कि राष्ट्र की उन्नति के लिए महिला सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है। विगत दिनों नई दिल्ली में विश्व मांगल्य सभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम"युगानुकूल मातृत्व" के समापन समारोह में दिए गए अपने उदबोधन में उन्होंने अपने इसी मंतव्य को दोहराते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए पुरुषों में भी जागरूकता लाना आवश्यक है और इसकी शुरूआत परिवार से होना चाहिए।भागवत ने कहा कि केवल इसलिए कि महिलाएं सक्षम हैं ,उन पर परिवार की सारी जिम्मेदारी नहीं डाली जाना चाहिए बल्कि परिवार को एक टीम की तरह काम करना चाहिए जिसमें परिवार के हर सदस्य की जिम्मेदारी तय होना चाहिए।

भागवत ने अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए आगे कहा कि परिवार को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परिवार की जिम्मेदारियों के निर्वहन करते महिलाओं को अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने का पर्याप्त अवसर मिले। परिवार को स्वयं से यह पूछना चाहिए वह महिलाओं को ऐसे कौन से अवसर प्रदान कर सकता है जिसमें वह अपने सपनों को साकार कर सके यह तभी संभव हो सकता है इसके परिवार के सभी सदस्यों की प्राथमिकताएं तय होना चाहिए ।

संघ प्रमुख का कहना था कि व्यक्ति को शांति और संतोष की अनुभूति तभी हो सकती है जब उसे अपनी पसंद का कार्य करने का अवसर मिले। संघ प्रमुख ने समाज में ऐसा वातावरण बनाने का आह्वान किया जिसमें महिलाओं वह सम्मान और सहयोग जिसकी वे हकदार हैं। भागवत ने कहा जिस तरह पहले के समय में घर की वित्तीय व्यवस्था और महत्वपूर्ण फैसलों में महिलाओं की भूमिका प्रमुख होती थी और परिवार आपसी सलाह मशवरा से चलते थे वही साझेदारी की भावना विकसित करने की आज आवश्यकता है।

विश्व मांगल्य सभा के एक अन्य कार्यक्रम में संघ प्रमुख ने कहा कि कहा कि विवाह जीवन में अनुशासन लाता है और धर्म व जिम्मेदारी का भाव पैदा करता है। इसके विपरीत लिव इन रिलेशनशिप में लोग जिम्मेदारी से बचकर केवल सुख चाहते हैं।

जब तक मन करे, साथ रहो और जब मन न करे अलग हो जाओ। इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होती भागवत ने लिव इन रिलेशनशिप के परिणाम सारी दुनिया देख रही है। आधुनिकता का विरोध नहीं किया जा सकता लेकिन परंपराओं को पूरी तरह छोड़ देना भी उचित नहीं है।भागवत ने कहा इस बात पर जोर दिया कि समय के साथ बदलाव जरूरी है लेकिन वह परिवार और समाज को मजबूत करने वाला होना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि मातृ शक्ति के सशक्तिकरण, परिवार व सामाजिक जागरण के लिए समर्पित संगठन विश्व मांगल्य सभा की स्थापना 2010 में स्वामी जितेंद्र नाथ महाराज ने की थी। यह संगठन आज देश के प्रांतों में सामाजिक सांस्कृतिक एवं वैचारिक क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन के लिए अपनी गतिविधियां संचालित कर रहा है।

(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)




**मेष** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृषभ** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी।

**मिथुन** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कर्क** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**सिंह** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

**कन्या** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**तुला** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा।

**वृश्चिक** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**धनु** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

**मकर** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी।

**कुंभ** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम।

**मीन** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी।

# हाईकोर्ट के न्यायाधीश की टिप्पणी के व्यापक अर्थ

● अरुण कुमार दीक्षित

पत्रकारिता का संबंध जन सरोकारों से है। पत्रकारिता लोकहित का माध्यम है। पत्रकारिता राष्ट्र के तीनों आयामों कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका को सत्य, न्याय और पारदर्शी बनाने की प्रमुख भूमिका में होती है। तभी इसे राष्ट्र का चौथा स्तम्भ माना गया है। निरंकुश राजनीति पर प्रहार करती है। मानवीय मूल्यों की तरफदारी करती है पत्रकारिता। समाज में पत्रकारिता से नया वातावरण सृजित होता है। हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। पत्रकारिता जगत को आत्ममंथन करना चाहिए। जुलाई माह में दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गिरीश कठपालिया की टिप्पणी के गहन और व्यापक अर्थ हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल और माइक लेकर घूमने वाला हर व्यक्ति खुद को पत्रकार बताने लगा है। प्रेस की स्वतंत्रता आवश्यक है, लेकिन गैरजिम्मेदार पत्रकारिता के नाम पर डराना-धमकाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह चिंता वर्तमान समय की वास्तविकता को दर्शाती है, जहां तकनीक ने सूचना के प्रसार को आसान बनाया है, लेकिन इसके साथ जिम्मेदारी का संकट भी गहराया है।

मोबाइल और सोशल मीडिया के विस्तार के साथ सूचनाओं की बाढ़ आ गई है। इनमें वे खबरें महत्वपूर्ण हैं जो जन सरोकारों से जुड़ी हों और समाज व राष्ट्र के हित में हों। इसके विपरीत वे सूचनाएं हानिकारक हैं जो समाज को तोड़ती हैं, विघटन पैदा करती हैं और कानून-व्यवस्था को चुनौती देती हैं। पिछले डेढ़-दो दशकों में सूचनाओं की अधिकता ने व्यक्ति के मानसिक संतुलन को भी प्रभावित किया है। नकारात्मक और सनसनीखेज खबरें तनाव बढ़ाती हैं और कई बार हिंसक प्रवृत्तियों को जन्म देती हैं।

आज स्थिति यह है कि सकारात्मक और प्रेरणादायक सूचनाओं की कमी महसूस की जा रही है। समाचार माध्यमों को अब लोगों को तनाव से बचने, स्वस्थ रहने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए भी मार्गदर्शन देना पड़ रहा है। यह इस बात का संकेत है कि नकारात्मक सूचनाओं का प्रभाव समाज पर गहरा पड़ रहा है।

तकनीक के इस दौर में साइबर अपराधों का खतरा भी तेजी से बढ़ा है। बिना जानकारी के बैंक खातों से धन निकल जाना, डिजिटल धोखाधड़ी और तथाकथित डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों ने आम लोगों को असुरक्षित बना दिया है। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा डराकर-धमकाकर धन ठगना एक गंभीर समस्या बन चुकी है। अश्लील सामग्री और ब्लैकमेलिंग के मामलों में भी वृद्धि हुई है, जिससे समाज में भय और असुरक्षा का वातावरण पैदा हो रहा है। इस पूरे परिदृश्य में तथाकथित पत्रकारों की भूमिका भी चिंताजनक है। कई लोग खबर चलाने की धमकी देकर लोगों को परेशान करते हैं, आंशिक या भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करते हैं और किसी भी व्यक्ति की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है और उसका स्वरूप विकृत होता जा रहा है।

हमें यह याद रखना चाहिए कि पत्रकारिता का इतिहास संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन से जुड़ा रहा है। महात्मा गांधी ने इंडियन ओपिनियन, यंग इंडिया और हरिजन जैसे पत्रों के माध्यम से अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। डॉ. भीमराव आंबेडकर, बाल गंगाधर तिलक, गणेश शंकर विद्यार्थी और अन्य महान हस्तियों ने भी पत्रकारिता को समाज सुधार का माध्यम बनाया। आज के समय में संचार माध्यमों का स्वरूप और अधिक जटिल हो गया है। मोबाइल के माध्यम से किसी भी निजी बातचीत या घटना को रिकॉर्ड कर सार्वजनिक कर दिया जाता है। इससे व्यक्ति की निजता प्रभावित हो रही है और समाज में अविश्वास बढ़ रहा है। लोग एक-दूसरे पर भरोसा करने से हिचकने लगे हैं, जिससे सामाजिक संबंध कमजोर हो रहे हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के आगमन ने इस चुनौती को और बढ़ा दिया है। अब किसी का भी फर्जी फोटो या वीडियो तैयार करना संभव हो गया है, जिससे लोगों की छवि को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। हालांकि एआई के कुछ सकारात्मक उपयोग भी हैं, लेकिन इसका दुरुपयोग समाज के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया है, लेकिन इसका दुरुपयोग कर समाज में नफरत और भ्रम फैलाना उचित नहीं है। कोई भी व्यक्ति या संस्था संविधान से ऊपर नहीं है। इसलिए आवश्यक है कि इस मनमानी पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

अंततः, न्यायाधीश की टिप्पणी हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि पत्रकारिता की जिम्मेदारी और मर्यादा को बनाए रखना कितना आवश्यक है। समाज, सरकार और मीडिया सभी को मिलकर इस दिशा में गंभीरता से विचार करना होगा, ताकि पत्रकारिता अपनी मूल भावना—जनहित और सत्य—के प्रति समर्पित रह सके।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को बनाएं जन आंदोलन: बराला

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फतेहाबाद।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वृक्षारोपण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प ले तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला शनिवार को अपने पैतृक गांव डांगरा स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण किया तथा गांव में चलाए जा रहे हरित अभियान की सराहना की।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान व्यापक रूप से चलाया जा रहा है। यह अभियान केवल वृक्ष लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि मातृत्व, प्रकृति और पर्यावरण के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष प्रयास किए जा रहे हैं तथा हाल ही में प्रदेशभर में 77वां वन महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया है। सुभाष बराला ने कहा कि बदलते पर्यावरणीय हालात और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव आज स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। कहीं अत्यधिक वर्षा हो रही है तो कहीं वर्षा की कमी देखने को मिल रही है।

वायु प्रदूषण और घटते हरित क्षेत्र भी चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय असंतुलन को दूर करने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। जब तक बड़े स्तर पर पौधे नहीं लगाए जाएंगे और उनका संरक्षण नहीं किया जाएगा, तब तक स्वच्छ वातावरण और पर्याप्त ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करना कठिन होगा।

राज्यसभा सांसद ने गांव डांगरा के नागरिकों की सराहना करते हुए कहा कि गांव की सरपंच उर्मिला मूंड, पूर्व ब्लॉक समिति चेयरमैन सुरजीत सिंह, नंबरदारों तथा अन्य ग्रामीणों के सहयोग से गांव में बड़े स्तर पर पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है।

गांव के कम्युनिटी सेंटर, स्टेडियम, तालाबों के आसपास, श्मशान घाट तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सैकड़ों पौधे लगाए जा रहे हैं। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गांव को हरित और स्वच्छ बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर गांव की सरपंच उर्मिला मूंड, कुलदीप मूंड, नगर परिषद चेयरमैन नरेश बंसल, जयसिंह भडिया सहित गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अलग-अलग सड़क हादसों में युवक समेत दो की मौत

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने शनिवार को मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने फरार वाहन चालकों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ललितखेड़ा खेड़ा निवासी जयपाल शुक्रवार शाम को अपने खेत में गया हुआ था। वापसी के दौरान जब वह रोड को पार कर रहा था तो उसी दौरान गोहाना की तरफ से आ रही तेजरफ्तार कार ने जयपाल को टक्कर मार दी। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। गंभीर हालात में जयपाल को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के बेटे जयबीर की शिकायत पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, गांव कुचराना कलां निवासी प्रिंस (18) बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। गांव सच्चाखेड़ा के निकट तेजरफ्तार स्कार्पियो गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। गंभीर हालात में प्रिंस को नागरिक अस्पताल नरवाना ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। मृतक के पिता धर्मपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि प्रिंस दो बहनों का इकलौता भाई था।

### 13 करोड़ रुपए की सोलर ग्रीनहाउस परियोजना

## दस्तावेज़ों ने खोले कई राज, फाइलों की 'बुलेट स्पीड' से मंजूरी पर उठे सवाल

**महेंद्र गोयल, हरियाणा मेल**

**हिसार।** एनएसयूआई, हिसार के जिला अध्यक्ष रोहित दलाल ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में वर्ष 2017-18 के दौरान लगभग 13 करोड़ की लागत से प्रस्तावित इंटीग्रेटेड सोलर बेस्ड हाई-टेक ग्रीनहाउस परियोजना से संबंधित उपलब्ध दस्तावेज़ों के आधार पर परियोजना की स्वीकृति प्रक्रिया, समिति गठन, धनराशि के एकत्रीकरण तथा फाइलों के असाधारण रूप से त्वरित निस्तारण पर गंभीर प्रश्न उठाए हैं तथा पूरे मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है। दस्तावेज़ों के अनुसार परियोजना की शुरुआत 11 अक्टूबर 2017 को तत्कालीन नियंत्रक अधिकारी (लैंडस्केप यूनिट) डॉ. एस.के. सहरावत द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आर.के.वी.वाई.) के अंतर्गत समिति गठन के प्रस्ताव से हुई, जिसे तत्कालीन कुलपति प्रो. के.पी. सिंह (वर्तमान कुलपति, महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली) ने उसी दिन स्वीकृति प्रदान कर दी।

इसके बाद 13 फरवरी 2018 को 13 करोड़ की परियोजना के लिए समिति गठन का प्रस्ताव विभागाध्यक्ष, वानिकी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे डीन, कृषि महाविद्यालय की संस्तुति के बाद उसी दिन कुलपति ने स्वीकृति दे दी। सामान्यतः ऐसी फाइलों के अनुमोदन में कई कार्य दिवस लगते हैं, जबकि इस मामले में प्रस्ताव और स्वीकृति एक ही दिन में हो गई।

दस्तावेज़ों से यह भी परिलक्षित होता है कि प्रस्ताव नियंत्रक की टिप्पणी से पूर्व ही कुलपति के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। वहीं, लगभग 13 करोड़ की निर्माण एवं इंजीनियरिंग परियोजना होने के बावजूद समिति में एस्टेट ऑफिस के किसी भी तकनीकी अधिकारी को शामिल नहीं किया गया।

रोहित दलाल ने कहा कि 05 मार्च 2018 को अनुसंधान निदेशक द्वारा लगभग 13 करोड़ की परियोजना का प्रस्ताव कुलपति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर कुलपति ने 'CAU to comment' अंकित किया। इसके बाद नियंत्रक की टिप्पणियां प्राप्त होने पर 16 मार्च 2018 को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। परियोजना के लिए वानिकी विभाग से 80 लाख, लैंडस्केप यूनिट से 80.37 लाख, उद्यानिकी विभाग से 39.80 लाख तथा राज्य योजना से 10.9983 करोड़ जोड़कर कुल 13 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई गई। दस्तावेज़ों में यह भी उल्लेख है कि राज्य योजना की अतिरिक्त राशि विश्वविद्यालय की नॉन-रिकरिंग मद में उपलब्ध समग्र बचत से उपलब्ध कराई जानी थी।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन की चपेट में आए मजदूर की मौत

**सिरसा।** जिले के डबवाली उपमंडल क्षेत्र में रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को डबवाली के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक युवक की पहचान बिहार निवासी सिकंदर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सिकंदर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ क्षेत्र में धान रोपाई के लिए आया था। धान रोपाई का काम समाप्त होने के बाद मजदूर वापस बिहार जाने की तैयारी कर रहे थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर रात सिकंदर बाजार से खरीदारी कर अपने कमरे में आ रहा था। डबवाली के मलोट रोड रेलवे पुल के नीचे सिकंदर ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसका पैर व हाथ कट गए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को डबवाली के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** आदमपुर थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले में सह-आरोपी की भूमिका की भी जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। 25 वर्षीय युवती की शिकायत पर आदमपुर थाना में मामला दर्ज किया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि गांव सदलपुर निवासी प्रदीप उर्फ दीपू ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी के भाई नवीन ने उसे जान से मारने की धमकी देकर मामला वापस लेने का दबाव बनाया। मामले की जांच उप निरीक्षक आशा ने की। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर मुख्य आरोपी प्रदीप उर्फ दीपू को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान हिसार पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### इंस्टाग्राम पर सस्ती ड्रेस का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के 3 आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** हिसार साइबर थाना पुलिस ने इंस्टाग्राम पर सस्ती ड्रेस, गिफ्ट और कैशबैक का लालच देकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को राजस्थान के बूंदी जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि ऋषि नगर निवासी कमल से आरोपियों ने पहले कम कीमत पर ड्रेस दिलाने का झांसा दिया और बाद में अलग-अलग यूपीआई आईडी पर 41,940 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। विश्वास जीतने के लिए 9,090 रुपये वापस भेजे गए, लेकिन अंततः 32,850 रुपये की ठगी कर ली गई। जांच के आधार पर पुलिस ने उमाशंकर सैनी, सेवक सिंह और विकास मीणा को गिरफ्तार किया।

### कार की टक्कर से युवक घायल, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

**हिसार।** उकलाना खंड के गांव बिठमड़ा के ग्रामीणों ने फरीदपुर निवासी बिंद्र की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग पर संबंधित पुलिस चौकी प्रभारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने शनिवार को आरोप लगाया कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए कुलदीप को अब तक न्याय नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों ने शनिवार को बताया कि गांव बिठमड़ा निवासी कुलदीप अपने खेत से काम समाप्त कर मोटरसाइकिल पर गांव लौट रहा था। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार स्विफ्ट कार लेकर आ रहे फरीदपुर निवासी बिंद्र ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

## किसान गोष्ठी में दी आधुनिक खेती की जानकारी

### लक्की ड्रॉ में चार्जिंग स्कूटी समेत कई पुरस्कार वितरित

**रमेश गोदारा, हरियाणा मेल**




**अग्रोहा।** न्यू किसान सेवा सेंटर, अग्रोहा मोड़ की ओर से शनिवार को किसान गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वार्षिक किसान लक्की ड्रॉ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक खेती, उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक प्रयोग तथा फसल सुरक्षा से जुड़े नवीनतम तकनीकी उपायों की जानकारी दी और वैज्ञानिक खेती अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और जादूगर अशोक सम्राट के प्रदर्शन ने किसानों का भरपूर मनोरंजन किया। इसके बाद पारदर्शी तरीके से वार्षिक किसान लक्की ड्रॉ निकाला गया। प्रथम पुरस्कार के रूप में चार्जिंग स्कूटी सोनू बुगालिया (साबरवास) ने जीती। द्वितीय पुरस्कार फ्रिज कुलदीप राहड़ (लांदड़ी), तृतीय पुरस्कार वाशिंग मशीन शांतनु जौहर (लांदड़ी), जबकि चतुर्थ व पंचम पुरस्कार के रूप में कूलर क्रमशः सतबीर प्रधान (गोशाला प्रधान, लांदड़ी) और रामू ज्यानी (लांदड़ी) को प्रदान किए गए।

सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 100 किसानों को हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 600 किसानों को आकर्षक उपहार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के संचालक मनोज मेहता ने सभी किसानों, कृषि विशेषज्ञों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में इस योजना को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा तथा समय-समय पर ऐसे जागरूकता और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। आयोजन के सफल संचालन पर विजेताओं और उपस्थित किसानों को शुभकामनाएं दी गईं।

## युवक का अपहरण कर मारपीट करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**जींद।** थाना गढ़ी पुलिस ने युवक का अपहरण कर बंधक बना मारपीट करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

थाना गढ़ी प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि गांव रसीदां निवासी मनदीप ने गत 30 जून को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसने गांव धमतान साहिब बस अड्डे के निकट मिस्त्री की दुकान पर खड़ा था। उसी दौरान कुछ व्यक्ति गाड़ी में सवार होकर आए और बातचीत का बहाना बना जबरन गाड़ी में डाल लिया। आरोपित पहले उसे गांव ढाबी-पीपलथा रोड पर ले गए और उसके साथ जम कर मारपीट की। जिसके बाद आरोपित उसे नरवाना में एक दुकान पर ले गए। जहां पर बंधक बना कर उसके साथ मारपीट की। हालात बिगडऩे पर आरोपित उसे गांव शिमला के पास छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस ने मनदीप की शिकायत पर राहुल समेत कुछ अन्य के खिलाफ मारपीट करने, बंधक बनाने तथा अपहरण करने का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने जांच को आगे बढाया तो गांव रसीदां निवासी राहुल तथा करण उर्फ सागर का नाम सामने आया।

## वाटर टैंक में मिले महिला और दो मासूम बच्चों के शव

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**हिसार।** जिले के अग्रोहा थाना क्षेत्र के गांव मलापुर में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब शुक्रवार से लापता एक महिला और उसके दो मासूम बच्चों के शव घर के वाटर टैंक में मिले। घटना की सूचना मिलते ही अग्रोहा थाना पुलिस, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, गांव मलापुर निवासी अमित कुमार की पत्नी मुकेश (33) अपने दो बच्चों वंश और वर्षा के साथ शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद मामले की सूचना अग्रोहा थाना पुलिस को दी गई।

शनिवार दोपहर ग्रामीणों ने घर के वाटर टैंक में तीनों के शव दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को टैंक से बाहर निकलवाया और जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।

बताया जा रहा है कि मृतका का पति अमित कुमार मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल है। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। पुलिस ने महिला और दोनों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं।

अग्रोहा थाना पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गुजविप्रौवि में आज से शुरू होगा 'नशा मुक्त युवा' अभियान

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**हिसार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 2 अगस्त से शुरू होने वाले 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' की तैयारियों को लेकर गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के सफल संचालन और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि 2 अगस्त को सुबह 9:30 बजे चौधरी रणबीर सिंह सभागार के सेमिनार हॉल-1 में अभियान का शुभारंभ होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यार्थी संबोधन सुनने के साथ नशा मुक्ति की शपथ भी लेंगे। उन्होंने अधिकारियों को अभियान के तहत अगले 100 सप्ताह का गतिविधि कैलेंडर तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि विश्वविद्यालय में नियमित रूप से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें। छात्र कल्याण अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), यूथ रेड क्रॉस और ड्रग प्रिवेंशन सेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है।

## हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

### सप्लाई नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस

**हरियाणा मेल, एजेंसी**

**यमुनानगर।** यमुनानगर पुलिस की अपराध शाखा-एक ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 52 ग्राम 82 मिलीग्राम स्मैक के साथ एक युवक को शनिवार को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से पुलिस ने पूछताछ के लिए रिमांड हासिल किया है। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद हेरोइन कहां से लाई गई थी और इसकी आपूर्ति किन लोगों तक की जानी थी।

अपराध शाखा-एक के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि एक युवक पांजूपुर नहर पुल के पास से मोटरसाइकिल पर नशीला पदार्थ लेकर गुजरने वाला है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने क्षेत्र में घेराबंदी कर निगरानी शुरू की। कुछ समय बाद संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोककर नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 52 ग्राम 82 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान रायपुर निवासी मुंसाद के रूप में हुई। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ और मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की।

इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। प्रभारी राजकुमार के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी लक्कड़ मंडी में पल्लेदारी का काम करता है। रिमांड के दौरान उससे नशे के स्रोत, सप्लाई चेन और उससे जुड़े अन्य लोगों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जाएगी।

## लंबित मांगों को लेकर 17 अगस्त को डीसी कार्यालय पर धरना देंगे सेवानिवृत्त कर्मचारी

**अशोक कुमार, हरियाणा मेल**




**हिसार।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एसोसिएशन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 17 अगस्त को उपायुक्त कार्यालय पर धरना देने का निर्णय लिया है। यह फैसला शनिवार को बस स्टैंड स्थित महासंघ यूनियन कार्यालय में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक की अध्यक्षता बलबीर देशवाल ने की, जिसमें रोडवेज, पुलिस, शिक्षा, उपायुक्त कार्यालय सहित विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल हुए।

हिसार कमिश्नरी के संयोजक राजपाल नैन ने बताया कि सरकार के समक्ष लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान के लिए धरना आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में पंजाब, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ की तर्ज पर 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पूरी होने पर क्रमशः 10, 15 और 20 प्रतिशत पेंशन वृद्धि लागू करना, नई पेंशन योजना (एनपीएस) समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करना तथा मेडिकल भत्ता एक हजार रुपये से बढ़ाकर तीन हजार रुपये प्रतिमाह करना शामिल है।

इसके अलावा सभी बीमारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा, कम्यूटेशन की कटौती अवधि 15 वर्ष से घटाकर 12 वर्ष करना, पारिवारिक पेंशनधारकों को एलटीसी सुविधा, पेंशन आय को आयकर से मुक्त करने तथा 18 माह के लंबित महंगाई भत्ते (डीए) के एरियर का भुगतान करने की भी मांग उठाई गई। बैठक में पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति के आंदोलन को समर्थन देने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक को एम.एल. सहगल, नरेश गोयल, रणजीत सिंह, बलवान सिंह, रूप सिंह बोस, गजे सिंह, राजकुमार रेड्डू और कामरेड रामकिशन समेत अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

## लोक संस्कृति के रंगों से सजा कल्चर फेस्ट आयोजित

**महेंद्र सिंह, हरियाणा मेल**




**सिरसा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग की ओर से हेरिटेज, कल्चरल एंड एथिकल वैल्यूज ऑफ हरियाणा एंड एनवायरनमेंट थीम पर आधारित खंड स्तरीय कल्चर फेस्ट-2026 का आयोजन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेला ग्राउंड सिरसा में उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार, विद्यालय की प्रधानाचार्या परमजीत कौर, नोडल अधिकारी सुनील कुमार, सह-नोडल अधिकारी कामिनी नागपाल, अनिल भाटिया तथा निर्णायक मंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में ब्लॉक के विभिन्न राजकीय विद्यालयों से आए 250 से अधिक विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं का आयोजन कक्षा 5वीं से 8वीं तथा कक्षा 9वीं से 12वीं के दो वर्गों में किया गया।

इस दौरान सोलो फोल्क डांस, ग्रुप डांस, सोलो रागिनी तथा जूनियर एवं सीनियर वर्ग की स्कीट प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। प्रतिभागियों ने हरियाणा की लोक संस्कृति, लोक परंपराओं, सामाजिक मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण तथा सामाजिक समरसता जैसे विषयों को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगी वेशभूषा, लोक संगीत और अभिनय ने पूरे वातावरण को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया।

मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की मजबूत नींव हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना तथा अपनी संस्कृति के प्रति गर्व की भावना विकसित होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए जिला एवं राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के परिणामों में राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिरसा ने सोलो रागिनी एवं सोलो फोल्क डांस प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जूनियर एवं सीनियर ग्रुप डांस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पतली डाबर ने प्रथम स्थान हासिल किया। जूनियर ग्रुप स्किट में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पनिहारी तथा सीनियर ग्रुप स्किट में एस.एन.एस. राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भावदीन विजेता रहे। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अब जिला स्तरीय कल्चर फेस्ट-2026 में सिरसा ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## घर में चल रहे हेरोइन सेवन के ठिकाने का भंडाफोड़, महिला सहित 16 गिरफ्तार

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने शहर के गुरुनानकपुरा मोहल्ला स्थित एक मकान पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर घर में चलाए जा रहे हेरोइन के अवैध सेवन व खरीद-बिक्री के ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से एक महिला और 15 युवकों समेत कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि नशा बेचने में लिप्त पाए गए एक नाबालिग को नियमानुसार किशोर न्याय प्रक्रिया में शामिल किया गया है।

शनिवार को इस बारे जानकारी देते हुए थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि गुरुनानकपुरा पुलिस चौकी टीम को पक्की गुप्त सूचना मिली थी कि मोहल्ले के एक मकान के ऊपरी कमरे में एक नाबालिग आसपास के युवकों को बुलाकर हेरोइन उपलब्ध करवाता है और सामूहिक रूप से नशा करवाता है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत रेडिंग पार्टी का गठन किया और संबंधित मकान की घेराबंदी कर अचानक दबिश दी।

रेड के दौरान कमरे में 15 युवक, एक महिला और एक नाबालिग रंगे हाथों हेरोइन का सेवन करते मिले। पुलिस टीम को देखकर सभी ने भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद जवानों ने सभी को मौके पर ही धर दबोचा। मौके की तलाशी लेने पर पुलिस को 5.64 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके अलावा नशा सेवन में इस्तेमाल किए जाने वाले 25 लाइटर, 18 सिल्वर फॉयल पन्नियां और करेंसी नोटों को मोड़कर बनाई गई 15 पाइपें जब्त की गईं।

# विपक्ष के सीनियर नेताओं पर संतों ने दर्ज कराया मुकदमा

### राहुल गांधी, पप्पू यादव और अवधेश प्रसाद पर प्रभु राम का अपमान करने का लगाया आरोप

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार को संतों के अपमान किए जाने के मामले में संतों ने मोर्चा खोल दिया। संतों में प्रार्थना पत्र देकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद पप्पू यादव और अवधेश प्रसाद के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है।

वाराणसी के प्रमुख धर्माचार्य और पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर महंत बालक दास ने कहा कि सांसद पप्पू यादव ने संतों का वेश धारण कर जिस प्रकार की नौटंकी की है, यह अशोभनीय हैं। संतों का अपमान हम सहन नहीं करेंगे।

इस कारण से हमने कोतवाली में पप्पू यादव के संत वेश धारण कर नौटंकी करने पर मुकदमा लिखे जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। इसमें पप्पू यादव का साथ देने के लिए राहुल गांधी और अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद को भी बराबर का भागीदार माना जाएगा। इसलिए उनका नाम भी शामिल किया गया है। उक्त लोगों की हरकत से संत समाज में बड़ा गुस्सा व्याप्त है।

इस संबंध में डीसीपी काशी गौरव वंशवाल ने बताया कि वाराणसी के प्रमुख संतों की ओर से प्रार्थना पत्र कोतवाली थाने दिया गया है। शिकायत के आधार पर विभिन्न धारा के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आगे की कार्रवाई कोतवाली पुलिस करेगी।

# हर हर महादेव के जयकारों से गूंजायमान हो उठा मंदिर



**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**करनाल।** भोलेनाथ को अतिप्रिय सावन मास के तीसरे दिन श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंदिर हर हर महादेव के जयकारों से गूंजायमान हो उठा। भक्तों जलाभिषेक कर व भोलेनाथ को पंचामृत स्नान करवा कर मनोकामनाएं मांगीं। शिव स्तुति का सामुहिक पाठ किया गया। ॐ नमः शिवाय का जाप किया गया। मुख्य यजमान के रूप में राजेश गोयल, रंजू, मधुर गोयल, वंशिका, सतीश गोयल अनीता, इशिका, संयम गोयल और सुनील गोयल ने शिरकत की। पंडित अनिल द्विवेदी ने बताया कि सावन माह में समुद्र मंथन में अमृत और विष दोनों निकले थे और सारा विष भोले बाबा ने अपने कंठ में रख दिया और अमृत लोगों में बांट दिया, इसलिए वह नीलकंठ कहलाए। भजनों की गंगा में वीणा सेठ ने जब भी सावन की रुत आई भोले के दीवाने बोले भोले भोले ओ भोले भजन गाया। अनु खट्टर ने हो हो मुझे भोले बाबा से प्यार हो गया प्यार हो गया भजन गाया।

राजेश गोयल और नीरज कपूर ने विशेष रूप से भोले बाबा का डमरू बजाया भजन गाया। सुबह मंदिर के प्रांगण में माह उपरांत श्री रामायण का भोग डाला गया। नया रामायण पाठ आरंभा किया गया। इस अवसर पर तरसेम गुप्ता, पवन धमीजा, अशोक मदान, संजीव ढींगरा, अतुल, अनिल छाबड़ा, मुरारी लाल बत्रा, चंद्र बत्रा, सुकृति, ज्योति और प्रीति मौजूद रहे।

# स्वच्छता से ही सुरक्षित रहेगा स्वास्थ्य, जागरूकता आवश्यक: रेणु बाला गुप्ता

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता केवल शहर की सुंदरता का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार के स्वास्थ्य की सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है। मानसून के मौसम में डायरिया जैसी जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वच्छ वातावरण बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से 'स्टॉप डायरिया अभियान' के अंतर्गत विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान प्रभावी रूप से संचालित किए जा रहे हैं।

इस संदर्भ में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन एवं स्थानीय निकाय विभाग के नेतृत्व में नगर निकाय मानसून के दौरान शहरों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वस्थ बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। नालों एवं सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई, ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन, जलभराव की रोकथाम तथा स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करने जैसी गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है, ताकि संक्रमण फैलाने वाली परिस्थितियों को समय रहते समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का संकल्प ही स्वस्थ समाज का आधार है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर, मोहल्ले और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सहयोग करे, तो डायरिया सहित अनेक संक्रामक बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। नगर निकाय अपना दायित्व पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं, लेकिन जनभागीदारी के बिना इस अभियान की सफलता संभव नहीं है।

महापौर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि घरों एवं दुकानों का कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें। नालियों में ठोस अपशिष्ट न फेंकें। जलभराव न होने दें, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें तथा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता के प्रति सजग रहें।

**अभियान बनेगा जन आंदोलन**

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि नगर निकायों, प्रशासन और आमजन के संयुक्त प्रयासों से स्वच्छता का यह अभियान जन आंदोलन का रूप लेगा। इससे हरियाणा को डायरिया मुक्त, स्वच्छ एवं स्वस्थ राज्य बनाने के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी।

## खबरें फटाफट

### हमला करके गंभीर चोट मारने का आरोपी गिरफ्तार



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने हमला करके गंभीर चोट मारने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में थाना शाहबाद की टीम ने हमला करके गंभीर चोट मारने के आरोपी सुखविन्द्र कुमार वासी डींग थाना शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रवीण कुमार वासी छपरा जिला कुरुक्षेत्र ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 21 जून 26 को उसके साले रोहित के साथ वासु, सोनु, पारस व अन्य के झगडा हो गया था। जिस सम्बन्ध उन्होंने दिनांक 21 जून 26 को बासु, सोनु, पारस व अन्य के खिलाफ थाना में दरखास्त दे दी थी। जिस सम्बन्ध सरपंच के माध्यम से दोनो पक्षो की आपसी राजीनामे की बात चल रही। जब वो दरखास्त देकर समय करीब 11.40 बजे उसके चाचा राजेश कुमार के घर के समाने सड़क के किनार खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। तो उसी समय गांव डींग से दो मोटरसाईकिलों पर 5/6 लड़के लाठी/डण्डो संहित आए। लाभ सिंह नाम के लड़के ने लोहे की रॉड उसके चाचा प्रदीप कुमार के सिर में मारी और दूसरे लडकों ने उनके साथ मारपीट करनी शुरु कर दी। रॉड के लगने से उसके चाचा प्रदीप सडक पर निचे गिर गया और वो उसको संभालने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उसके चाचा को सरकारी हस्पताल शाहबाद ले गए जहां से एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र का रैफर कर दिया जहां पर उसका ईलाज चल रहा है। जिसकी शिकायत पर थाना शाहबाद में मामला दर्ज करके जांच सहायक उप निरीक्षक परमजीत सिंह को सौंपी गई। दिनांक 7 जुलाई 26 को थाना शाहबाद की टीम ने हमला करके गंभीर चोट मारने के आरोपी लवकुश व सागर वासीयान डीग जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया था।

### 20 हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार



**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने परविन्द्र सिंह उर्फ गागा मर्डर मामले के ईनामी आरोपी को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में थाना सदर पेहवा ने परविन्द्र सिंह उर्फ गागा मर्डर मामले के इनामी आरोपी अजय कुमार वासी हेलवा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 30 अगस्त 2022 को थाना सदर पेहवा पुलिस को दिए अपने बयान में गुरसेवक उर्फ शीबु वासी रुआ जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह सन्धु फार्म गुहला रोड पेहवा पर अपना ढाबा के पास सर्विस स्टेशन किराये पर चलाता है। उसकी परविन्द्र सिहं उर्फ गागा पुत्र गुचरनण सिंह वासी स्योंसर थाना सदर पेहवा के साथ पीछले करीब 4/5 साल से गहरी दोस्ती थी। दिनांक 29 अगस्त 22 को समय करीब 7 बजे उसके पास परविन्द्र सिंह उर्फ गागा का फोन आया और उसने उसे अपने ढाबा पर बुलाया जिसपर वह परविन्द्र सिहं उर्फ गागा के ढाबा पर पहुंच गया जहाँ पर परविन्द्र सिंह उर्फ गागा, राजू वासी स्योंसर उसे मिले। थोडी देर बाद परविन्द्र सिंह उर्प गागा ढाबा से मोटरसाईकल पर गांव स्योंसर चला गया। जो थोडी देर बाद सोनु व अकिंत वासीयान गांव ककराली जिला कुरुक्षेत्र, राहुल मैन्टल वासी पेहवा अजय, बन्टु वासीयान हेलवा, अनिल, गुरमीत वासी नीमवाला, राहुल चीमा वा अन्य 10/12 लडके अपनी-अपनी मोटरसाईकलो पर हथियार लेकर उसके सर्विस स्टेशन पर आये।

### तिरंगा यात्रा का आयोजन 10 अगस्त को थानेसर में

# जगह जगह तिरंगा यात्रा का होगा स्वागत

### मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे मुख्यमंत्री सैनी

**हरिदास, हरियाणा मेल**



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि आगामी 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत कुरुक्षेत्र में आगामी 10 अगस्त को सांय 4 बजे तिरंगा यात्रा का आयोजन पिपली अनाजमंडी में किया जाएगा, इस यात्रा में 10 अगस्त को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शनिवार को स्थानीय सेक्टर 7 स्थित अपने आवास पर तिरंगा यात्रा को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा शहीदों को समर्पित है, जिन्होंने देश के लिए कुबार्निया दी है। इस तिरंगा यात्रा का आयोजन पिपली अनाजमंडी में होगा, यह यात्रा पिपली अनाजमंडी से शुरू होकर थानेसर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में धार्मिक, राजनैतिक, सामाजिक तथा भारी संख्या में युवा व गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि 9 से 17 अगस्त 2026 तक हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है, इस अभियान के साथ वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रमों का आयोजन किया भी किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रचनात्मक कांग्रेस हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त हुए सुरेश रोड

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**करनाल।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रोड पबनावा को रचनात्मक कांग्रेस-हरियाणा का सारथी (प्रदेशाध्यक्ष) नियुक्त किया गया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह रचनात्मक कांग्रेस-हरियाणा संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

सुरेश रोड ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सांसद प्रियंका गांधी, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल तथा रचनात्मक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने हरियाणा के नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा, महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला तथा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का भी मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में संगोहा मंडल बैठक संपन्न

**आशुतोष गौतम, हरियाणा मेल**



**करनाल।** पार्टी को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूती प्रदान करने एवं पार्टी आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा ,बूथ सशक्तिकरण एवं पार्टी द्वारा निर्धारित दायित्वों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आज भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में संगोहा मंडल की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में मण्डल अध्यक्ष श्री जॉनी शर्मा जी, मंडल प्रभारी श्रीमती प्रियंका काठपाल जी ,महामंत्री श्री मोहर सिंह, श्री जयपाल कश्यप जी एवं शक्ति केंद्र प्रमुख उपस्थित रहे।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने हेतु यह अभियान प्रेरणादायी है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने और विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी 'एक पेड़ माँ के नाम' पौधारोपण अभियान शुरू किया है।

इस अभियान के तहत देशभर में लाखों पौधे लगाए जा रहे हैं। यह पौधारोपण अभियान केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों के सफल कार्यकाल और जनकल्याणकारी नीतियों के जश्न के रूप में भी मनाया जा रहा है।

# 11 अगस्त को शिवरात्रि पर हरियाणा के मशहूर कलाकार करेंगें शिव महिमा का गुणगान

**हरियाणा मेल ब्यूरो**

**करनाल।** प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय के काछवा सेंटर द्वारा इस बार 11 अगस्त को पावन शिव रात्रि के अवसर पर विशाल व भव्य आयोजन किया का रहा हैं, जिसमें हरियाणा के प्रसिद्ध कलाकर अपनी अपनी गायकी से शिव की महिमा का गुणगान करेंगें। यह आयोजन गांव काछवा के कम्युनिटी सेंटर में होग़ा। काछवा ब्रह्माकुमारीज़ सेंटर के प्रमुख बी के श्रवण कुमार ने बताया कि इस आयोजन में मुख्य अध्यक्षा सदर बाजार सेंटर की राजयोगिनी बी के किरण दीदी होंगी। प्रोग्राम में हरियाणा के रोहतक के मशहूर कलाकार बी के इंद्र शर्मा व सुमन शर्मा अपनी ओजस्वी वाणी से गायिकी के माध्यम से जगत नियंता शिव परमात्मा की महिमा का गुणगान करेंगें। बी के श्रवण कुमार ने कहा कि परमात्मा शिव से मन के तार जोड़ कर उसकी दिव्य शक्तियों व स्नेहमयी सानिध्य को महसूस किया जा सकता हैं जिससे हमारा मन प्रेम के रंग में रंग जाता हैं। व्यक्ति का जीवन रोग मुक्त हो जाता हैं।ऐसी ही अलौकिक भजन संध्या शिव रात्रि के उपलक्ष में काछवा में रखी गईं हैं ज़ो दो बजे से पांच बजे तक होगी।

# वाराणसी के मालवीय बाग कॉलोनी में विकास कार्य का शिलान्यास

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**वाराणसी।** वाराणसी में शनिवार को सिगरा वार्ड की मालवीय बाग कॉलोनी में 20.78 लाख की लागत से सड़क मरम्मत एवं कॉलोनी के प्रवेश द्वार पर काऊ कैचर लगाए जाने के कार्य का शिलान्यास हुआ।

इस अवसर पर कैंट से विधायक सौरभ श्रीवास्तव मौजूद रहे। शिलान्यास का पूजन कॉलोनीवासी आलोक मल्होत्रा के हाथों संपन्न कराया गया। शिलापट्ट का अनावरण भाजपा नेत्री सोना मौर्या एवं वंदना चौरसिया ने किया। भाजपा के बूथ अध्यक्ष मोनू गुप्ता ने नारियल फोड़कर विकास कार्य का शुभारंभ किया।

शिलान्यास के बाद विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्रवासियों के सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित आवागमन के साथ-साथ बेहतर नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास की यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ती रहेगी और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हमारा संकल्प सदैव अटूट रहेगा। क्षेत्रवासियों का स्नेह, विश्वास और सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है।

# परियोजनाओं की आयु बढ़ाते हैं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य

**हरियाणा मेल ब्यूरो**



**करनाल।** गुणवत्ता नियंत्रण मंडल, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सडकें) करनाल द्वारा एनएबीएल के सहयोग से अधिकारियों एवं अभियंताओं के लिए दो दिवसीय गुणवत्ता पाठशाला का आयोजन किया गया। पाठशाला का उद्देश्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करना, नवीन तकनीकों की जानकारी प्रदान करना तथा विभागीय मानकों के अनुरूप कार्यों के निष्पादन को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। पाठशाला का प्रबंधन गुणवता नियंत्रण मंडल करनाल की टीम ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख अभियंता योगेश मोहन मेहरा ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य अभियंता विशाल शर्मा और रिसर्च लैबोरेटरी हिसार के निदेशक राजीव जैन पहुंचे। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ लक्ष्मी रावत ने अपने विचार रखे। वह श्री राम रिसर्च इंस्टीटयूट ऑफ इन्डस्ट्रियल रिसर्च दिल्ली में 40 वर्षों से अधिक समय तक अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। क्वालिटी ऑफ मैटीरियल्स का अनुभव रखने वाली डॉ लक्ष्मी रावत ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना ही नहीं बल्कि उसे व्यवहार में लागू करना भी है। विशेषज्ञों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने सडक एवं भवन निर्माण कार्यों में गुणवत्ता नियंत्रण, निर्माण सामग्री की जांच, आधुनिक परीक्षण तकनीकों, गुणवत्ता मानकों के पालन तथा निर्माण कार्यों के विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य न केवल परियोजनाओं की आयु बढ़ाते हैं, बल्कि जनता को सुरक्षित एवं बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# रास सांसद सुधा मूर्ति ने किया कुरुक्षेत्र का भ्रमण

### नवीन जिंदल की ओर से सांसद टीम ने किया आत्मीय स्वागत

**सोनिका वधवा, हरियाणा मेल**



**कुरुक्षेत्र।** राज्यसभा सांसद, प्रख्यात लेखिका एवं इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व चेयरपर्सन सुधा मूर्ति ने शनिवार को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का दर्शन किया। उनके इस आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण की संपूर्ण व्यवस्था सांसद नवीन जिन्दल की ओर से की गई। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल की टीम ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। उनको सांसद नवीन जिन्दल टीम की ओर से स्मृति चिन्ह के रूप में राष्ट्रीय ध्वज भी भेंट किया गया।

कुरुक्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड कार्यालय में धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत उन्होंने संगमेश्वर मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर विश्व शांति एवं मानवता के कल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने ब्रह्मसरोवर तट पर भगवान श्रीकृष्ण-अर्जुन के भव्य रथ तथा वहां स्थापित विशाल राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगे) के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने पावन ज्योतिसर तीर्थ, नरकातारी मंदिर, कृष्ण संग्रहालय तथा अभिमन्युपुर का भ्रमण कर कुरुक्षेत्र की गौरवशाली सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं।

धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के दर्शन के उपरांत सुधा मूर्ति ने सांसद नवीन जिन्दल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र आकर उन्हें अत्यंत आध्यात्मिक अनुभूति हुई। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र आने का यह उनका दूसरा अवसर है और वे आगामी अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के दौरान पुनः यहां आने की इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र भारत की सनातन संस्कृति, ज्ञान और धर्म का जीवंत केंद्र है। यहां के पवित्र तीर्थस्थल हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक चेतना और भारतीय सभ्यता की गौरवशाली परंपरा के प्रतीक हैं।

इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह (पूर्व आईएएस) ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल कुरुक्षेत्र की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि सुधा मूर्ति जैसी प्रतिष्ठित एवं प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व का धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में स्वागत करना हम सभी के लिए गर्व और सम्मान का विषय है।

# कांवर और तिरंगा लेकर कांवड़ियों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

**हरियाणा मेल, एजेंसी**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में श्रावण मास के तीसरे दिन शनिवार को दशाश्वमेध घाट पर आस्था और देशभक्ति का नजारा दिखा। कंधे पर कांवर और हाथों में तिरंगा लहराते कांवड़ियों ने नमामि गंगे के स्वयंसेवकों के साथ गंगा की निर्मलता और जलसंरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान गंगा घाट पर बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ भारत माता की जय के गगनभेदी नारे भी लगे।

सावन माह में गेरुआ रंग में रंगे कंधे पर गंगा जल से भरे कांवर उठाए कांवड़ियों का उत्साह देख आम स्नानार्थी भी हर-हर महादेव का उद्घोष करते रहे। गंगा सेवक राजेश शुक्ला के आह्वान पर श्रद्धालुओं ने गंगा किनारे स्वच्छता का संकल्प दोहराया।

गंगा सेवक राजेश शुक्ला ने इस दौरान कहा कि कांवड़ियों द्वारा तिरंगा लेकर जल संरक्षण के लिए हम सभी का दायित्व बताना एक प्रेरणादायक संदेश है। कांवड़ यात्रा के दौरान पर्यावरण और देश प्रेम की अनूठी मिसाल पेश करते हुए समाज में जल संचय की भावना को मजबूत करना हम सभी का परम कर्तव्य है। कार्यक्रम में कांवड़िया अभिनव सिंह, नकुल पाण्डेय ने भी लोगों को जागरूक किया।

## अष्टादस महालक्ष्मी मंदिर में चोरी, मां दुर्गा के चांदी के मुकुट और दानपेटी की चोरी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**मऊ।** उत्तर प्रदेश के जनपद मऊ के रामपुर थाना क्षेत्र के निधियांव गांव स्थित प्राचीन अष्टादश महालक्ष्मी मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर से मां दुर्गा के दो चांदी के मुकुट तथा हनुमान जी के मंदिर में रखी दानपेटी चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी शनिवार सुबह उस समय हुई, जब मंदिर के पुजारी सरवन यादव प्रतिदिन की भांति पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। मंदिर पहुंचने पर पुजारी सरवन यादव ने देखा कि मां दुर्गा के दोनों चांदी के मुकुट अपनी जगह से गायब थे। इसके साथ ही हनुमान जी के मंदिर में रखी दानपेटी भी नहीं मिली। चोरी की जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल आसपास के ग्रामीणों और मंदिर समिति के लोगों को सूचना दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। धार्मिक स्थल पर हुई चोरी की घटना से ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में आक्रोश और चिंता का माहौल है। पुजारी सरवन यादव ने बताया कि क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्र में चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द घटना का खुलासा कर चोरों की गिरफ्तारी तथा चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

# सनातन के अपमान पर संसद परिसर में भड़का संत समाज



- संत समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें पप्पू यादव
- संसद, संविधान व सनातन का सम्मान ही भारत की पहचान
- संसद विवाद पर संत एकजुट, धार्मिक हस्तियों ने जताई नाराजगी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**लखनऊ।** संसद भवन परिसर में सांसद पप्पू यादव द्वारा मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चित्र के कथित अपमान, साधु-संतों के प्रति अमर्यादित व्यवहार और सनातन धर्म पर की गई टिप्पणी को लेकर देशभर के संत समाज, धर्माचार्यों और कई प्रमुख हस्तियों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

संतों ने कहा कि संसद केवल राजनीतिक विमर्श का मंच नहीं बल्कि लोकतंत्र और संविधान की गरिमा का प्रतीक है। ऐसे पवित्र संस्थान में आस्था के प्रतीकों का उपहास भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के विपरीत है। संतों का कहना है कि संविधान सभी नागरिकों को अपने धर्म और आस्था के पालन की स्वतंत्रता देता है। इसलिए किसी भी धर्म, संत परंपरा या आराध्य के प्रति अपमानजनक व्यवहार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में नहीं आता। संतों ने कहा कि सनातन परंपरा हजारों वर्षों से सत्य, अहिंसा, सहिष्णुता, सेवा और वसुधैव कुटुंबकम्‌का संदेश देती आई है। भगवान श्रीराम मयार्दा, न्याय और लोककल्याण के आदर्श हैं और उनके चित्र के साथ अमर्यादित व्यवहार करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य है।

**भारत के सांस्कृतिक प्रतीकों का अपमान स्वीकार्य नहीं:** आचार्य मिथिलेशनन्दिनीशरण ने संसद परिसर में धार्मिक पहचान का उपहास किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि भगवा भारत की सांस्कृतिक आत्मा और सनातन परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने इसे राजनीतिक हताशा का प्रदर्शन बताते हुए कहा कि भारत के सांस्कृतिक प्रतीकों का अपमान किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हो सकता। मिथिलेशनन्दिनीशरण ने कहा कि यह एक मनोवृत्ति है, अनेक कारक तत्त्व इसमें अन्तर्निहित हैं।

### समाज से सार्वजनिक रूप से मांगें माफी : स्वामी बलरामाचार्य

स्वामी बलरामाचार्य ने कहा कि संसद परिसर में भगवा वस्त्र धारण कर किया गया प्रदर्शन अत्यंत निंदनीय है। इससे संत समाज और सनातन परंपरा की भावनाएं आहत हुई हैं। भगवा ज्ञान, तप, त्याग और संन्यास का प्रतीक है इसलिए उसका सम्मान किया जाना चाहिए।

### धार्मिक प्रतीकों का उपहास संस्कृति और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं

जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर एवं हिंदू धर्म आचार्य सभा के अध्यक्ष स्वामी अवधेशानंद गिरि ने कहा कि भारत की पहचान मयार्दा, शालीनता और संवाद की संस्कृति से है। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है लेकिन विरोध के नाम पर अशिष्ट भाषा, व्यक्तिगत अपमान और धार्मिक प्रतीकों का उपहास भारतीय संस्कृति और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में संयमित भाषा और संवैधानिक पदों के सम्मान को आवश्यक बताया।

# विद्यार्थियों को बौद्धिक रूप से सशक्त बनाएं विश्वविद्यालय: राज्यपाल बागडे

हरियाणा मेल, एजेंसी



**जयपुर/बीकानेर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि उच्च शैक्षणिक संस्थानों का दायित्व है कि वे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के साथ उन्हें बौद्धिक रूप से भी सशक्त बनाएं। राष्ट्र के प्रति कृतज्ञ युवाओं के योगदान से देश को और अधिक सक्षम और सशक्त बनाया जा सकेगा।

राज्यपाल बागडे शनिवार को बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के 40वें स्थापना दिवस समारोह और डॉ. के. एन. स्मृति व्याख्यानमाला को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि गत 40 वर्षों ने विश्वविद्यालय ने अपार उपलब्धियां हासिल की हैं। अब तक 28 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने कृषि शिक्षण किया और उपाधियाँ प्राप्त की हैं। राज्यपाल ने कहा कि यहां अध्ययन कर देश और दुनिया में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने वाले विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों का रिकॉर्ड भी संधारित किया जाए। राज्यपाल ने आह्वान किया कि डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी यूपीएससी और आरपीएससी की स्तरीय परीक्षाएं दें, जिससे वे भी नीति निर्धारकों में शामिल हो सकें। बागडे ने कहा कि विद्यार्थियों को बौद्धिक रूप से सशक्त करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने विख्यात शिक्षाविद् सुधामूर्ति और जैव रसायनज्ञ कमला भागवत सहोनी के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि बेटियों को भी आगे बढ़ने के अवसर दिए जाएं। उन्होंने स्वामी केशवानंद द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान का स्मरण किया और कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय जैसे महान लोगों ने अत्यंत देशभर में घूम-घूमकर लोगों का सहयोग लिया तथा स्तरीय संस्थान स्थापित किए।राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का दायित्व है कि वे बच्चों को व्यवहारिक शिक्षा भी दें। 'कॉपी मुक्त परीक्षा' की अवधारणा देते हुए उन्होंने कहा कि हमें इस ओर तेजी से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता विकास से जुड़े तथ्यों की जानकारी दी। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भारत सरकार के इंडिया एआई मिशन ने स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय को इंडस्ट्री 4.0 के तहत कृषि पर आधारित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### ड्रोन प्रशिक्षण केन्द्र का किया उद्घाटन

इससे पहले राज्यपाल बागडे ने डीजीसीए, नई दिल्ली द्वारा अधिकृत और एसकेआरएयू रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन द्वारा संचालित होने वाले ड्रोन प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में मोलश्री का पौधा लगाया और विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा विश्वविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया।

## खबरें फटाफट

### रिडेवलपमेंट कार्य के चलते दिल्ली कैंट पर 2 महीने तक नहीं रुकेंगी 13 ट्रेनें

**जयपुर।** दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पर रिडेवलपमेंट कार्य के चलते उत्तर पश्चिम रेलवे की कई ट्रेनें प्रभावित होंगी। रेलवे ने अपग्रेडेशन और कंस्ट्रक्शन के कारण प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 पर ब्लॉक लिया है। इसके चलते जयपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला डबल डेकर, अजमेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला जनशताब्दी, जोधपुर, बाड़मेर, भुज, बीकानेर और उदयपुर सहित 13 ट्रेनों का दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पर 2 महीने से अधिक समय तक स्टॉपेज नहीं रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि रिडेवलपमेंट कार्य के चलते 1 अगस्त से 13 अक्टूबर 2026 तक अलग-अलग तिथियों में इन ट्रेनों का दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पर संचालन तो सामान्य रहेगा, लेकिन वे यहां नहीं रुकेंगी।

### लॉ कॉलेजों के मानकों की होगी जांच, मां विन्ध्यवासिनी विवि ने बनाई टीम

**मीरजापुर।** मां विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय से संबद्ध मीरजापुर और सोनभद्र के लॉ कॉलेजों में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के मानकों की जांच होगी। विश्वविद्यालय को दोनों जिलों के कॉलेजों में आधारभूत सुविधाओं, शिक्षक-छात्र अनुपात, कक्षाओं की व्यवस्था और बार काउंसिल की गाइडलाइन के अनुपालन की जांच कर रिपोर्ट सौंपने की जिम्मेदारी दी गई है। कुलपति प्रो. शोभा गौड़ ने शनिवार को बताया कि जांच के दौरान यह देखा जाएगा कि कॉलेज निर्धारित मानकों का पालन कर रहे हैं या नहीं। यदि कोई संस्थान मानकों के विपरीत पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने बताया कि लॉ कॉलेजों में मानकों के पालन को लेकर दायर एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने सभी विश्वविद्यालयों को जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में विश्वविद्यालय स्तर पर जांच की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जांच कार्य के लिए कुलसचिव राम नारायण को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उनके नेतृत्व में गठित टीम संबद्ध लॉ कॉलेजों का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी।

### विजिलेंस ने एलडीए अवर अभियंता समेत तीन लोगों को रिश्वत लेते पकड़ा,7 .50 लाख रुपये बरामद

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) अवर अभियंता सुपरवाइजर और निजी व्यक्ति समेत तीन लोगों को विजिलेंस टीम ने रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उनके पास से रिश्वत के 7 .50 लाख रुपये बरामद हुए हैं। इन लोगों ने एक व्यक्ति से 15 लाख रुपये की रिश्वत लेने की मांग कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान, लखनऊ सेक्टर को शिकायत की थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि, एलडीए के अवर अभियंता दिनेश कुमार वर्मा उसके द्वारा कराए जा रहे निमार्णाधीन स्थल पर पहुंचकर काम बंद कराने के लिए धमकाया। उससे कहा कि श्रवण कुमार की ओर से आईजीआरएस पर शिकायत की गई है। आप श्रवण कुमार से मिलकर अपना निपटारा कर लो। इसके बाद श्रवण कुमार ने शिकायतकर्ता को राम मनोहर लोहिया, अस्पताल के गेट पर बुलाया और कहा कि मेरी अवर अभियंता से बात हो गई है। यदि आप 15 लाख रुपये देते हैं, तो उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। जब वह कार्यालय पहुंचा तो वहां पर उसे अवर अभियंता दिनेश कुमार वर्मा व सुपरवाईजर चंद्र प्रकाश दोनों मिले। अवर अभियंता ने उससे 15 लाख रुपये की मांग की और कहा कि सुपरवाईजर चंद्र प्रकाश से आगे की बात कर लो। सुपरवाईजर चंद्र प्रकाश ने रिश्वत के कुल 15 लाख रुपये सभी को मिलाकर देने का दबाव बनाया।

शिकायतकर्ता ने कहा कि मेरे पास अभी इतने रुपये नहीं हैं और 7 .5-7 .5 लाख की दो किस्तों में देने की बात शिकायतकर्ता द्वारा कही गयी। शिकायतकर्ता ने अनुरोध किया गया कि वह इन लोगों को पैसे नहीं देना चाहता है और रंगे हाथ पकड़वाना चाहता है। इसके बाद मामला दर्ज होने पर शिकायत की गोपनीय जांच की गई। जांच में पाया गया कि अवर अभियंता दिनेश कुमार वर्मा, सुपरवाईजर चंद्र प्रकाश एवं प्राइवेट व्यक्ति श्रवण कुमार ने मिली-भगत कर आईजीआरएस पोर्टल का दुरुपयोग करते हुए शिकायतकर्ता से रिश्वत की माँग की जा रही है। सभी आरोपितों द्वारा की जा रही रिश्वत की माँग के संबंध में सर्विलांस इत्यादि के माध्यम से भी साक्ष्य जुटाए गए। शिकायत की पुष्टि होने पर विजिलेंस ने कार्रवाई करते हुए एक अगस्त को शिकायतकर्ता से रिश्वत की रकम लेते समय अवर अभियंता दिनेश कुमार वर्मा, सुपरवाइजर चंद्र प्रकाश और निजी व्यक्ति श्रवण कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। तीनों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही हैं।

# मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने किया जेजेएस की थीम पोस्टर का अनावरण

हरियाणा मेल, एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) 2026 के आधिकारिक थीम पोस्टर का अनावरण एवं विमोचन किया। इसके साथ ही देश के अग्रणी रत्न एवं आभूषण प्रदर्शनी जेजेएस 2026 का औपचारिक शुभारम्भ हो गया।

इस वर्ष जेजेएस 2026 की थीम कलर्ड जेमस्टोन्स - एन इनडिस्पेंसेबल पार्ट ऑफ जयपुर हेरिटेज रखी गई है, जो रंगीन रत्नों के क्षेत्र में जयपुर की सदियों पुरानी परम्परा तथा वैश्विक पहचान को समर्पित है। थीम पोस्टर का अनावरण जेजेएस के अध्यक्ष राजीव जैन, दिनेश खटोरिया, कमल कोठारी एवं महावीर पी. शर्मा की उपस्थिति में हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को जेजेएस 2026 की तैयारियों की जानकारी भी दी। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 22 से 25 दिसम्बर 2026 तक नोवोटेल जयपुर



कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) जयपुर में आयोजित होने वाले जयपुर ज्वैलरी शो 2026 के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने का आमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आमंत्रण सहर्ष स्वीकार करते हुए 22 दिसम्बर 2026 को आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति देने की सहमति प्रदान की। इस अवसर पर जेजेएस के अध्यक्ष राजीव जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जेजेएस 2026 के थीम पोस्टर का अनावरण तथा उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रण स्वीकार करना सम्पूर्ण रत्न एवं आभूषण उद्योग के लिए गौरव का विषय है। इस वर्ष की थीम जयपुर की समृद्ध रंगीन रत्न परम्परा को समर्पित है, जिसने विश्व स्तर पर जयपुर को रत्न कटिंग, शिल्प कौशल एवं व्यापार के प्रमुख केन्द्र के रूप में स्थापित किया है।

## ई-20 पेट्रोल पर कांग्रेस का दुष्प्रचार देशहित के विरुद्ध, तथ्यों पर भरोसा करें : दीप्ति किरण

हरियाणा मेल, एजेंसी

**राजसमंद।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधायक कार्यालय में क्षेत्रीय नागरिकों के साथ आयोजित जन संवाद में कहा कि कांग्रेस और उसका परितंत्र विकसित भारत के संकल्प को कमजोर करने के लिए ई20 पेट्रोल के संबंध में सुनियोजित दुष्प्रचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा,किसानों की समृद्धि और पर्यावरण संरक्षण जैसे राष्ट्रीय हितों से जुड़े विषयों पर भ्रम फैलाना दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक दीप्ति ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर ई25 पेट्रोल को लेकर किए जा रहे दावे पूरी तरह भ्रामक हैं। उन्होंने बताया कि ई25 को अभी स्वीकृति नहीं मिली है और सरकार ने इसके लागू होने की कोई तिथि घोषित नहीं की है। उन्होंने कहा कि ई20 कोई जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नहीं,बल्कि वर्षों के वैज्ञानिक परीक्षण, तकनीकी सत्यापन, नीति निर्माण और औद्योगिक समन्वय का परिणाम है। आज देशभर में 20करोड़ से अधिक दोपहिया और 20लाख से अधिक चारपहिया वाहन सफलतापूर्वक ई20 ईंधन का उपयोग कर रहे हैं।

# बरसाती नहर में डूबी तीनों बच्चियों के शव बरामद

- 12 घंटे बाद खत्म हुआ सर्च ऑपरेशन

हरियाणा मेल, एजेंसी

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश में कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के दुबौली गांव के पास बरसाती नहर में डूबी तीनों बच्चियों के शव शनिवार सुबह बरामद कर लिए गए। शुक्रवार शाम करीब चार बजे हुए इस हादसे के बाद पुलिस, प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम लगातार रेस्क्यू कार्य में जुटी हुई थीं। करीब 12 घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद तीनों बच्चियों के शव नहर से खोज निकाले गए। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम खेलते खेलते तीनों बच्चियां पुल के पास चली गई और सभी पुल पर बैठ गईं। अचानक संतुलन बिगड़ने से तीनों बरसाती नहर में गिर गई। तेज बहाव के कारण वे देखते ही देखते बच्चियां



पानी में लापता हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। पूरी रात सर्च ऑपरेशन चलाया गया। शनिवार सुबह काफी मशक्कत के बाद टीम ने तीनों बच्चियों के शव बरामद कर लिए गए। मृतक बच्चियों की पहचान सपना (14), कुंजन (11) और छोटी (10) के रुप में हुई हैं। शव मिलने के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक ही परिवार के घर की तीन बच्चियों की मौत से परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

## जनपद संभल संवेदनशील, इसलिए कांवड़ यात्रा की ड्रोन कैमरों से होगी निगरानी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**संभल।** सावन के पहले सोमवार को लेकर कांवड यात्रा की उत्तर प्रदेश के जनपद संभल में कांवड़ यात्रा की निगरानी ड्रोन कैमरों के माध्यम से की जाएगी । इसकी वजह यह संभल जिला का संवेदनशील होना है। कांवड़ यात्रा को लेकर चल रही तैयारी का जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा निरीक्षण भी किया जा चुका है। शनिवार को जनपद संभल की चंदौसी तहसील में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की फरियाद सुनने के बाद जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने मीडिया से वार्ता की। उन्होंने बताया कि तीन अगस्त को पहले श्रावण सोमवार को लेकर के जिले के सभी प्रमुख सभी मंदिरों की साफ सफाई, पेयजल, मरम्मत, रंगाई पुताई काम हो चुका है। इसके साथ-साथ कांवड़ यात्रा मार्ग पर पीडब्लूडी और ग्राम पंचायतों के द्वारा पेच वर्क का कार्य कराया गया है । सभी जगह पुलिस बल की तैनाती भी की गई है और 85 से ज्यादा मजिस्ट्रेट पूरे कावड़ मार्ग में लगाए गए हैं । इसके साथ-साथ स्वास्थ्य केंद्र जहां पर आवश्यक है एंबुलेंस का डिप्लोयमेंट जहां पर ओआरएस और बाकी सभी निश्चित दवाओं की उपलब्धता करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि निश्चित तौर पर ड्रोन के माध्यम के अलावा मॉनिटरिंग के सभी माध्यमों से निगरानी की जाएगी।

## राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष ने किया कैटरिंग उद्योग सम्मेलन कैटरकॉन इंडिया का शुभारंभ



हरियाणा मेल, एजेंसी

**जयपुर।** देश के कैटरिंग एवं हॉस्पिटैलिटी उद्योग का सबसे बड़ा राष्ट्रीय आयोजन 6वां एफएआईसी राष्ट्रीय अधिवेशन एवं प्रदर्शनी कैटरकॉन इंडिया 2026 का शुभारंभ शनिवार को जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में भव्य रूप से हुआ। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया कैटरर्स (एफएआईसी) एवं जयपुर कैटरिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन 1 से 3 अगस्त 2026 का राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर देशभर से आए कैटरिंग एवं हॉस्पिटैलिटी उद्योग से जुड़े उद्यमी, प्रदर्शक, निर्माता, सप्लायर्स, सेवा प्रदाता, विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि एवं हजारों प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के साथ ही भारत के कैटरिंग एवं फूड सर्विस उद्योग के सबसे बड़े समर्पित सम्मेलन की शुरूआत हुई, जिसमें 3 हजार से अधिक पंजीकृत प्रतिनिधि, 500 से अधिक प्रदर्शक तथा हजारों व्यापारिक आगंतुक एक ही मंच पर एकत्र हुए। सम्मेलन का उद्देश्य नवाचार, उद्यमिता, खाद्य सुरक्षा, आधुनिक तकनीक, कौशल विकास एवं व्यापारिक सहयोग को नई दिशा प्रदान करना है।

# प्रदेश में स्वास्थ्य, कानून विकास की स्थिति बेहाल, जनता परेशान : अशोक गहलोत

हरियाणा मेल, एजेंसी

**जोधपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज राज्य की भजनलाल सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार के आने के बाद प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं, कानून व्यवस्था, वित्तीय प्रबंधन और विकास कार्यों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। वे आज जोधपुर प्रवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

गहलोत ने कहा कि प्रदेश में दवाइयों, ऑपरेशन और इलाज का खर्च बढ़ गया है, जबकि उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लोगों को समय पर नहीं मिल रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि पेंशनधारियों को समय पर पेंशन नहीं मिल रही और सरकार भुगतान करने में विफल साबित हो रही है। एनजीओ आंदोलन



का जिक्र करते हुए गहलोत ने कहा कि इस मुद्दे को सबसे पहले राहुल गांधी ने उठाया था और संबंधित मंत्री के इस्तीफे की मांग की थी। इसके बाद कांग्रेस ने राज्यभर में आंदोलन किए, जिससे केंद्र सरकार दबाव में आ गई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने समझौते का वादा किया, लेकिन आज तक उसकी प्रति सार्वजनिक नहीं की गई। उन्होंने कहा कि वादा खिलाफी को देश और युवा कभी माफ नहीं करेंगे। कानून व्यवस्था पर सरकार को घेरते हुए गहलोत ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े प्रदेश की बिगड़ती स्थिति की गवाही दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हत्या, दुष्कर्म, लूट और डकैती जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और सरकार केवल मुख्यमंत्री को खुश करने में लगी हुई है। अकाल और जल संकट को लेकर उन्होंने सरकार को आगाह करते हुए कहा कि कई जिलों में वर्षा की कमी चिंता का विषय है। यदि समय रहते पानी और पशुओं के चारे की व्यवस्था नहीं की गई तो गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है। उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि लगातार चार अकाल के बावजूद उनकी सरकार ने बेहतर प्रबंधन किया था और किसी को भूखा नहीं सोने दिया। गहलोत ने आरोप लगाया कि प्रदेश के अधिकांश विभागों में भुगतान रुके हुए हैं।

# रूफटॉप सोलर ऊर्जा: देश में लखनऊ का पहला स्थान, शीर्ष सौ में उत्तर प्रदेश के 17 जिले

- प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने में योगी सरकार ने हासिल की बड़ी उपलब्धि
- लखनऊ 1,24,167 रूफटॉप सोलर संयंत्रों के साथ लगातार देश का नंबर-1 जनपद
- वाराणसी देश में 10वें तथा कानपुर नगर 14वें स्थान पर
- देश के शीर्ष 15 जनपदों में उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी एवं कानपुर नगर शामिल

हरियाणा मेल, एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक ओर उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने के अभियान में प्रदेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के शीर्ष सौ जिलों की सूची में अपने 17 जिलों को शामिल कराया है। यह उपलब्धि न केवल प्रदेश में सौर ऊर्जा के तेजी से बढ़ते विस्तार को दशार्ती है, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में उत्तर प्रदेश की मजबूत प्रगति का भी प्रमाण है।

इस दौरान यूपी नेडा डायरेक्टर रविन्दर सिंह ने बताया कि इस सूची में राजधानी लखनऊ में 1,24,167 रूफटॉप सोलर संयंत्रों के स्थापना के साथ-साथ देश का नंबर-वन जिले बनने का गौरव बरकरार रखा है। लखनऊ में बड़ी संख्या में घरों, द्वारा रूफटॉप सोलर अपनाए जाने से यह उपलब्धि संभव हुई है। वहीं, वाराणसी ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए देश में 10वां स्थान प्राप्त किया है।

प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में सौर ऊर्जा को लेकर चल रहे अभियान का सकारात्मक असर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इसके अलावा कानपुर नगर 14वें स्थान पर पहुंचकर प्रदेश के औद्योगिक शहरों में हरित ऊर्जा अपनाने की दिशा में नई मिसाल पेश कर रहा है।

प्रदेश के 17 जनपदों का देश के शीर्ष 100 जिलों में शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश में रूफटॉप सोलर को लेकर जागरूकता, सरकारी प्रोत्साहन और योजनाओं का प्रभाव तेजी से बढ़ा है। राज्य सरकार और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना, के प्रभावी क्रियान्वयन से लाखों उपभोक्ता सौर ऊर्जा से जुड़ रहे हैं। रूफटॉप सोलर संयंत्रों के विस्तार से लोगों को बिजली बिल में उल्लेखनीय बचत हो रही है, साथ ही अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने का अवसर भी मिल रहा है। इससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलने के साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिल रही है।

उत्तर प्रदेश लगातार देश में रूफटॉप सोलर स्थापना की रफ्तार बढ़ा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा जनजागरूकता अभियान, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाना, समयबद्ध स्वीकृति, डिस्कॉम और संबंधित एजेंसियों के बेहतर समन्वय तथा सब्सिडी वितरण की प्रभावी व्यवस्था ने इस अभियान को नई गति दी है।

# दस माह में 700 करोड़ की ड्रग्स जब्त, एएनटीएफ ने बनाया नया रिकॉर्ड

- राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने 34 एमडी फैक्ट्री ध्वस्त कीं, 84 बड़े तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाया

हरियाणा मेल, एजेंसी

**जोधपुर।** राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। महज 10 माह में 700 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के अवैध मादक पदार्थ जब्त कर एएनटीएफ ने राजस्थान पुलिस के इतिहास में नया रिकॉर्ड बनाया है। पिछले पूरे वर्ष में एनडीपीएस एक्ट के तहत करीब 850 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए गए थे, जबकि इस वर्ष यह आंकड़ा 1000 करोड़



रुपए के पार जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

एएनटीएफ के महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में राज्यभर में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान का उद्देश्य केवल मादक पदार्थों की जब्ती नहीं, बल्कि राजस्थान को वर्ष 2029 तक नशामुक्त बनाने का लक्ष्य भी है। अभियान के दौरान एएनटीएफ ने अब तक 360 किलोग्राम से अधिक अफीम जब्त की है। जालोर से 81 किलो, भीलवाड़ा से 50 किलो, सीकर से 20 किलो तथा हरियाणा के सिरसा में करीब 100 किलो अफीम की बरामदगी जैसी बड़ी कार्रवाई भी की गई।

## अंगदान करने वाले परिवारों का सम्मान, एम्स निदेशक ने जताया आभार

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऑर्गन रिट्रीवल बैंकिंग ऑर्गनाइजेशन ने शनिवार को अंगदान करने वालों को श्रद्धांजलि देने और उनके परिवारों को सम्मानित करने के लिए एक 'डोनर सम्मान समारोह' आयोजित किया। एम्स के निदेशक प्रो. निखिल टंडन ने अंगदान करने वाले परिवारों के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मान समारोह का उद्देश्य उन परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना है, जिन्होंने अपने व्यक्तिगत दुःख के बीच भी समाज की भलाई और दूसरों का जीवन बचाने का निर्णय लिया।

प्रो. टंडन ने कहा, इन परिवारों ने जो किया है, उसकी तुलना किसी भी चीज से नहीं की जा सकती। अपने गहरे व्यक्तिगत शोक के बावजूद उन्होंने समाज की सहायता करने और अन्य लोगों का जीवन बचाने का निर्णय लिया। ऐसी परिस्थितियों में वे जिस मानसिक और भावनात्मक स्थिति से गुजरते हैं, उसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। हमने उन्हें यहां आमंत्रित कर उनका सम्मान किया और अपनी ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया। टंडन ने कहा कि एम्स में अंगदान कई सालों से हो रहा है।

# हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर 20 करोड़ की कोकीन बरामद



■ दो नाइजीरियन महिलाएं गिरफ्तार

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की रेलवे यूनिट की स्पेशल स्टाफ टीम और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय कोकीन तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए दो नाइजीरियन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों के कब्जे से 2.288 किलोग्राम कोकीन बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह मुंबई से दिल्ली-एनसीआर तक मादक पदार्थों की सप्लाई करता था। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी गई है। रेलवे यूनिट के पुलिस उपायुक्त बी भारत रेड्डी ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि यह कार्रवाई नशा मुक्त दिल्ली अभियान के तहत चलाई जा रही विशेष मुहिम के दौरान की गई। पुलिस उपायुक्त का मानना है कि इस कार्रवाई से अंतरराज्यीय ड्रग्स सिंडिकेट को बड़ा झटका लगा है और बड़ी मात्रा में कोकीन अवैध बाजार तक पहुंचने से पहले ही जब्त कर ली गई।

पुलिस के मुताबिक, 31 जुलाई को हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर स्पेशल स्टाफ के हेड कांस्टेबल सुखपाल, कांस्टेबल योगेश और महिला कांस्टेबल पूजा गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सामान लेकर घूम रही दो नाइजीरियन महिलाएं संदिग्ध दिखाई दीं। उनकी गतिविधियों पर शक होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई और एनडीपीएस एक्ट के तहत सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान एक महिला के सामान से 11 पैकेट बरामद हुए। जांच में इनमें कोकीन होने की पुष्टि हुई। मौके पर पहुंची एफएसएल और क्राइम टीम ने भी बरामद पदार्थ को कोकीन बताया। इसके बाद हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन थाने में एफआईआर संख्या 51/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(3)/29 में मामला दर्ज कर दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान चिकान्सो जेम्स (43 वर्ष) और हैप्पीनेस ओकोये (41 वर्ष) के रूप में हुई है।

### मुंबई से दिल्ली-एनसीआर तक फैला था नेटवर्क

जांच एजेंसियों का मानना है कि यह गिरोह मुंबई से कोकीन लाकर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करता था। रेलवे स्टेशन का इस्तेमाल ड्रग्स की आवाजाही के लिए किया जा रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इससे पहले यह गिरोह कितनी खेप दिल्ली पहुंचा चुका है और किन लोगों तक नशे की सप्लाई की जाती थी। रेलवे यूनिट की स्पेशल स्टाफ टीम लंबे समय से रेलवे नेटवर्क के जरिए होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी पर नजर रख रही है। इसी अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों पर विशेष निगरानी और सघन चेकिंग की जा रही है। इस कार्रवाई को रेलवे जिला पुलिस की अब तक की बड़ी सफलताओं में से एक माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है। जल्द ही इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी की भी संभावना है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि संगठित ड्रग्स नेटवर्क के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा ताकि राजधानी को नशा मुक्त बनाया जा सके।

# निगमायुक्त ने सदर बाजार में कुतुब रोड एवं तेलीवाड़ा अखाड़ा क्षेत्र का किया निरीक्षण

■ अधिकारियों को दिए निर्देश

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** निगमायुक्त संजीव खिरवार ने शनिवार को सदर बाजार क्षेत्र के कुतुब रोड स्थित तेलीवाड़ा अखाड़ा के सामने जलभराव संभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा भविष्य में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त संजीव खिरवार ने जल निकासी व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि पूर्व में मुख्य मैनहोल में प्लास्टिक एवं पॉलीथीन फंस जाने के कारण जल निकासी बाधित हो जाती थी। इस समस्या के समाधान के लिए मैनहोल को जाली (ग्रिल) से ढकने की व्यवस्था की गई है, जिससे कचरा भीतर न जा सके और पानी का प्रवाह निरंतर बना रहे। संजीव खिरवार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्राथमिकता इस बात की होनी चाहिए कि जलभराव की स्थिति उत्पन्न ही न होने पाए। यदि किसी कारणवश ऐसी स्थिति बनती भी है तो तत्काल एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस संवेदनशील स्थल पर 247 कर्मचारियों की तैनाती की जाए, जो लगातार स्थिति पर निगरानी रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि क्षेत्र में स्थापित सभी पंप पूर्णतः कार्यशील रहें तथा उनकी नियमित निगरानी की जाए, ताकि वर्षा के दौरान जल निकासी में किसी प्रकार की बाधा न आए।

### स्थानीय नागरिकों से भी किया संवाद

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी संवाद किया, उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा उन्हें आश्वस्त किया कि दिल्ली नगर निगम नागरिकों को जलभराव से होने वाली असुविधा से बचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता एवं ईमानदारी के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि निगम का प्रयास है कि प्रत्येक संबंधित विभाग के सहयोग से समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## खबरें फटाफट

### नोएडा में विभिन्न सड़क हादसों में दो की मौत, एक घायल

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेस-दो क्षेत्र के बीपीएल कट के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सब्जी लेने जा रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए भंगेल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां देर रात को उनकी मौत हो गई । थाना फेस-दो के प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि करन गुप्ता ने आज सुबह को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मूल रूप से जनपद भोजपुर बिहार के रहने वाले हैं, तथा वर्तमान समय में सेक्टर 8 में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार उनके पिता 31 जुलाई को सुबह के समय फेस- दो स्थित सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने जा रहे थे। जैसे वह बीपीएल कट के पास पहुंचे, एक हाईवा चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। उनको उपचार के लिए भंगेल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर शुक्रवार की देर रात को डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में सतवीर सिंह पुत्र खूब सिंह ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह जनपद हाथरस के रहने वाले हैं। पीड़ित के अनुसार बीती रात को उनका बेटा विकास पैदल जा रहा था, तभी एक कमर्शियल वाहन के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दिया। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस नाम लेकर जांच कर रही है।

### सौरभ भारद्वाज के खिलाफ मानहानि मामले में एक गवाह का बयान दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में शनिवार को दिल्ली सरकार के मंत्री परवेश वर्मा की ओर से आम आदमी पार्टी के दिल्ली के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले में एक गवाह का बयान दर्ज किया गया। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने मामले की अगली सुनवाई 08 अगस्त को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान परवेश वर्मा की ओर से गवाह यशदीप चतुर्वेदी ने अपने बयान दर्ज कराए। उसके बाद परवेश वर्मा की ओर से सुनवाई टालने की मांग की गई, जिसके बाद कोर्ट ने साक्ष्य पेश करने के लिए अंतिम मौका देते हुए 8 अगस्त को सुनवाई करने का आदेश दिया। इसके पहले 25 जुलाई को परवेश वर्मा की ओर से कुछ दस्तावेज और पेन ड्राईव में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य दाखिल किए गए थे, जिसे कोर्ट ने रिकॉर्ड पर ले लिया। 15 जुलाई को परवेश वर्मा की ओर से दो गवाहों शक्ति सिंह सहरावत और कुलभूषण जैन के बयान दर्ज कराए गए थे। शिकायतकर्ता परवेश वर्मा ने 4 जुलाई को अपना बयान दर्ज कराया था। परवेश वर्मा ने अपने बयान में कहा था कि सौरभ भारद्वाज ने उनके और उनके परिवार की छवि को खराब करने के लिए झूठे आरोप लगाए। उन्होंने कहा था कि सौरभ भारद्वाज ने झूठा आरोप लगाया था कि परवेश वर्मा ने बतौर मंत्री अपने पद का गलत इस्तेमाल कर अपने कथित सहयोगी को लगभग पांच सौ करोड़ रुपये के एक निजी स्कूल ट्रस्ट में ट्रस्टी नियुक्त किया। परवेश वर्मा ने आपराधिक मानहानि याचिका में कहा है कि सौरभ भारद्वाज ने 15 और 16 मई को उन्हें बदनाम करने की नीयत से सोशल मीडिया पोस्ट किया।

### कुत्ते ने मासूम बच्ची को काटा, नोएडा प्राधिकरण से कुत्तों को पकड़कने की मांग

**नोएडा।** थाना बीटा-दो क्षेत्र के परी चौक स्थित एनआरआई रेजिडेंसी सोसाइटी में शुक्रवार शाम को कुत्ते ने बच्ची को काट लिया। दो दिन पहले लावारिस कुत्ते ने एक सुरक्षाकर्मी को काटा था। इन घटनाओं से लोगों में रोष है। सोसाइटी निवासी श्रवण निगम ने बताया कि शुक्रवार शाम एक चार वर्षीय बच्ची सोसाइटी परिसर में खेल रही थी, तभी एक लावारिस कुत्ते ने उसके हाथ पर काट लिया। घटना के बाद बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। सोसाइटी के लोगों का कहना है कि दो दिन पहले भी एक सुरक्षाकर्मी पर लावारिस कुत्ते ने हमला कर उसे घायल कर दिया था। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। बच्चों का बाहर खेलना और लोगों का सुबह-शाम टहलना भी मुश्किल हो गया है। सोसाइटी के लोगों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से लावारिस कुत्तों की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। उनका आरोप है कि इस संबंध में कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि वे अपने स्तर पर कई कुत्तों का टीकाकरण भी कराते हैं, ताकि किसी अप्रिय घटना की स्थिति में संक्रमण का खतरा कम हो सके, लेकिन केवल टीकाकरण से समस्या का समाधान नहीं होगा।

# रोहिणी में युवक की संदिग्ध मौत पर बवाल

## परिजन बोले- मकान मालिक ने पीट-पीटकर मार डाला, सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** रोहिणी के बुध विहार इलाके में 31 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद शनिवार सुबह जमकर हंगामा हुआ। मृतक के परिजन और स्थानीय लोगों ने मकान मालिक पर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए बुध विहार-कंझावला रोड जाम करने का प्रयास किया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोपित के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और काफी देर तक समझाने के बाद सड़क खाली कराकर यातायात सामान्य कराया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 31 वर्षीय गणेश के रूप में हुई है। वह अपने पिता हरिप्रसाद के परिवार से अलग बुध विहार इलाके में किराये के मकान में रहता था। शुक्रवार रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। मकान मालिक उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गणेश की मौत की सूचना मिलते ही स्वजन अस्पताल पहुंच गए। उनका आरोप है कि गणेश की मौत स्वाभाविक नहीं, बल्कि मकान मालिक की पिटाई के कारण हुई है। स्वजनों का कहना है कि गणेश के शरीर पर चोट के निशान थे और उसकी बेरहमी से पिटाई की गई थी। इसी आरोप को लेकर शनिवार सुबह बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतर आए और विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने बुध विहार-कंझावला रोड पर जाम लगाने का प्रयास किया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय थाना पुलिस के साथ अतिरिक्त पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों से बातचीत की और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और सड़क पर यातायात बहाल कराया गया। उधर, पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में हत्या की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस के मुताबिक, गणेश को अत्यधिक शराब पीने की लत थी।

### हर पहलू से की जा रही जांच

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्य, घटनास्थल से मिले तथ्यों और संबंधित लोगों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच में किसी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल परिजन हत्या का मामला दर्ज कर आरोपित मकान मालिक की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं, जबकि पुलिस का कहना है कि बिना पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक साक्ष्यों के किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। इसी वजह से पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# शुद्ध पेट्रोल का विकल्प नहीं मिला तो 4 अगस्त को पीएम आवास तक मार्च: केजरीवाल

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ई-20 पेट्रोल को लेकर मांग की कि देशभर के पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं को सामान्य (शुद्ध) पेट्रोल और ई-20 पेट्रोल के बीच विकल्प दिया जाए। यदि सरकार यह मांग नहीं मानती है तो 4 अगस्त को वह 100 लोगों के साथ प्रधानमंत्री आवास तक मार्च निकालकर प्रधानमंत्री को हस्ताक्षर अभियान के तहत याचिका सौंपेंगे।

केजरीवाल ने शनिवार को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित नेशनल टाउन हॉल को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बिना पर्याप्त वैज्ञानिक अध्ययन सार्वजनिक किए लोगों पर ई-20 पेट्रोल थोप रही है। उन्होंने दावा किया कि अब तक दो लाख से अधिक लोग ऑनलाइन याचिका पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। यह अभियान 3 अगस्त तक जारी रहेगा और इसके बाद प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री आवास जाकर याचिका सौंपेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नागरिकों पर 'मिलावटी पेट्रोल' थोप रही है।

ई-20 के खिलाफ सवाल उठाने वालों को डराया-धमकाया जाता है और उन्हें राष्ट्रविरोधी तक कहा जाता है। यदि ई-20 वास्तव में पूरी तरह सुरक्षित है तो सरकार खुली बहस से क्यों बच रही है। सवाल पूछने वालों के खिलाफ प्राथमिकी तक दर्ज कराई जाती है, जिससे यह संदेह पैदा होता है कि सरकार किसी दबाव में इस नीति को लागू कर रही है।

## फूड कार्ट संचालक पर जानलेवा हमले के मामले में छह माह बाद मुख्य आरोपित गिरफ्तार

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिमपुरी में फूड कार्ट संचालक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपित को आखिरकार दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की (एनडीआर) यूनिट ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पिछले करीब छह माह से पुलिस को चकमा दे रहा था और लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान धीरज उर्फ जूड़ी (24) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला है और फिलहाल दिल्ली के अमन विहार क्षेत्र में किराये के मकान में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपित के खिलाफ दिल्ली और एनसीआर में हत्या के प्रयास, लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट समेत एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के मुताबिक, यह गिरफ्तारी पंजाबी बाग थाने में दर्ज एफआईआर नंबर 41/2026 के तहत दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में की गई है। आरोपित को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 35(1)(सी) के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## डिलीवरी का सामान चोरी करने वाले पांच गिरफ्तार

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नोएडा।** अमेजॉन और फ्लिपकार्ट की कंपनी का डिलीवरी के लिए भेजे गए सामान को अमानत में खयानत कर चोरी करके बेचने वाले गैंग के पांच लोगों को थाना सेक्टर 20 पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब 70 लाख रुपये कीमत का विभिन्न प्रकार के सामान बरामद हुआ है। पुलिस उपयुक्त (जोन प्रथम) साद मियां खान ने बताया कि थाना सेक्टर 20 में एक कंपनी के अधिकारी बदन सिंह ने बीती रात को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी कंपनी लॉजिस्टिक का काम करती है। उनकी कंपनी द्वारा फ्लिपकार्ट और अमेजॉन कंपनी के डिलीवरी के लिए भेजे गए सामान को नोएडा में रहने वाले वासीद खान और उनके साथी डिलीवरी बॉय अमानत में खयानत कर चोरी करके अन्य लोगों को बेच रहे हैं। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर मुख्य आरोपी वासिद खान, डिलिवरी बॉय सुनील कुमार, विजय सिंह, धर्मेंद्र, रघुराज सिंह को गिरफ्तार किया है।

# अभाविप के आंदोलन का असर डीयू में एक वर्षीय पीजी पाठ्यक्रमों की सीटें दोगुनी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के छात्रहित में किए गए आंदोलन का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने एक वर्षीय परास्नातक (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीटों की संख्या दोगुनी करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से अधिक संख्या में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

विश्वविद्यालय द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति ने विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के बाद एक वर्षीय पीजी पाठ्यक्रमों में सीटें बढ़ाने की सिफारिश की थी। समिति की अनुशंसा को स्वीकार करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सीटों की संख्या दोगुनी करने का फैसला लिया। साथ ही, कॉलेजों को उनकी आवश्यकता और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार सीटों में अतिरिक्त वृद्धि करने की अनुमति भी दी गई है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए अभाविप ने इसे छात्रहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। संगठन का कहना है कि सीटों में बढ़ोतरी से अधिक योग्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में प्रवेश का अवसर मिलेगा और विश्वविद्यालय में प्रवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी। अभाविप के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि परिषद के आंदोलन के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा एक वर्षीय परास्नातक पाठ्यक्रमों में सीटें बढ़ाने का निर्णय छात्र समुदाय की बड़ी जीत है।

उन्होंने कहा कि स्थापना काल से ही अभाविप 'ठीक करेंगे तीन काम 'प्रवेश, परीक्षा और परिणाम' के ध्येय के साथ कार्य कर रही है। दिल्ली विश्वविद्यालय का यह निर्णय योग्य छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के अवसरों का विस्तार करेगा। उल्लेखनीय है कि 17 जुलाई को अभाविप ने इस मांग को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष व्यापक प्रदर्शन किया था। आंदोलन के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने मामले पर विचार करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया, जिसकी सिफारिशों के आधार पर अब यह निर्णय लिया गया है।

# मोमबत्ती फैक्टरी में लगी भीषण आग, कड़ी मशक्कत के बाद पाया जा सका काबू

■ आग की तपिश आसपास के घरों में पहुंचने से मची अफरा-तफरी

हरियाणा मेल, एजेंसी



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद में थाना सदर कोतवाली क्षेत्र के बुध बाजार स्थित मोहल्ला सागर सराय में बनी मोमबत्ती फैक्टरी और उसके गोदाम में बीती देर रात्रि शुक्रवार को आग की भीषण लपटें उठने लगी। देखते ही देखते आग इतनी तेजी से फैली की जिसने फैक्टरी और गोदाम को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। आग की तपिश और धुआं आस पास के घरों में पहुँचने लगा। इससे क्षेत्र में काफी अफरा तफरी मच गई।

घटना की सूचना पर दमकल कर्मी व फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बिना देर किए पहुंच गई। वहीं जिला प्रशासन, पुलिस एवं अग्निशमन विभाग ने तत्काल प्रभाव से राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया। आग की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय स्तर पर सभी उपलब्ध फायर टेंडरों को तत्काल घटनास्थल पर लगाया गया। फायर सर्विस, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों ने पूरी रात लगातार अभियान चलाकर आग को फैलने से रोका तथा आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित रखा। आग इतनी भयावह थी कि मौके पर 50 से अधिक फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का पानी आग बुझाने में लग गई। इस दौरान प्रशासन की त्वरित सक्रियता, बेहतर समन्वय और लगातार चले संयुक्त अभियान के परिणामस्वरूप आग पर सुबह करीब 10 बजे तक काबू पाया जा सका। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जिलाधिकारी डा राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि सभी विभागों के बेहतर समन्वय, त्वरित निर्णय और प्रभावी कार्रवाई के कारण स्थिति को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया है तथा किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# मुख्यमंत्री ने दिल्ली लक्ष्मी योजना की शुरूआत की, पोर्टल का किया शुभारंभ

हरियाणा मेल, एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली लक्ष्मी योजना की आधिकारिक शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने पूर्वी दिल्ली स्थित जिलाधिकारी कार्यालय (डीएम ऑफिस) में आयोजित कार्यक्रम में योजना के ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल का शुभारंभ किया।

इस योजना के माध्यम से पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यह योजना आर्थिक सहायता से आगे बढ़कर महिलाओं को बचत, डिजिटल वित्तीय समावेशन, सामाजिक सुरक्षा और दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता से जोड़ने वाला देश का एक अभिनव मॉडल बनेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण का जो संकल्प लिया था, आज उसे धरातल पर उतार रही है। उन्होंने बताया कि दिल्ली मंत्रिमंडल द्वारा इस योजना को महिला समृद्धि योजना के नाम से स्वीकृति प्रदान की गई थी, बाद में महिलाओं के सम्मान, समृद्धि एवं आर्थिक सशक्तीकरण की व्यापक भावना को ध्यान में रखते हुए इसका नाम बदलकर दिल्ली लक्ष्मी योजना रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रारंभिक चरण में यह योजना तीन वर्षों के लिए लागू की जाएगी और इससे लगभग 17 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा। योजना के माध्यम से पात्र महिलाओं को प्रत्येक माह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ भविष्य के लिए आर्थिक बचत भी सुनिश्चित कर सकेंगी।

उन्होंने बताया कि योजना को पारंपरिक नकद सहायता योजनाओं से अलग स्वरूप दिया गया है। लाभार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार दो वित्तीय विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे। पहले विकल्प में प्रत्येक माह 1,000 रुपये सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी वॉलेट में उपलब्ध होंगे, जिनका उपयोग दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किया जा सकेगा, जबकि शेष 1,500 रुपये आरडी एवं एफडी में जमा होंगे। दूसरे विकल्प में संपूर्ण 2,500 रुपये प्रतिमाह आरडी एवं एफडी में जमा किए जाएंगे, जिससे समय के साथ ब्याज सहित पर्याप्त बचत तैयार होगी।

### तकनीक व डिजिटल व्यवस्था पर लागू होगी योजना

रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली लक्ष्मी योजना पूरी तरह से तकनीक आधारित और डिजिटल व्यवस्था पर संचालित होगी। इसके लिए लॉन्च किया गया डीएलवाई पोर्टल आवेदन, दस्तावेज वेरीफीकेशन, पात्रता परीक्षण, अनुमोदन, पीएफएमएस एकीकरण, बैंकिंग सेवाएं, सीबीडीसी ट्रांसफर और एसएमएस जैसी सभी सेवाओं को एकीकृत करेगा। इससे पूरी प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी। प्रत्येक आवेदन को स्वीकृति से पूर्व चार स्तरों की जांच एवं अनुमोदन प्रक्रिया से गुजरना होगा। सबसे पहले डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट आवेदन की जांच करेगा। इसके पश्चात डिस्ट्रिक्ट विमेन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट ऑफिसर द्वारा सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद डिस्ट्रिक्ट लेवल अप्रूवल, मॉनीटरिंग और ग्रीवेंस रिड्रेसल कमिटी आवेदन की समीक्षा एवं अनुमोदन करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना में केवल वास्तविक पात्र लाभार्थियों को ही सहायता मिले, इसके लिए आधार सत्यापन, दिल्ली मतदाता पंजीकरण, वार्षिक आय, परिवार का विवरण, बिजली की खपत, वाहन स्वामित्व, पेंशन, सरकारी सेवा का रिकॉर्ड एवं अन्य निर्धारित मानकों के आधार पर विस्तृत जांच की जाएगी। किसी भी प्रकार की गलत जानकारी या धोखाधड़ी पाए जाने पर सहायता राशि की वसूली तथा आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के अंतर्गत परिवार की सबसे वरिष्ठ पात्र महिला आवेदन कर सकेगी।

## इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से कारों की सिक्योरिटी तोड़कर चुराता था वाहन, गिरफ्तार

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने वाहन चोरी के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक वाहन चोर और चोरी की गाड़ियां ठिकाने लगाने वाले एक रिसीवर को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों के कब्जे से चार चोरी की कारें बरामद की गई हैं। इनमें दो कारों पर फर्जी नंबर प्लेट लगी मिलीं, जबकि एक कार के चेसिस और इंजन नंबर से भी छेड़छाड़ की गई थी। पुलिस का दावा है कि मुख्य आरोपित इलेक्ट्रॉनिक टैबलेट और अत्याधुनिक डिवाइस की मदद से कारों की सुरक्षा प्रणाली को चंद मिनटों में बाईपास कर डुप्लीकेट चाबी तैयार करता था और वाहन चोरी कर लेता था। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मेरठ (उप्र) निवासीराशिद उर्फ काला (34) और कैथल (हरियाणा) निवासीविनय (29) के रूप में हुई है।

# राष्ट्रमंडल खेल: पैरा शॉटपुट एफ57 में भारत का डबल पोडियम, सोमन राणा ने जीता स्वर्ण, शुभम को रजत

### भारत ने पांच स्वर्ण पदक के साथ अब तक जीते कुल 23 पदक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल 2026 के नौवें दिन शुक्रवार को भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल छह पदक अपने नाम किए। इसके साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या 23 हो गई और वह पदक तालिका में 10वें स्थान पर पहुंच गया। दिन की शुरूआत जूडो से हुई, जहां अस्मिता डे ने महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में जूडो में भारत का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इसके कुछ ही देर बाद हर्ष सिंह ने पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण जीतकर जूडो में भारत की ऐतिहासिक सफलता को आगे बढ़ाया।



हरियाणा मेल, एजेंसी

**ग्लासगो।** राष्ट्रमंडल खेल में भारतीय पैरा एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को पुरुषों की शॉटपुट एफ57 स्पर्धा में ऐतिहासिक डबल पोडियम हासिल किया। सोमन राणा ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि शुभम जुयाल ने रजत पदक अपने नाम किया। कैमरून के सेड्रिक इद्रिस लेकेजो अजामद्जी 12.57 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। यह राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में पुरुषों की शॉटपुट एफ57 स्पर्धा में भारत का पहला स्वर्ण पदक है। साथ ही इस स्पर्धा में पहली बार भारत के दो खिलाड़ियों ने एक साथ पोडियम पर जगह बनाई।

10 खिलाड़ियों की प्रतियोगिता में सभी एथलीटों को छह-छह प्रयास मिले। भारतीय खिलाड़ियों में सबसे पहले शुभम जुयाल ने अपना अभियान शुरू किया और पहले ही प्रयास में 13.08 मीटर की दूरी तय कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। उनका अंतिम प्रयास 13.28 मीटर रहा, जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साबित हुआ। हालांकि, इसके बाद मैदान में उतरे सोमन राणा ने दूसरे प्रयास में 13.40 मीटर का शानदार थ्रो कर शुभम को पीछे छोड़ दिया और स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। इसके बाद कोई भी खिलाड़ी उनके प्रदर्शन को पार नहीं कर सका। ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में यह भारत का तीसरा स्वर्ण पदक है, जबकि शुभम जुयाल देश के सातवें रजत पदक विजेता बने।

### जदुमणि सिंह ने मुक्केबाजी में जीता रजत पदक

**ग्लासगो।** भारत के मुक्केबाज जदुमणि सिंह मांडेंगबाम ने राष्ट्रमंडल खेल में शनिवार को पुरुषों के 55 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में उन्हें ऑस्ट्रेलिया के जाय डिक्सन के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद भारतीय मुक्केबाज को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज जदुमणि ने मुकाबले की शुरूआत आक्रामक अंदाज में की लेकिन लंबे कद के ऑस्ट्रेलियाई मुक्केबाज डिक्सन ने सटीक सीधे जैब और प्रभावी काउंटर पंचों के



दम पर बढ़त बनाई। पहले राउंड में जदुमणि ने कड़ी टक्कर दी और तीन जजों ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया, जिससे मुकाबला रोमांचक बना रहा। दूसरे राउंड में डिक्सन ने शानदार वापसी की। उन्होंने बेहतरीन फुटवर्क और रक्षात्मक रणनीति के साथ जदुमणि के हमलों को विफल किया और लगातार सटीक पंच लगाते हुए सभी पांच जजों का समर्थन हासिल कर लिया।

इस राउंड के बाद मुकाबले की बढ़त ऑस्ट्रेलियाई मुक्केबाज के पक्ष में चली गई। निर्णायक तीसरे राउंड में जदुमणि ने आक्रामक रुख अपनाया और कई प्रभावी राइट क्रॉस तथा जैब लगाए। हालांकि, डिक्सन ने संयम बनाए रखा और सही समय पर जवाबी हमले करते हुए निर्णायक बढ़त कायम रखी। अंतिम क्षणों में जदुमणि ने वापसी की भरपूर कोशिश की लेकिन ऑस्ट्रेलियाई मुक्केबाज ने मुकाबले पर अपनी पकड़ नहीं छोड़ी।

### प्रीति और जैसमीन ने मुक्केबाजी में जीते स्वर्ण

**ग्लासगो।** राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। शनिवार को प्रीति और जैसमीन लांबोरिया ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत की झोली में दो और गोल्ड डाल दिए। दोनों भारतीय मुक्केबाजों ने फाइनल में एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की। विश्व नंबर-3 प्रीति ने महिलाओं के 54 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में कनाडा की स्कारलेट सवाना डेलगाडो को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

मुकाबले की शुरूआत से ही प्रीति ने अपनी तेज गति, सटीक पंच और शानदार टाइमिंग से कनाडाई मुक्केबाज पर दबाव बनाए रखा। पांचों जजों ने तीनों राउंड में प्रीति को 30-27 के समान स्कोर से विजेता घोषित किया।दूसरे राउंड में प्रीति के लगातार सटीक प्रहारों के कारण डेलगाडो नॉकडाउन भी हुईं। अंतिम राउंड में कनाडाई मुक्केबाज ने वापसी की कोशिश की, लेकिन प्रीति ने संयम बनाए रखते हुए दूरी का बेहतरीन इस्तेमाल किया और साफ-सुथरे पंच लगाकर मुकाबला पूरी तरह अपने नियंत्रण में रखा।

प्रीति का पूरे टूर्नामेंट में प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। उन्हें सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला था, जहां उन्होंने जाम्बिया की कैथरीन म्वापे को भी 5-0 से हराया था। उस मुकाबले में उन्होंने प्रतिद्वंद्वी को तीन बार 'स्टैंडिंग काउंट' पर पहुंचाकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं, विश्व नंबर-1 जैसमीन लांबोरिया ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में गत चैंपियन माइकेला वॉल्श (उत्तरी आयरलैंड) को भी 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।पहले राउंड में मुकाबला कड़ा रहा और दो जजों ने वॉल्श को बढ़त दी, जबकि तीन जजों ने जैसमीन के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद भारतीय मुक्केबाज ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे राउंड से मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया। उन्होंने सटीक कॉम्बिनेशन पंचों से सभी पांच जजों का समर्थन हासिल किया और तीसरे राउंड में भी अपना दबदबा कायम रखते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। जैसमीन ने सेमीफाइनल में लेसोथो की रापेलांग मासेलेला को एकतरफा मुकाबले में हराया था।

## 11 व 12 अगस्त को होंगे प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के ट्रायल

- बालक एवं बालिका अधिकतम पांच स्पर्धाओं में ही प्रतिभाग कर सकेंगे : क्रीडाधिकारी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**मुरादाबाद।** खेल विभाग एवं प्रदेशीय क्रीडा संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक-बालिका तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 16 अगस्त तक अयोध्या में किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए मुरादाबाद जनपद व मुरादाबाद मंडल की टीम का चयन नेता जी सुभाषचंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम रामगंगा विहार मुरादाबाद में ट्रायल के माध्यम से होगा।



इसके लिए 11 अगस्त को जिला स्तरीय जबकि मंडलीय ट्रायल 12 अगस्त को होंगे। प्रतियोगिता में फ्री स्टाइल 50, 200 व 400 मीटर, बैक स्ट्रोक 50, 100 व 200 मीटर, ब्रेस्ट स्ट्रोक 50, 100 व 200 मीटर, बटरफ्लाई स्ट्रोक 50, 100 व 200 मीटर, व्यक्तिगत मेडले 200 मीटर, फ्री स्टाइल रिले चार गुणा 100 मीटर तथा मेडले रिले चार गुणा 100 मीटर स्पर्धाएं आयोजित होंगी। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने शनिवार बताया कि प्रत्येक बालक एवं बालिका अधिकतम पांच स्पर्धाओं में ही प्रतिभाग कर सकेंगे। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आधार कार्ड एवं जन्मतिथि प्रमाण-पत्र लाना होगा।

## डीपीएल 2026: अनुज रावत का शतक बेकार, सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने चार विकेट से जीता पहला मुकाबला

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 का आगाज अरुण जेटली स्टेडियम में शुक्रवार रात रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ, जहां सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने अनुज रावत के शानदार शतक पर पानी फेरते हुए पुरानी दिल्ली 6 को चार विकेट से हरा दिया।

मुकाबले से पहले मशहूर गायक सुखबीर सिंह और सुनंदा शर्मा के रंगारंग कार्यक्रम ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पुरानी दिल्ली 6 की शुरूआत बेहद खराब रही और टीम पांच ओवर के भीतर 30 रन पर तीन विकेट गंवा बैठी। इसके बाद कप्तान अनुज रावत और देव लाकड़ा ने चौथे



विकेट के लिए 132 रन की शानदार साझेदारी कर टीम को संकट से उबारा। देव लाकड़ा ने 37 गेंदों में 53 रन की संयमित पारी खेली, जबकि अनुज रावत ने कप्तानी पारी खेलते हुए 59 गेंदों में नाबाद 105 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और पांच छक्के लगाए। 99 रन पर जीवनदान मिलने के बाद अगली ही गेंद पर उन्होंने इस सत्र का पहला शतक पूरा किया। उनकी बदौलत पुरानी दिल्ली 6 ने 20 ओवर में चार विकेट पर 202 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। 203 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने आक्रामक शुरूआत की। कप्तान यश धुल और सिद्धार्थ जून ने पहले विकेट के लिए केवल 4.5 ओवर में 65 रन जोड़ दिए। जून 14 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए, जबकि युगल सैनी ने 16 गेंदों में 22 रन का योगदान दिया। यश धुल ने शानदार बल्लेबाजी जारी रखते हुए 45 गेंदों में 72 रन की कप्तानी पारी खेली। उनके आउट होने के बाद वंश बेदी ने 13 गेंदों में 28 रन बनाकर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया।

### अंतिम ओवरों में रोमांचक हो गया मुकाबला

अंतिम ओवरों में मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया। केशव दाबस ने दबाव में शानदार बल्लेबाजी करते हुए पेनल्टिमेट ओवर की आखिरी दो गेंदों पर लगातार दो चौके जड़कर समीकरण अंतिम ओवर में तीन रन का कर दिया। इसके बाद जसवीर सहरावत ने विजयी रन बनाकर सेंट्रल दिल्ली किंग्स को चार विकेट से शानदार जीत दिला दी और टीम ने डीपीएल 2026 में विजयी शुरूआत की।

कॉमनवेल्थ गेम्स में सागर की यामिनी मौर्य का कमाल

## जूडो में रजत पदक जीतकर बढ़ाया देश का गौरव

हरियाणा मेल, एजेंसी

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर की जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत की झोली में रजत पदक डाल दिया। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित प्रतियोगिता में महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल तक पहुंचने वाली यामिनी ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार खेल का प्रदर्शन किया। हालांकि खिताबी मुकाबले में उन्हें इंग्लैंड की एसेलिया टोपराक के हाथों करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा और वे स्वर्ण पदक से मामूली अंतर से चूक गईं।

शुक्रवार देर रात खेले गए फाइनल मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों




के बीच शुरूआत से अंत तक कड़ा संघर्ष देखने को मिला। यामिनी ने गोल्ड मेडल के लिए पूरा दमखम लगाया, लेकिन इंग्लैंड की खिलाड़ी निर्णायक क्षणों में बढ़त बनाने में सफल रहीं। इसके साथ ही यामिनी ने रजत पदक अपने नाम कर भारत का गौरव बढ़ाया। बताया गया है कि प्रतियोगिता से पहले यामिनी को स्वर्ण पदक जीतने का पूरा विश्वास था।

## ताइपे ओपन के फाइनल में पहुंची तन्वी शर्मा

हरियाणा मेल, एजेंसी

**ताइपे।** भारत की उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ताइपे ओपन 2026 के महिला एकल फाइनल में जगह बना ली है।

शनिवार को सेमीफाइनल में उन्होंने मेजबान चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त हुआंग यू-ह्सुन को सीधे गेमों में 21-17, 21-11 से हराकर खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया। विश्व नंबर 34 तन्वी ने महज 33 मिनट में मुकाबला अपने नाम किया। क्वार्टर फाइनल की तुलना में इस बार उन्होंने कहीं अधिक प्रभावशाली खेल दिखाया और मेजबान खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। अब रविवार को फाइनल में उनका सामना वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से होगा। पिछले दो वर्षों में तन्वी ने



अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन में तेजी से अपनी पहचान बनाई है। वह 2024 बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही थीं।इसके अलावा उन्होंने 2024 बॉन इंटरनेशनल और 2025 डेनमार्क चैलेंज का खिताब जीता, जबकि 2025 ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 और गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 में उपविजेता रहीं। यह उनके करियर का चौथा बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल और दूसरा सुपर 300 फाइनल होगा। वहीं पुरुष एकल में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। भारत के अंतिम उम्मीद किरण जॉर्ज को क्वार्टर फाइनल में जापान के चौथी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोटो ने 21-12, 21-10 से हराकर बाहर कर दिया। इससे पहले पुरुष युगल में भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरु की जोड़ी पहले दौर में ही बाहर हो गई थी, जबकि एच.एस. प्रणय प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे।

### मुरादाबाद के चाइनामैन गेंदबाज शिवांग कुमार का भारतीय क्रिकेट टीम में चयन

हरियाणा मेल, एजेंसी

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद महानगर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित चंदन नगर निवासी चाइनामैन गेंदबाज शिवांग कुमार का चयन भारतीय क्रिकेट टीम में बतौर नेट बॉलर हुआ है। शिवांग आगामी श्रीलंका दौरे पर टीम इंडिया के बल्लेबाजों को अपनी गेंदबाजी से अभ्यास कराएंगे।एमपीएस क्रिकेट एकेडमी के कोच मिर्जा दानिश आलम ने शनिवार को बताया कि भारतीय टीम अगले महीने श्रीलंका दौरे पर जाएगी। जहां दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। पहला टेस्ट 15 और दूसरा 23 अगस्त को होगा। शिवांग कुमार मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) से अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23, रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जैसे प्रमुख टूर्नामेंट खेल चुके हैं।

## स्कॉट एडवर्ड्स ने छोड़ी नीदरलैंड की कप्तानी, बास डी लीडे बने नए कप्तान

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने चार साल तक टीम की कमान संभालने के बाद कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। इस फैसले की पुष्टि रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन (केएनसीबी) ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो के जरिए की।

अब हरफनमौला खिलाड़ी बास डी लीडे ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग-2 के शेष मुकाबलों में टीम की कप्तानी करेंगे।

अपने साथियों को संबोधित करते हुए 29 वर्षीय एडवर्ड्स ने कहा कि यह फैसला उन्होंने मुख्य कोच रयान कुक और टीम प्रबंधन के साथ लंबे विचार-विमर्श के बाद लिया है।



एडवर्ड्स ने कहा, माफ कीजिए कि मैं यह फैसला अचानक बता रहा हूं। मैं अब टीम की कप्तानी छोड़ रहा हूं। पिछले कुछ समय से मेरी और कोच रयान कुक के बीच इस बारे में चर्चा चल रही थी और कई लोगों से भी बात हुई। मुझे लगता है कि यही सही समय है। मेरा मानना है कि एक खिलाड़ी के रूप में मैं टीम को अभी बहुत कुछ दे सकता हूं और आगे भी यही मेरा लक्ष्य रहेगा। यह टीम बेहद खास है और मुझे विश्वास है कि हमारे सामने अपार संभावनाएं हैं। आने वाले समय को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं।

एडवर्ड्स ने जून 2022 में नीदरलैंड की कप्तानी संभाली थी। उनके नेतृत्व में टीम ने 56 एकदिवसीय और 50 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में 2023 वनडे विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश पर ऐतिहासिक जीत शामिल रही। वहीं, 2022 टी20 विश्वकप में एडिलेड में दक्षिण अफ्रीका को हराकर नीदरलैंड ने बड़ा उलटफेर करते हुए प्रोटियाज टीम को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

नए कप्तान बास डी लीडे ने एडवर्ड्स के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, अगर मैं पूरी टीम की ओर से कहूं तो आपने हमें कई यादगार मुकाबलों में नेतृत्व दिया। इसके लिए आपका धन्यवाद। जब कभी हममें से कुछ खिलाड़ियों को खुद पर या टीम पर भरोसा नहीं होता था, तब भी आपने अपने नेतृत्व और स्पष्ट योजनाओं से हममें विश्वास जगाया। आपने मुझे एक खिलाड़ी के रूप में अपनी क्षमता पर पहले से कहीं अधिक भरोसा करना सिखाया।

# BUSINESS

## सर्राफा बाजार में सोने की बढ़ी चमक, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 250 रुपये प्रति 10 ग्राम लेकर 270 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है।

कीमत में हुए बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,44,610 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,44,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,32,560 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,32,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,34,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,44,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर




पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,44,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,44,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,610 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,44,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,32,560 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,44,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## सस्ता हुआ 19 किलो वाला कमर्शियल गैस सिलेंडर, जेट फ्यूल की कीमत में बढ़ोतरी

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने आज गैस उपभोक्ताओं को राहत देते हुए 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर को सस्ता कर दिया। दूसरी ओर, हवाई यात्रियों पर महंगाई का बोझ डालते हुए एवियेशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी जेट फ्यूल की कीमत में बढ़ोतरी कर दी। इन दोनों उत्पादों के अलावा अन्य किसी भी पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एलपीजी गैस के मामले में भी सिर्फ कमर्शियल गैस सिलेंडर के भाव में कटौती की गई है, घरेलू उपयोग में आने वाले 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर (रसोई गैस) के भाव में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

अगस्त के पहले दिन देश की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलोग्राम वजन वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में



कटौती कर दी है। इस कटौती के बाद आज से देश के अलग-अलग राज्यों में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर 192 रुपये से लेकर 209 रुपये तक सस्ता हो गया है। कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में सबसे कम 192 रुपये की कटौती दिल्ली में की गई है, जबकि कोलकाता में सबसे अधिक 209 रुपये की कटौती हुई है।

ऑयल मार्केटिंग कंपनी के अनुसार, कीमत में की गई कटौती के बाद दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर 192 रुपये सस्ता होकर 2,930 रुपये की जगह 2,738 रुपये के भाव पर मिलने लगा है। इसी तरह मुंबई में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर 194 रुपये सस्ता होकर 2,885.50 की जगह 2,691.50 रुपये के भाव पर मिल रहा है। कोलकाता में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 209 रुपये की कटौती हुई है। कोलकाता में आज से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी गैस सिलेंडर 3,081.50 रुपये की जगह 2,872.50 रुपये के भाव पर मिल रहा है। इसके अलावा चेन्नई में कमर्शियल गैस सिलेंडर 200 रुपये सस्ता होकर 3,106 रुपये की जगह 2,906 रुपये के स्तर पर आ गया है। दिल्ली से सटे एनसीआर रीजन की बात करें तो नोएडा में कमर्शियल गैस सिलेंडर 192 रुपये सस्ता होकर 2,930 रुपये की जगह 2,738 रुपये की कीमत पर मिल रहा है, जबकि गुरुग्राम में 19 किलोग्राम वाला एलपीजी गैस सिलेंडर 192.50 रुपये सस्ता होकर 2,947.50 रुपये की जगह 2,755 रुपये के भाव पर मिल रहा है।गैस सिलेंडर के सस्ता होने से रेस्टोरेंट, ढाबा या कैटरिंग सर्विस चलाने वाले कमर्शियल श्रेणी के उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। एलपीजी गैस की कीमत में यह कटौती सिर्फ कमर्शियल श्रेणी वाले सिलेंडर में ही की गई है। घरेलू उपयोग में आने वाले 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर (रसोई गैस) के भाव में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एक ओर तो कमर्शियल गैस सिलेंडर के भाव में कटौती की गई है।

## जुलाई में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन में 15.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी

### 2.11 लाख करोड़ से अधिक कलेक्शन

हरियाणा मेल, एजेंसी

**नई दिल्ली।** जुलाई के महीने में गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) का कलेक्शन वार्षिक आधार पर 15.40 प्रतिशत बढ़ कर 2.11 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया। मौजूदा वित्त वर्ष 2026-27 में दूसरी बार ग्रॉस गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन दो लाख करोड़ रुपये के स्तर से अधिक हुआ है। इसके पहले अप्रैल के महीने में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन लगभग 2.43 लाख करोड़ रुपये हुआ था, जो अभी तक जीएसटी कलेक्शन का ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड है।

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार पिछले साल जुलाई के महीने में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 1.83 लाख करोड़ रुपये रहा था। इसी तरह साल 2026 में जुलाई के पूर्ववर्ती महीने की बात की जाए तो जून 2026 में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 1.95 लाख करोड रुपये का था। इस तरह जुलाई 2026 में




वार्षिक और मासिक दोनों आधार पर ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन में बढ़ोतरी हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2026 में इंपोर्ट के मद में जीएसटी कलेक्शन 28.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 66,511 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह डोमेस्टिक ट्रांजेक्शन से होने वाला जीएसटी कलेक्शन भी 10.10 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1.45 लाख के स्तर पर पहुंच गया। वित्त मंत्रालय की और से आज जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार इस साल जुलाई के महीने में कलेक्ट हुए कुल जीएसटी का आंकड़ा 2,11,205 करोड़ रुपये का रहा। इस महीने के दौरान सेंट्रल गुड्स एंड सर्विस टैक्स (सीजीएसटी) से 39,835 करोड़ रुपये का कलेक्शन हुआ।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई स्कूल शिक्षा विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

# स्मार्ट कक्षाएं, एआई-आधारित शिक्षा और अत्याधुनिक लैब्स से लैस होंगे प्रदेश के सरकारी स्कूल: नायब सैनी

- **हरियाणा सरकार का बड़ा निर्णय: प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किए जाएंगे 150 राजकीय विद्यालयों के नए भवन**
- **719 उत्कृष्ट विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश**

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार राजकीय स्कूलों में शिक्षा का स्तर सुधारने और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में राज्य में 150 राजकीय विद्यालयों के नए भवन विकसित किए जाएंगे, जो पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होंगे। इन विद्यालयों के डिजाइन एवं निर्माण के लिए देश के अग्रणी राज्यों एवं प्रतिष्ठित संस्थानों के श्रेष्ठ मॉडल और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन का सहयोग लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री शुक्रवार देर शाम चंडीगढ़ स्थित अपने सरकारी निवास 'संत कबीर कुटीर' में स्कूल शिक्षा विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**719 उत्कृष्ट विद्यालयों के समग्र विकास पर मंथन**

बैठक के दौरान राज्य में गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष रूप से प्रदेश के 719 उत्कृष्ट विद्यालयों—जिनमें संस्कृति मॉडल स्कूल, मुख्यमंत्री अर्ली इंग्लिश एंड एक्सीलेंस स्कूल तथा पीएम श्री विद्यालय शामिल हैं—के समग्र विकास और सुदृढ़ीकरण पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी विद्यालयों में आवश्यक आधारभूत ढांचा और सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नए भवनों का निर्माण, अतिरिक्त कक्षाएं, पृथक शौचालय, मजबूत चारदीवारी, खेल के मैदान, विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, डिजिटल लैब, स्मार्ट कक्षाएं, पुस्तकालय, नया फर्नीचर, टैबलेट तथा अन्य आधुनिक शिक्षण संसाधन समय पर उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और सभी निर्माण कार्य शीघ्र पूरे किए जाएं।

**आधुनिक तकनीक और एआई आधारित होगी शिक्षा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय विद्यालयों का कायाकल्प करते हुए उनमें उच्च गुणवत्ता का फर्नीचर, डिजिटल एवं स्मार्ट क्लासरूम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित शिक्षण सुविधाएं, व्यावसायिक शिक्षा, अत्याधुनिक विज्ञान-कंप्यूटर प्रयोगशालाएं और डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि ये विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के उत्कृष्ट केंद्र बनें। ये 150 नए और 719 उत्कृष्ट विद्यालय राज्य के अन्य सभी स्कूलों के लिए प्रेरणास्रोत और रोल मॉडल के रूप में स्थापित होंगे। उन्होंने अधिकारियों को इस महत्वाकांक्षी योजना को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित कर हरियाणा को विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने का आह्वान किया।

**शिक्षकों का प्रोत्साहन और स्वच्छता पर विशेष बल**

बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने भी अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में पठन-पाठन का माहौल बेहतर बनाने के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को चिन्हित कर उन्हें प्रोत्साहित और सम्मानित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने सभी सरकारी स्कूलों में स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था और सफाई के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने मुख्यमंत्री को जारी विकास परियोजनाओं और आगामी कार्ययोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट सौंपी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया, मुख्यमंत्री के डिप्टी प्रिंसिपल सेक्रेटरी यशपाल यादव, माध्यमिक शिक्षा के महानिदेशक जितेंद्र दहिया, निदेशक श्रीमती मनिता मलिक, शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक स्वपनिल रवींद्र पाटिल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

शीलू बल्हारा की पत्नी मौत केस में नया मोड़

# पति समेत चार पर केस



- **डीएसपी बोले, मामले की गहनता से की जा रही जांच पड़ताल**

हरियाणा मेल, एजेंसी

**रोहतक।** गांव बहु अकबरपुर निवासी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शीलू बल्हारा की पत्नी मुस्कान की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में नया मोड़ सामने आया है। पुलिस ने मृतका के पिता के बयान पर उसके पति शीलू बल्हारा समेत परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शीलू बल्हारा की पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों हुई मौत के मामले में जांच के लिए अलग से टीम बनाई गई है। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि मुस्कान ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी हत्या की गई है। परिजनों के आरोपों के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। महम के डीएसपी तनुज शर्मा ने बताया कि मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसे मृतका के मायके वालों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# कॉमनवेल्थ गेम्स: बॉक्सिंग में हरियाणा का दबदबा, सात मुक्केबाज फाइनल में

- **मुख्यमंत्री बोले, हरियाणा ने हमेशा ही देश का मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया है ऊंचा**

हरियाणा मेल, एजेंसी

**चंडीगढ़।** कॉमनवेल्थ खेलों की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हरियाणा के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दबदबा कायम रखा है। भारत के 10 फाइनलिस्ट मुक्केबाजों में से सात हरियाणा के हैं। सभी अब स्वर्ण पदक के लिए रिंग में उतरेंगे। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाने का आह्वान किया है।

पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच 60 किलोग्राम भार वर्ग, अंकुश पंघाल 80 किलोग्राम भार वर्ग, नरेंद्र बेरवाल 90 से ज्यादा किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक के लिए रिंग में उतरेंगे। वहीं, महिला वर्ग में साक्षी चौधरी 51 किलोग्राम भार वर्ग, प्रीति पंवार 54 किलोग्राम भार वर्ग, जैस्मिन लांबोरिया 57 किलोग्राम भार वर्ग, और प्रिया घनघस 60 किलोग्राम भार वर्ग में फाइनल मुकाबलों में भारत की चुनौती पेश करेंगी।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाया है और उन्हें विश्वास है कि सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर भारत की पदक तालिका को और मजबूत करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की खेल नीति और खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का परिणाम है कि प्रदेश के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि फाइनल मुकाबलों में भी हरियाणा के मुक्केबाज स्वर्णिम सफलता हासिल कर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे।

**मुख्यमंत्री ने रजत पदक जीतने पर नीरज चोपड़ा को दी बधाई**

ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ ग्रेम्स में पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में हरियाणा के लाल नीरज चोपड़ा के रजत पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीरज ने एक बार फिर अपने शानदार खेल से पूरे विश्व में हरियाणा का नाम रोशन किया है और भारत का गौरव बढ़ाया है। आपका अद्भुत जज्बा, अनुशासन और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा है।

# हरियाणा: अब मेरिट से मिलेगी एक्सीलेंस स्कूलों में पोस्टिंग

हरियाणा मेल, एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राजकीय मॉडल संस्कृति, पीएमश्री और मुख्यमंत्री अर्ली इंग्लिश एंड एक्सीलेंस (सीएमईईई) विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। नई शिक्षक स्थानांतरण नीति-2026 के तहत अब नियुक्तियां पारंपरिक वरिष्ठता या सामान्य ट्रांसफर के आधार पर नहीं, बल्कि 100 अंकों की मेरिट आधारित स्क्रीनिंग प्रक्रिया से होंगी। इस प्रक्रिया में 40 अंक (कुछ श्रेणियों के लिए 30) शैक्षणिक योग्यता के और 60 अंक स्क्रीनिंग परीक्षा के होंगे, जिससे योग्य और प्रतिभाशाली शिक्षकों को प्राथमिकता मिलेगी।

शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उत्कृष्ट विद्यालयों में वही शिक्षक तैनात होंगे जो स्क्रीनिंग प्रक्रिया में सफल होंगे, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। यदि दो अभ्यर्थियों के अंक समान होते हैं तो स्क्रीनिंग परीक्षा में अधिक अंक पाने वाले को वरीयता दी जाएगी, और फिर भी बराबरी होने पर अधिक आयु वाले शिक्षक को प्राथमिकता मिलेगी।

नई नीति के अनुसार, स्क्रीनिंग टेस्ट पास करने से किसी विशेष विद्यालय में स्वतः नियुक्ति का अधिकार नहीं मिलेगा। शिक्षकों को उनकी मेरिट, वरीयता और उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर ऑनलाइन स्कूल आवंटित किए जाएंगे। स्क्रीनिंग के जरिए तैनात शिक्षक एक ही विद्यालय में अधिकतम 10 वर्ष तक रह सकेंगे, जबकि सामान्य स्थानांतरण से आए शिक्षक 5 वर्ष तक कार्य करेंगे। स्क्रीनिंग परीक्षा की वैधता तीन वर्ष होगी और सफल अभ्यर्थियों को भविष्य की रिक्तियों के लिए पूल में रखा जाएगा।

राज्यपाल ने नशे के खिलाफ जंग सम्मेलन को संबोधित किया

# नशे के खिलाफ हर युवा बने बदलाव का वाहक, दस लोगों को नशामुक्ति अभियान से जोड़े: प्रो. घोष

- **खेलों में देश का गौरव बढ़ाने वाले युवा नशे के खिलाफ भी निभाएंगे अग्रणी भूमिका**

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने युवाओं से नशे के खिलाफ संकल्प लेने तथा समाज से इस बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक युवा युद्ध नशे विरुद्ध अभियान से जुड़ने के लिए दस अन्य लोगों को प्रेरित करे तो यह संकल्प एक सशक्त जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

राज्यपाल आज पंजाब के पटियाला स्थित राजीव गांधी राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में आयोजित "नशे के खिलाफ जंग" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और हरियाणा की प्रथम महिला श्रीमती मित्रा घोष भी मौजूद रही सम्मेलन को युवाओं के लिए आशा और निराशा के बीच सही मार्ग चुनने का संदेश बताते हुए प्रो. घोष ने कहा कि एक रास्ता स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और सफलता की ओर ले जाता है, जबकि दूसरा रास्ता नशे की लत, बिखरते परिवारों और टूटते सपनों की ओर। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि देश का युवा जीवन, उद्देश्य और प्रगति का मार्ग अपनाएगा तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का अग्रदूत बनेगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन जन-जागरूकता के एक व्यापक अभियान की शुरूआत है, जिसका संदेश पंजाब से कहीं आगे तक जायेगा।

राज्यपाल ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि जब युवा बड़े सपने देखते हैं, कड़ी मेहनत करते हैं और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हैं, तो देश की प्रगति को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या युवाओं की ऊर्जा और सपनों पर सीधा प्रहार कर कमजोर बनाती है, परिवारों को तोड़ती है और समाज की बुनियाद को खोखला करती है। इसलिए नशे के खिलाफ लड़ाई केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाली एजेंसियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि परिवारों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है।

# एचटेट में मिस प्रिंट और प्रश्नों की त्रुटियां गंभीर, परीक्षार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करे सरकार: कुमारी सैलजा

- **देशभर में भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर उठ रहे सवालों के बीच हरियाणा की घटनाएं भी चिंताजनक**

हरियाणा मेल ब्यूरो

**चंडीगढ़।** सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) सदस्य कुमारी सैलजा ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2026 के प्रश्नपत्रों में मिस प्रिंट, गलत विकल्प और अन्य तकनीकी त्रुटियों के कारण हजारों परीक्षार्थियों को हुई परेशानी पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार सामने आने वाली ऐसी खामियां न केवल परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करती हैं, बल्कि वर्षों से तैयारी कर रहे युवाओं के मनोबल को भी प्रभावित करती हैं।



कुमारी सैलजा ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में नीट सहित कई भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं को लेकर विवाद तथा युवाओं के आंदोलन देखने को मिले हैं। ऐसे माहौल में सरकारों और परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा और परिणाम घोषित करने तक प्रत्येक स्तर पर पूरी सावधानी, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

कुमारी सैलजा ने कहा कि एचटेट-2026 में करीब 2.33 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए और अब प्रश्नपत्रों में मिस प्रिंट, गलत विकल्प तथा अन्य त्रुटियों को लेकर 18 हजार से अधिक आपत्तियां दर्ज होने की बात सामने आई है। यह संख्या अपने आप में गंभीर है। यदि विषय विशेषज्ञों की जांच में प्रश्न या विकल्प गलत पाए जाते हैं तो उससे प्रभावित किसी भी परीक्षार्थी का नुकसान नहीं होना चाहिए। बोर्ड को निष्पक्ष तरीके से उचित ग्रेस अंक देने और आपत्तियों का समयबद्ध निपटारा करने की व्यवस्था करनी चाहिए।

कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में प्रतियोगी और भर्ती परीक्षाओं को लेकर विवाद पहली बार सामने नहीं आए हैं। पूर्व में भी विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक, प्रश्नपत्र संबंधी त्रुटियों अथवा अन्य प्रशासनिक कारणों से परीक्षाएं रद्द या प्रभावित होने के मामले सामने आते रहे हैं। हिंदी लेक्चरर की परीक्षा से जुड़ा विवाद भी इसका उदाहरण रहा है। कारण चाहे पेपर लीक हो, गलत प्रश्न हों, मिस प्रिंट हो या प्रशासनिक चूक, अंततः सबसे अधिक परेशानी उस युवा को उठानी पड़ती है जो महीनों और वर्षों तक मेहनत करके परीक्षा देने पहुंचता है। सांसद ने कहा कि किसी भी मामले में जांच पूरी होने से पहले आरोप तय करना उचित नहीं है, लेकिन बार-बार होने वाली गलतियों की जवाबदेही तय करना भी उतना ही जरूरी है। सरकार को एचटेट की मौजूदा त्रुटियों की निष्पक्ष समीक्षा कर यह स्पष्ट करना चाहिए कि प्रश्नपत्र तैयार करने, प्रूफ रीडिंग और विशेषज्ञ स्तर पर जांच के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में आपत्तियां क्यों आईं। कुमारी सैलजा ने मांग की कि सरकार ऐसी स्थायी और मजबूत व्यवस्था विकसित करे जिसमें प्रश्नपत्रों की बहुस्तरीय जांच हो।

# स्कूलों में अगस्त का मिड-डे मील मेन्यू जारी

- **त्योहारों पर बनेंगे विशेष पकवान**
- **शिक्षा विभाग ने जारी की गाइडलाइन-स्वतंत्रता दिवस एवं तीज पर्व बनेंगे खास**

हरियाणा मेल ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा के राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को अगस्त माह के दौरान पोषण और स्वाद से भरपूर मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) उपलब्ध कराया जाएगा। मौलिक शिक्षा विभाग ने अगस्त माह का मिड-डे मील मेन्यू जारी कर दिया है, जिसमें संतुलित आहार के साथ त्योहारों पर विशेष व्यंजन शामिल किए गए हैं।

शिक्षा विभाग के अनुसार, मौसम में बदलाव और त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए मेन्यू में पोषण और स्वाद का विशेष संतुलन रखा गया है। विद्यार्थियों को मेन्यू में मिलेट आधारित व्यंजन, सोया खिचड़ी, मिस्सी रोटी, राजमा-चावल, कढ़ी-पकोड़ा, दाल-चावल, चना दाल खिचड़ी, मीठा दलिया तथा विभिन्न प्रकार के संतुलित एवं पौष्टिक पकवान परोसे जाएंगे।पहली अगस्त यानी शनिवार की शुरूआत मिलेट परांठा और दही के साथ हुई है।

रविवार को अवकाश रहेगा और सोमवार को सोया खिचड़ी परोसी जाएगी। 3 अगस्त को सोया खिचड़ी, 4 अगस्त को मीठा दलिया, 5 अगस्त को चावल और सफेद चना, 6 अगस्त को चना दाल खिचड़ी, 7 अगस्त को मिस्सी परांठा व दही तथा 8 अगस्त को दूसरे शनिवार और 9 अगस्त को रविवार को अवकाश रहेगा। हालांकि, 10 अगस्त को दाल-चावल, 11 अगस्त को रोटी व मूंग मसूर की दाल, 12 अगस्त को मिस्सी रोटी व मौसमी सब्जी, 13 अगस्त को मीठे मूंगफली चावल, 15 अगस्त को नमकीन दलिया बनाया जाएगा।

16 अगस्त को रविवार को अवकाश रहेगा।विभाग की ओर से विद्यालय मुखियाओं को निर्देश जारी किए गए हैं कि भोजन परोसने से पहले विद्यार्थियों के हाथ अवश्य धुलवाए जाएं तथा प्रतिदिन ताजा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, स्पष्ट किया गया है कि स्थानीय परिस्थितियों और खाद्य सामग्री की उपलब्धता के अनुसार मेनू में आवश्यकतानुसार आंशिक बदलाव किया जा सकता है।

शिक्षा विभाग का उद्देश्य मिड-डे मील योजना के माध्यम से विद्यार्थियों के पोषण स्तर में सुधार के साथ-साथ विद्यालयों में उनकी नियमित उपस्थिति और सीखने की क्षमता को भी बढ़ावा देना है। अगस्त माह के तीसरे सप्ताह में स्वतंत्रता दिवस और तीज का त्योहार आएगा। लिहाजा, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और तीज पर्व पर विशेष पकवान बनाए जाएंगे, जोकि हरियाणवीं संस्कृति से ओत-प्रोत होंगे।

# अब आयुर्वेदिक डाक्टरों को नहीं कह सकेंगे झोलाछाप या फर्जी डाक्टर

- **भारत सरकार के भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग ने लगाई रोक**

हरियाणा मेल, एजेंसी

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार ने निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि आयुर्वेदिक चिकित्सकों को झोलाछाप या फर्जी डॉक्टर जैसे अपमानजनक शब्दों से संबोधित नहीं किया जाएगा। यह पेशा उनकी प्रतिष्ठा के साथ-साथ लाखों लोगों की आस्था और भावनाओं से जुड़ा है, इसलिए ऐसे शब्दों के उपयोग पर आपत्ति जताई गई है। हरियाणा सहित देश के कई हिस्सों में आयुर्वेदिक चिकित्सकों को लेकर विवाद सामने आते रहे हैं, जबकि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ये चिकित्सक सेवाएं दे रहे हैं। आयुष मंत्रालय द्वारा आयुर्वेद को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है और युवाओं में इससे जुड़े कोर्स व उच्च शिक्षा के प्रति रुचि भी बढ़ रही है। जयपुर और पंचकूला स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थानों में विदेशी विद्यार्थी भी अध्ययन कर रहे हैं। ऐसे में सरकार आयुर्वेदिक चिकित्सकों के सम्मान को लेकर गंभीर है।



भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के अनुसार बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएसएमएस और बीएसआरएमएस जैसी डिग्री धारक, विधिवत प्रशिक्षित व पंजीकृत चिकित्सक कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त हैं। इनके खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग नियमों के विरुद्ध और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन माना जाएगा। सभी को ऐसे चिकित्सकों का सम्मान करना अनिवार्य होगा। सरकार ने चेतावनी दी है कि नियमों के उल्लंघन पर संबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों के लिए छलावा साबित हुई फसल बीमा योजना: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

- **हुड्डा का आरोप: बीमा योजना में किसानों को नुकसान, कंपनियों को भारी मुनाफा**
- **पंजीकरण में देरी और कम मुआवजे पर सरकार घिरी, तिथि बढ़ाने की मांग**

हरियाणा मेल ब्यूरो

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने फसल बीमा योजना को किसानों के साथ छलावा बताया है। उन्होंने कहा कि योजना शुरू करते समय बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन अब इसके लाभार्थी किसानों की संख्या आधी से भी कम रह गई है। हुड्डा ने आरोप लगाया कि सरकार ने खरीफ सीजन के लिए किसानों को पंजीकरण का पर्याप्त समय तक नहीं दिया।



उन्होंने कहा कि हर साल 20 से 25 जून के बीच जारी होने वाली अधिसूचना इस बार 24 जुलाई को जारी की गई, जिससे करीब 11.20 लाख किसानों को आवेदन के लिए केवल एक सप्ताह का समय मिला। हुड्डा ने दावा किया कि योजना से किसानों को लाभ के बजाय नुकसान हुआ है और निजी बीमा कंपनियों को फायदा पहुंचा है। उन्होंने बताया कि 2018-19 में योजना के तहत करीब 24 लाख किसान लाभार्थी थे, जो 2024-25 में घटकर लगभग 11 लाख रह गए हैं। उन्होंने सरकार से पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाने और लंबित मुआवजे का तुरंत भुगतान करने की मांग की। हुड्डा ने सवाल उठाया कि जब प्रीमियम की राशि बढ़ रही है तो मुआवजे की राशि लगातार क्यों घट रही है। उन्होंने कहा कि 2023-24 में बीमा कंपनियों को करीब 648 करोड़ रुपये का प्रीमियम मिला, जबकि भुगतान 265 करोड़ रुपये रहा। वहीं 2024-25 में कंपनियों को करीब 1056 करोड़ रुपये मिले, लेकिन किसानों को केवल 262 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। उन्होंने फसल नुकसान आकलन प्रक्रिया में किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की।

# केवल तीन अध्यापकों के भरोसे चल रहा माजरा का प्राथमिक स्कूल

- **एक शिक्षक एसआईआर ड्यूटी में, दूसरा मिड-डे मील के काम में व्यस्त, पढ़ाई का पूरा बोझ एक शिक्षक पर**
- **ग्रामीणों का अल्टीमेटम-सोमवार तक अतिरिक्त शिक्षक नहीं भेजे तो स्कूल पर जड़ेंगे ताला**

हरियाणा मेल, एजेंसी

**हांसी।** नारनौंद क्षेत्र के गांव माजरा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में शिक्षकों की कमी से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल में 117 विद्यार्थियों के लिए केवल तीन शिक्षक नियुक्त हैं। इनमें से एक शिक्षक एसआईआर कार्य में और दूसरा मिड-डे मील व्यवस्था में व्यस्त रहता है, जिससे पढ़ाई की जिम्मेदारी एक ही शिक्षक पर आ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि एक शिक्षक के लिए सभी कक्षाओं को संभालना संभव नहीं है। उन्होंने शिक्षा विभाग को चेतावनी दी है कि यदि सोमवार तक अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई तो स्कूल पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया जाएगा।

ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षकों की कमी को लेकर अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी जोगिंदर सिंह मलिक ने कहा कि सोमवार को डेपुटेशन के आधार पर अतिरिक्त शिक्षक भेजने की व्यवस्था की जाएगी।

मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक **ऋषि नारायण आचार्य** द्वारा स्वत्वाधिकारी शिवा पब्लिकेशन के लिए मैसर्स आर डी प्रिन्टर्स एंड पब्लिशर्स प्रा. लि., बी-48, सेक्टर-8, नोएडा गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) 201301 से मुद्रित तथा सी-2589, सुशांत लोक-1, चकरपुर गुरुग्राम हरियाणा 122001 से प्रकाशित। संपादकीय कार्यालयः द्वितीय तल आपका सिटी प्लाजा, सिविल लाईन रोड गुड़गांव। RNI No. HARHIN/2012/47672, फोन. 9990909797, Email: haryanamail.info@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गुरुग्राम न्यायालय होगा।